
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 28 फ़रवरी 2026
वर्ष 07, अंक 148, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बरकत अली अंसारी के वाद पर न्यायालय का संज्ञान, जालसाजी प्रकरण में चार्जशीट स्वीकार....03

एसरप्पोर ने लॉन्च किए 7 नए स्प्लिट इन्वर्टर एसी, 7-इन-1 कन्वर्टिबल तकनीक और ...12

# लोन गारंटर की जवाबदेही पर सुप्रीम कोर्ट का आया बड़ा फैसला



**ब्यूरो प्रयागराज।** लोग अकसर अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए लोन का सहारा लेते हैं. इसके लिए गारंटर की भी जरूरत पड़ती है.गारंटर वह इंसान होता है, जो लोन के भुगतान की गारंटी देता है. अकसर दोस्त या रिश्तेदार के लिए गारंटर बन जाने की रिक्वेस्ट आती है. भरोसा दिलाया जाता है कि यह महज एक फॉर्मेलिटी है. हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में लोन गारंटर की जवाबदेही को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है.आइए इस पर डिटेल में जानते हैं कि मामला क्या है?

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (26 फरवरी) को कहा कि Insolvency and Bankruptcy Code 2016 के तहत एक ही कर्ज के लिए मुख्य उधारकर्ता और कॉर्पोरेट गारंटर के खिलाफ एक साथ सीआईआरपी (कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया) शुरू करने पर कोई रोक नहीं है. फैसले में बताया गया कि भारतीय अनुबंध अधिनियम (भारतीय अनुबंध अधिनियम) की धारा 128 के तहत लोन पर गारंटर की भी जिम्मेदारी कर्ज लेने वाले के समान ही होती है. जस्टिस दीपांकर दत्ता और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने विष्णु कुमार अग्रवाल बनाम पीरामल एंटरप्राइजेज मामले में दिए गए एनसीएलएटी के पुराने फैसले को सही न मानते हुए खारिज कर दिया।

इसमें कहा गया था कि अगर एक ही कर्ज के लिए एक गारंटर के खिलाफ सीआईआरपी शुरू हो चुकी है, तो उसकी कर्ज के लिए दूसरे गारंटर या मुख्य उधारकर्ता के खिलाफ दूसरी याचिका दायर नहीं की जा सकती. इसे एक ही गलती की दो सजा के बराबर माना गया. कोर्ट ने कहा कि अब बैंक एक ही समय में उधारकर्ता और सभी गारंटरों के खिलाफ अलग-अलग सीआईआरपी चला सकती है। कोर्ट का मानना है कि लोन की जिम्मेदारी गारंटर की भी होती है इसलिए जब तक बैंक को उसके हिस्से का पूरा पैसा नहीं मिल जाता, वह हर उस शख्स का दरवाजा खटखटा सकता है, जिसने लोन की गारंटी दी थी।

पहले नियम के तहत अगर एक ही कर्ज के लिए दो लोगों ने गारंटी दी थी, तो बैंक एक बार में एक ही के खिलाफ कोर्ट जा सकता था. इससे बैंक को पैसा वसूलने में सालों लग जाते थे क्योंकि उसके पास एक-एक कर ही कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार था. अब ऐसा नहीं होगा. नए नियम के तहत, अब बैंक डिफॉल्ट होने की स्थिति में एक ही दिन में कर्ज लेने वाले व्यक्ति, पहले गारंटर और दूसरे गारंटर यानी कि तीनों एक एक साथ केस कर सकता है. सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला बैंक और वित्तीय संस्थानों के लिए राहत की बात है। पहले लोन गारंटर यह सोचकर निश्चिंत रहते थे कि जब तक डिफॉल्ट हो चुकी कंपनी को लेकर सीआईआरपी का मामला सुलझ नहीं जाता है, तब तक चिंता की कोई बात नही है. लेकिन अब अगर कंपनी बिक भी गई, तो बैंक प्रमोटर की संपत्ति जब्त करने की कार्यवाही एनसीएलटी में शुरू कर सकता है. मान लीजिए कि अगर कंपनी के बिकने के बाद भी बैंक का कर्जवसूल नहीं हो पाता है, तो बैंक बचा हुआ पैसा वसूलने के लिए प्रमोटर्स के घरों का दरवाजा खटखटा सकते हैं. बैंक चाहे तो आपके फिक्स्ड डिपॉजिट, अकाउंट बैलेंस, म्यूचुअल फंड्स, कमर्शियल प्रॉपर्टी को कुर्क कर अपने हुए नुकसान की भरपाई कर सकता है।

# सामाजिक बदलाव में किताब की भूमिका' विषय पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन

**सामाजिक चेतना के साथ किताबों ने अस्मिता और आकांक्षाओं का निर्माण किया है: प्रो. अर्चना**

**दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट**




**ब्यूरो प्रयागराज।** आज इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रो. धीरेन्द्र वर्मा शताब्दी सभागार में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया. जिसका विषय 'सामाजिक बदलाव में किताब की भूमिका' था. मुख्य वक्ता प्रो. अर्चना सिंह थी तथा अध्यक्षता हिंदी विभाग की अध्यक्ष प्रो. लालसा यादव ने की. मुख्य अतिथि के रुप में कला संकाय के डीन प्रो. वी. के. राय उपस्थित थे.कार्यक्रम का कुशल संचालन एवं प्रस्तावना डॉ. दीनानाथ मौर्य ने रखी, कार्यक्रम का संयोजन हिंदी विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो. संतोष भदौरिया ने किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में संयोजक प्रोफेसर संतोष भदौरिया ने एक परिचयात्मक वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि सं 2024 में प्रेमचंद की जयंती पर 'किताबें कुछ कहना चाहती हैं 'पुस्तकालय की शुरुआत निजी प्रयास से हुई थी। पुस्तकालय का कुशल संचालन शोधार्थियों द्वारा अबाधित रूप से किया जाता रहा है। इस पुस्तकालय में सभी विधाओं की पुस्तकें उपलब्ध हैं। प्रोफेसर भदौरिया ने पुस्तकालय के लिए शुभचिंतक शिक्षकों व विद्यार्थियों का आभार ज्ञापित करने के क्रम में बताया कि प्रो.राजेंद्र कुमार ने पुस्तकालय हेतु किताबें दी। डॉ0 सूर्यनारायण सिंह, डॉ0 दीनानाथ मौर्य, प्रो.अब्दुल बिस्मिल्लाह, श्री पंकज चतुर्वेदी, श्री असरार गाँधी, श्री संजय पाण्डेय डॉ0 जनार्दन आदि ने लाइब्रेरी के लिए बहुमूल्य पुस्तकें तथा मेरे शोध छात्र डॉ0 अम्बरीश शुक्ल ने उन्हें सहेजने के लिए आलमारी भेंट की। शोध छात्रा उजाला यादव ने हाल ही में लगभग पांच हजार की नई किताबें भेंट की। प्रदर्शनी सहयोग के लिए प्रोफेसर भदौरिया ने अनु प्रिया , हरिओम कुमार,अभिषेक, धर्मवीर, जगदीश, सोम, रिया, पारस, ज्योति, श्वेता, सृष्टि, पारस के कार्य को सराहा।

तत्पश्चात इलाहाबाद विश्वविद्यालय कला संकाय के डीन एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 वी के राय नेकहा कि दरअसल किताबें जो कहना चाहती हैं और प्रदर्शनी जो कहना चाहती हैं उन दोनों में एक तारतम्यता है। किताबें हमारी सोच को विकसित करने, हमारी काया को अमूर्त से मूर्त रूप देने का कार्य करती हैं। किताबें क्या कहना चाहती हैं इस बात का उत्तर देते हुए वे कहते हैं कि 'किताबें कहना चाहती हैं कि यदि तुम मेरे पास आओगे तो मैं तुम्हारे जीवन का दिशा निर्देश करूंगी।' प्रो0 वी के राय के अनुसार बड़े सा बड़ा बदलाव लाने में किताबें सक्षम हैं। हमारी सोच में परिवर्तन उसमें क्रांतिकारी भावना लाने का काम भी किताबें करती आ रही हैं। वे अपनी बात को उदाहरण द्वारा पुष्ट करते हुए कहते हैं कि हिंद स्वराज जो 1909 में लिखी गई, उसका स्वतंत्रता आंदोलन में व्यापक प्रभाव पड़ा। इस दृष्टि से पुस्तकें संप्रेषण का सबसे सशक्त माध्यम हैं।

विशेष व्याख्यान की मुख्य वक्ता प्रो. अर्चना सिंह ने कहा कि समाज के बदलाव में किताबों ने बड़ी भूमिका निभाई है। वह सामाजिक परिवर्तन में किताबों की भूमिका एवं महत्व पर अपनी राय रखते हुए कहती हैं कि निश्चित ही इस सामाजिक परिवर्तन के युग में किताबें नए रूप में आएंगी। प्रो.अर्चना 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध की बात करते हुए कहती हैं कि उस समय किताबें तो एक छोटा समुदाय ही लिख रहा था परन्तु एक बड़ा तबका किताबों को पढ़ रहा था। जिससे सामाजिक चेतना के साथ-साथ अस्मिता और आकांक्षा का निर्माण हो रहा था। लेखक इतिहास से प्रतीक को लेकर किताबों में उसे नए अर्थ में प्रयोग कर रहा था। उस समय पाठक पुस्तक की समीक्षा भी करते थे और एक समृद्ध बहस भी होती थी जिससे नया क्रिएशन होता था। उस समय अंबेडकर जो लिख रहे थे उसका निचले तबके तक पहुंच बनाने के लिए अनुवाद किया जा रहा था। किताबों द्वारा अस्मिता निर्माण की बात करते हुए उन्होंने कहा कि एक ओर आंबेडकर के विचारों को ट्रांसलेट किया जा रहा था तो दूसरी ओर हमारी अस्मिता के लिए भी लिखा जा रहा था। भारतीय समाज में स्त्री विमर्श से संबंधित कई पुस्तकें लिखी गई.महादेवी वर्मा से लेकर आज तक। हमारे समाज में किताबों ने लोगों के सपनो को जगाया है। सामाजिक परिवर्तन डिजिटलाइजेशन और बाज़ार से भी हुआ है उसमें किताबों पर बाजार से उतना खतरा नहीं है। गाजीपुर और आजमगढ़ में पुस्तक मेला लगता है तो पाठक किताबों को छूते है जो उनके अंदर क्यूरियोसिटी जगाते हैं। जिस समाज में सेक्सुअलिटी जैसे विषयों पर बातचीत नहीं होती उसको भी अपना विषय बनाती हैं। पढ़ने की संस्कृति पुस्तक पुस्तिकाओं की समाज में हमेशा जरूरत बनी रहेंगी। किताबें कभी अप्रासंगिक नहीं होती हैं, वे नए रूप में हमारे सामने आती रहेंगी।

प्रोफेसर लालसा यादव ने किताबों के महत्व को प्रतिपादित किया। वे कहती हैं कि- 'पढ़ते समय हो सकता है किताबें बोझिल लगेंगी लेकिन अंततः किताबें आपको सुकून देती हैं, आपकी भाषा को समृद्ध करती हैं।' उन्होंने जोर देकर कहा कि कई बार विद्यार्थी ज्ञान होते हुए भी उत्तर देने में सक्षम नहीं होते हैं, कारण यह कि ज्ञान को वे संयोजित नहीं कर पा रहे हैं। किताबें पढ़ने से बातों को संयोजित करने का गुण आता है। इस अवसर पर विशेष रुप से विभाग की अध्यक्ष प्रो. लालसा यादव, जी बी पंत संस्थान से प्रो. अर्चना सिंह, संयोजक प्रो. संतोष भदौरिया,प्रो. शिव प्रसाद शुक्ल प्रो. कल्पना वर्मा, प्रो. राकेश सिंह,प्रो राजेश गर्ग,श्री प्रवीण शेखर, श्री संजय पाण्डेय डॉ. दीनानाथ मौर्य, डॉ. अमितेश कुमार,डॉ. जनार्दन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और शोधार्थी शामिल रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मनरेगा कर्मियों के द्वारा अपनी समस्याओं के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित खंड विकास अधिकारी को दिया ज्ञापन



**बिसवां/सीतापुर** विकासखंड बिसवां में मनरेगा कर्मियों के द्वारा अपनी समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री महोदय को खंड विकास अधिकारी बिसवां के द्वारा दिया गया। ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को रखते हुए बताया की विगत 9 माह से हम लोगों को मानदेय नहीं मिल रहा है जो की बहुत ही अल्प मानदेय मिलता है दीपावली पर भी पूर्व में निकल गया उसे पर भी नहीं मिला और अब चार दिन बाद होली जैसे पर्व भी मनरेगा कर्मी के परिवार वाले कैसे मनाएंगे त्यौहार यह शासन एवं विभाग विचार करें मनरेगा कर्मी रोजगार सेवक विगत 9 माह से बिना मंडे के मनरेगा के अतिरिक्त बिलों एस ए आर जैसे कार्य को भी निष्ठा पूर्वक कर रहे हैं लेकिन अब उनकी कार्य दक्षता प्रभावित हो रही है। किसी संबंध में तो कार्य बहिष्कार कर दिया जाएगा इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अमरेंद्र वर्मा आपो नितिन गुप्ता जी लेखा सहायक मनरेगा यशपाल सिंह आशुतोष मिश्रा जितेंद्र वर्मा राकेश वर्मा श्रवण कुमार संजय कुमार नितिन मिश्रा सरोजनी देवी अंजलि कश्यप आज बड़ी संख्या में मनरेगा गर्मी उपस्थित रहे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावा पर हर्षोल्लास के साथ खेली गई होली

सुरियावा 27 जनवरी 2026 शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बड़े ही हर्षोल्लाके साथ उपस्थित डॉक्टर एवं कर्मचारी एक दूसरे के साथ अबीर गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली मानायी तथा एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं भी दी।

# खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई: बिरयानी दुकानों पर छापेमारी, 10 किलो सड़ा लहसुन नष्ट

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलरामपुर,** 27 फरवरी 2026। होली और रमजान के मद्देनजर जिले में मिलावटी व असुरक्षित खाद्य पदार्थों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी तथा आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (लखनऊ) के निर्देश पर शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के तहत बलरामपुर शहर में चार चिकन बिरयानी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान 'मेसर्स हैदराबादी चिकन बिरयानी' में अनियमितताएं पाई गईं। विभाग को मिली शिकायत के आधार पर की गई कार्रवाई में मौके से करीब 10 किलोग्राम सड़ा हुआ लहसुन बरामद हुआ, जिसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानते हुए तत्काल नष्ट करा दिया गया।

जांच के लिए भेजे गए नमूने खाद्य सुरक्षा टीम ने संबंधित दुकान से चिकन बिरयानी के नमूने भी संग्रहित किए। इन नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई का नेतृत्व सहायक आयुक्त (खाद्य)-II गिरिजेश कुमार दूबे ने किया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्र भानु, राम मौर्या और शंकर दयाल तिवारी शामिल रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान मिलावटखोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# मोहनलालगंज: रसूख के साये में 'वन संपदा' पर संकट, 10 बीघा सुरक्षित भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

**● ....अतरौली में वन विभाग की जमीन पर बने विला और बाउंड्रीवॉल; ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, प्रशासन की चुप्पी पर उठाए सवाल।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**मोहनलालगंज, लखनऊ।** राजधानी के मोहनलालगंज तहसील अंतर्गत अतरौली गांव में रसूखदारों द्वारा सरकारी तंत्र को ठेंगा दिखाकर वन विभाग की सुरक्षित भूमि पर अवैध कब्जे का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्रीय भू-माफिया और प्रभावशाली व्यक्तियों ने सांठगांठ कर करीब 10 बीघा बेशकीमती वन भूमि को बाउंड्रीवॉल से घेर लिया है और वहां विला व बोरिंग जैसे पक्के निर्माण करा लिए हैं। हैरत की बात यह है कि पर्यावरण संरक्षण की दुहाई देने वाला वन विभाग और स्थानीय प्रशासन इस बड़े अतिक्रमण से अनजान बना हुआ है, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है।

**अभिलेखों में 'वन' श्रेणी की जमीन पर कब्जा**

ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के अनुसार, ग्राम अतरौली स्थित गाटा संख्या 1135, जो राजस्व अभिलेखों में श्रेणी 5-3-ख (वन श्रेणी) के अंतर्गत दर्ज है, का कुल क्षेत्रफल लगभग 4.4830 हेक्टेयर है। यह पूरी भूमि दशकों से वन क्षेत्र के रूप में संरक्षित रही है और गांव के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के साथ-साथ पशुओं के चारे और स्थानीय आजीविका का मुख्य आधार रही है। आरोप है कि पिछले कुछ समय में रसूख के बल पर इस सुरक्षित भूमि के एक बड़े हिस्से (लगभग 10 बीघा) पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया। मौके पर न सिर्फ बाउंड्रीवॉल खड़ी कर दी गई है, बल्कि विला बनाकर प्राकृतिक संपदा को निजी संपत्ति में तब्दील करने का प्रयास किया जा रहा है।

**अधिकारियों की चौखट पर न्याय की गुहार**

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने इस अवैध अतिक्रमण की शिकायत कई बार वन विभाग के स्थानीय अधिकारियों और तहसील प्रशासन से की, लेकिन रसूखदारों के दबाव के चलते अब तक धरातल पर कोई कार्रवाई नजर नहीं आई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की यह सुस्ती कहीं न कहीं बड़े संरक्षण की ओर इशारा करती है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों की मांग है कि सरकारी पैमाइश कराकर तत्काल अवैध निर्माण ढहाए जाएं और पर्यावरण संरक्षण नियमों का उल्लंघन करने वाले दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में सरकारी जमीनों पर ऐसी नजर न डाली जा सके।

# कृषि विश्वविद्यालय कार्मिकों की होली रहेगी फीकी, 2 महीने से नहीं मिला है वेतन

**● मुख्यमंत्री का आदेश नहीं मानते कृषि विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक, उन्हें शासनादेश का इंतजार**

**● बीते जनवरी एवं फरवरी माह का नहीं हो सका है वेतन भुगतान**

**● विश्वविद्यालय कर्मियों ने वित्त नियंत्रक पर लगाया लापरवाही का आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मिल्कीपुर अयोध्या** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की होली इस बार फीकी रहने के आसार प्रबल हो गए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी जहां एक ओर हिंदुओं के पवित्र त्यौहार होली के पूर्व राज्य कर्मचारियों को वेतन हर हाल में भुगतान किए जाने के लिए कृत संकल्पित नजर आ रहे हैं और उनके द्वारा आदेश व निर्देश दिए जा रहे हैं। किंतु कृषि विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नीरज श्रीवास्तव को वेतन भुगतान संबंधी निर्देश एवं आदेश के शासनादेश का अभी भी इंतजार है। इससे साफ परिलक्षित हो रहा है कि कृषि विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को अबकी बार होली पर वेतन नसीब नहीं हो सकेगा। यही नहीं सबसे मजे की बात तो यह है कि कृषि विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को विगत जनवरी माह का भी वेतन विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक की उदासीनता के चलते आज तक नहीं प्राप्त हो सका है। बताते चलें कि रंगों के पवित्र त्यौहार होली को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि 28 फरवरी तक हर हाल में राज्य कर्मचारियों का वेतन भुगतान सुनिश्चित कर दिया जाए, किंतु मुख्यमंत्री के उस आदेश की हवा कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के जिम्मेदार अधिकारियों ने एक बार फिर निकाल दी है, जहां फरवरी माह का वेतन भुगतान तो दूर उन्हे विगत जनवरी माह का भी वेतन आज तक नहीं प्राप्त हो सका है, ऐसे में उन कर्मचारियों के घरों में होली की खुशियां मायूसी में बीतेंगी। लगातार दो-दो माह से वेतन भुगतान न हो पाने के चलते विश्वविद्यालय कर्मियों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है और वह भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। यही नहीं विश्वविद्यालय कर्मियों को होली त्योहार से पूर्व वेतन भुगतान कर दिए जाने के संबंध में राज्यपाल की ओर से भी विश्वविद्यालय प्रशासन को आदेश प्राप्त हो चुके हैं, किंतु जिम्मेदार अधिकारियोंकी लापरवाही के चलते विश्वविद्यालय कर्मियों को त्योहार से पूर्व वेतन मिल पाना बिल्कुल टेढ़ी खीर हो गया है। विश्वविद्यालय कर्मियों को 28 फरवरी तक वेतन भुगतान कर दिए जाने संबंधी मुख्यमंत्री के आदेश के संबंध में विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि अभी हमें वह शासनादेश अथवा जीओ नहीं प्राप्त हो सका है । इस प्रकार से पवित्र त्यौहार के पूर्व वेतन भुगतान किए जाने को लेकर विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक पूरी तरह से उदासीन बने हुए हैं। अब देखना है कि राज्य कर्मचारियों को समय से वेतन भुगतान के क्रम में कृषि विश्वविद्यालय के कार्मिकों को वेतन भुगतान कराए जाने हेतु शासन अथवा प्रशासन कौन सी कार्यवाही अमल में लाएगा, जिसके चलते विश्वविद्यालय कर्मियों की भी होली रंगीन हो सकेगी।

# नोएडा में बेसहारा गोवंश का आतंक, साइकिल सवार शख्स को मारी टक्कर; मौके पर मौत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नोएडा।** सेक्टर दो में बेसहारा गौवंश ने साइकिल सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। व्यक्ति का अस्पताल में उपचार कराने के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजन को सौंप दिया। स्वजन की ओर से शिकायत मिलने से इनकार किया है। बृहस्पतिवार को घटना का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। बता दें कि हाल में सेक्टर 168 में बाइक सवार इंजीनियर को बेसहारा गौवंश ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था। थाना प्रभारी अमित कुमार मान ने बताया कि सेक्टर पांच हरौला के रहने वाले सवेंद्र कुमार मंगलवार रात को लेबर चौक की ओर से संदीप पेपर मिल की तरफ साइकिल से जा रहा था। सेक्टर दो में डी-19 बिल्डिंग के पास बेसहारा गौवंश ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था। लोगों ने सर्वेन्द्र को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां पर उपचार के दौरान सर्वेन्द्र की मौत हो गई।

**इंजीनियर को किया घायल**

इससे पहले ग्रेटर नोएडा स्थित कार्यालय से नौकरी कर बाइक से पीजी लौट रहे इंजीनियर को सेक्टर-168 में बेसहारा गोवंश ने सामने से टक्कर मार दी। सींग हेलमेट के शीशे को तोड़ते हुए माथे में जा लगा। हादसे में सींग हेलमेट के शीशे को तोड़ते हुए उनकी दाहिनी आंख के ऊपर जा लगा। चश्मे के टुकड़े उनके माथे में घुस गए। इससे प्रखर के माथे व सिर में चोटें आई। वह एकाएक सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

# संक्षिप्त खबरें

## गौरा के पास भीषण सड़क हादसा : कार और ट्रैक्टर की जोरदार भिड़ंत, हर्रैया क्षेत्र के कई लोग गंभीर घायल



**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरा गांव के समीप शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। कार और ट्रैक्टर के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार टक्कर में कार सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार में सवार सभी लोग हरैया थाना क्षेत्र के कोहले गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोग तत्काल राहत कार्य में जुट गए। सूचना मिलते ही कप्तानगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को तत्काल एंबुलेंस की सहायता से नजदीकी अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। क्षेत्र में इस हादसे के बाद लोगों में दहशत और चिंता का माहौल है।

## आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा कस्बा गौरीगंज में किया गया पैदल गश्त



**अमेठी ।** आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं/बालिकाओं एवं आमजनमानस में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा पुलिस बल के साथ कस्बा गौरीगंज में पैदल गश्त किया गया तथा वहाँ पर मौजूद लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई तथा सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा पिकेट, गश्त ड्यूटी में तैनात अधिकारी/कर्मचारी गण को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने, सर्राफा बाजार, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की सक्रिय उपस्थिति बनाये रखने व संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं एवं वाहनों की चेकिंग के संबंध में महत्वपूर्ण आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये । इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा व अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे ।

## बलरामपुर बुद्धा पार्क की बाउंड्री वॉल तोड़ी गई:सौंदर्यीकरण और विस्तार के लिए तैयारी शुरू



**बलरामपुर-** शहर में माया होटल के पास स्थित बुद्धा पार्क की बाउंड्री वॉल तोड़ दी गई है। यह कार्रवाई पार्क के सौंदर्यीकरण और विस्तार की तैयारी के तहत की गई है। हालांकि, स्थानीय लोगों ने बिना किसी सार्वजनिक सूचना या बोर्ड लगाए दीवार गिराए जाने पर सवाल उठाए हैं।पिछले चार-पांच दिनों से यहां कार्य चल रहा था। अचानक दीवार तोड़े जाने से लोगों के मन में कई सवाल उठे थे कि यह कार्रवाई नगर पालिका परिषद की है या किसी अन्य विभाग द्वारा की जा रही है। साथ ही, यह भी पूछा जा रहा था कि क्या यहां चौड़ीकरण या नए निर्माण की कोई योजना है।इसी बीच, आदर्श नगर पालिका परिषद कार्यालय, बलरामपुर में बुद्धा पार्क (माया होटल के निकट) के सौंदर्यीकरण एवं विस्तार को लेकर नगर के सम्मानित नागरिकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पार्क के विकास, विस्तार और इसे आधुनिक स्वरूप देने के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।नगर पालिका की ओर से आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही एक सुंदर और व्यवस्थित बुद्धा पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण कर इसे नगरवासियों को समर्पित किया जाएगा। पालिका प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि नगर की सभी प्राचीन धरोहरों का संरक्षण उनकी प्राथमिकता में है। इस अवसर पर प्रधान सियाराम, मनीष चंद्र सोनकर, लाल जी लेहरी, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र चौधरी, रविंद्र सिंह रावत, विनोद कुमार यादव, आकाश सिंह यादव, गणेश प्रसाद यादव सहित कई अन्य सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। पालिका प्रशासन ने नगर के समग्र विकास और जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# खबर प्रकाशित होने के बाद भी नहीं रुका मनरेगा भष्ट्राचार का खेल फर्जी हाजिरी में इजाफा

**●-टिकर कँचनी बंधा एवं पूरनपुर बाहा कार्य श्रमिकों की फर्जी हाजिर बखरिया ग्राम पंचायत का मामलाऑन कैमरा मजदूरों ने प्रधान जितेन्द्र कुमार एवं सचिव अर्चिता द्विवेदी के मनरेगा फर्जीवाड़े का किया था खुलासाबनकटी ब्लाक की ग्राम पंचायत बखरिया मे फर्जी हाजिरी से योजना की वास्तविक असर मुरझाया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** जनपद में मनरेगा योजना में जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के चलते अनियमितताओं की स्थिति लगातार बढ़ती जा रही है। खबर प्रकाशित होने के बाद भी भ्रष्टाचार पर रोक के बजाय फर्जी हाजिरी का खेल लगातार बढ़ रही केवल कागजी भुगतान की कार्यवाही जनकल्याणकारी योजना का उद्देश्य धरातल पर पूरा नहीं हो पा रहा है।

आपको बताते चलें कि - विकासखंड बनकटी की ग्राम पंचायत बखरिया में मनरेगा भष्ट्राचार को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद ज़िम्मेदारों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार पर रोक के बजाय फर्जी हाजिरी के सहारे तेजी से सरकारी धन की लूट जारी है। राजस्व गांव पूरनपुर में संचालित कार्यों को लेकर मजदूरों ने पहले ही मीडिया के सामने ऑन कैमरा भष्ट्राचार का खुलासा किया था लेकिन इसके बावजूद भी व्यवस्था में सुधार के बजाय भुगतान प्रक्रिया तेजी से जारी रहने की चर्चाओं का महौल बना दिया है अभिलेखों के अनुसार टिकर कंचनी सरहद से राम प्रसाद के खेत तक बंधा मरम्मत कार्य में 40 मजदूरों की हाजिरी दर्ज है जबकि स्थानीय स्तर पर लंबे समय से काम न होने की बात कही जा रही है। वहीं पूरनपुर बंधा से प्रमोद के खेत होते हुए चंदकेश के खेत तक बाहा सफाई एवं खुदाई कार्य में भी 40 मजदूरों की उपस्थिति दर्ज हो रही है। वही मौके पर मौजूद मजदूरों ने मीडिया से ऑन कैमरे पर स्वीकार किया था कि कार्य सीमित स्तर पर हो रहा है अभिलेखों में दर्ज मजदूरों की संख्या वास्तविक उपस्थिति से मेल नहीं खा रही है कहा कि दूसरे स्थल पर महीनों से कार्य न होने की बात कही थी है फिर भी नियमित फर्जी हाजिरी भरी जा रही है। बीडीओ एवं सचिव की मिलीभगत से प्रधान फर्जी हाजिरी बढ़ाकर भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाते हुए मनरेगा में लूट जारी रखे हैं।

## चौपाल में ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**सिद्धार्थनगर ।** शोहरतगढ़ विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत नीबी में शुक्रवार को प्रभारी सचिव गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुये सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताकर पात्रों को लाभान्वित होने के लिये प्रेरित किया गया। सचिव गौरव श्रीवास्तव ने सामुहिक विवाह, शादी अनुदान,आयुष्मान कार्ड, व्यक्तिगत शौचालय फार्मर रजिस्ट्री आदि योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया। पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए चौपाल का आयोजन गांव में किया जा रहा है जिससे पात्र लाभार्थी योजना का लाभ उठाएं। लेखपाल राम भरत ने कहा कि सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लेना चाहिए जिससे केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायक से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड के पात्र आनलाइन फार्म भर दें जिससे उन्हें निःशुल्क चिकित्सा सहायता मिल सके।वृद्धा, विधवा व दिव्यांग पेंशन पाने के लिए आनलाइन आवेदन फार्म भरकर जमा कर दें।इस दौरान ग्राम प्रधान शीला चौरसिया, राज चौरसिया, पंचायत सहायक माया गुप्ता, बीपत, खैरून्निशा, सुनीता , सुभाष अर्जुन, रामराज आदि उपस्थित रहे।

# सीएमओ का दफ्तर बना आराम घर कुर्सी पर सोते कर्मचारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती-** जिले के सीएमओ कार्यालय में काम के बजाय नींद पूरी कर रहे कर्मचारी बिभागीय कामकाज के लिए बना कार्यालय , बना कर्मचारी झपकी स्थल व विश्रामालय बना कार्यालय इस पर आराम करते हुए कर्मचारी नजर आए हैं स्वास्थ्य विभाग में पहले से ही कार्यो के प्रति लापरवाह दिख रहे हैं कर्मचारियों तथा डॉक्टर ऐसे लोगों पर कब करवाई होगी प्रशासन शासन मामले को संज्ञान नहीं ले रहा है दूसरी तरफ भ्रष्टाचार का गढ़ बना हुआ है जिला अस्पताल सी एम ओ ऑफिस आराम फरमाते हुए कर्मचारी कम कुर्सी खाली नजर आ रही है फरियादी वापस लौट रहे हैं इन अधिकारियों पर कारवाई कब होगी जिला प्रशासन या स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ कर्मचारियों को हटा करते हुए ऐसे स्वास्थ्य कर्मी के ऊपर कठोर कार्रवाई की जाए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लगभग प्रतिदिन काफी - काफी समय तक सोते रहते हैं कर्मचारी फरियादी बैठकर इंतजार करते हैं कब नींद टूटेगी अनुशासन का यह दृश्य सरकारी कार्यालय की कार्यप्रणाली खड़े कर रहे सवाल बस्ती का सीएमओ कार्यालय पहले से ही भ्रष्टाचार में बटोर रहा है सुर्खियां कब सुधरेंगे स्वास्थ्य विभाग की सेवाएं जिससे हम जनमानस को सुविधा उपलब्ध हो पाएं जिम्मेदार अधिकारियों की कुर्सी हमेशा खाली रहती है फरियादी निराश होकर वापस लौट जाते हैंघपले घोटालों के लिए मशहूर है बस्ती जनपद का सीएमओ कार्यालयकामकाज में फिसड्डी , भ्रष्टाचार व गलत कुर्सियों के आवंटन हेतु जाना जाता है सीएमओ कार्यालयसरकारी पैसा और सरकारी बेंच पर नींद पूरी कर , कार्यालय को खोखला कर रहे जिम्मेदार सीएमओ कार्यालय में काम के बजाय नींद पूरी कर रहे कर्मचारी कैसे होगा जिले में स्वास्थ्य विभाग का कल्याण कब मिलेगी जनता को न्याय स अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए।

# झाड़फूंक के बहाने प्रेमजाल, ब्लैकमेलिंग से तंग महिला ने दी जान, वांछित आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र में एक महिला की आत्महत्या का मामला अब गंभीर आपराधिक साजिश की ओर इशारा कर रहा है। शुरुआती तौर पर सामान्य आत्महत्या समझी जा रही इस घटना में परिजनों के आरोपों ने जांच की दिशा बदल दी है। परिवार का कहना है कि एक युवक की लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना, साथ ही ब्लैकमेलिंग से तंग आकर महिला ने यह कदम उठाया। परिजनों के मुताबिक आरोपी ने झाड़फूंक के बहाने महिला से संपर्क बढ़ाया और उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोप है कि इसी दौरान उसने महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए और उन पलों का वीडियो तैयार कर लिया। बाद में उसी वीडियो के जरिए वह लंबे समय तक महिला को धमकाता और दबाव बनाता रहा। लगातार मिल रही धमकियों और सामाजिक बदनामी के डर ने महिला को भीतर से तोड़ दिया, जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठा लिया।मामले की गंभीरता को देखते हुए कलवारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में वांछित अभियुक्त अली हुसैन उर्फ मोहम्मद कल्लू को गिरफ्तार कर लियापुलिस ने उसेकलवारीपुलिया-रामजानकी मार्ग के पास से दबोचा। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव और आक्रोश का माहौल है। विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि पीड़ित परिवार से मिले और निष्पक्ष जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग की। स्थानीय स्तर पर प्रशासन की भूमिका पर भी नजर रखी जा रही है। थानाध्यक्ष कलवारी गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विस्तृत जांच की जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की भी पड़ताल की जा रही है और दोषी पाए जाने पर सख्त विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाला वांछित आरोपी को कलवारी पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केकलवारी थाना क्षेत्र में एक महिला की आत्महत्या के मामले में नया मोड़ सामने आया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि एक युवक द्वारा लगातार मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना तथा ब्लैकमेलिंग से त्रस्त होकर महिला ने यह आत्मघाती कदम उठाया था । बताया जा रहा है कि आरोपी ने झाड़फूंक के बहाने महिला को अपने प्रेमजाल में फंसाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं, अवैध संबंधों का वीडियो बनाकर आरोपी महिला को लंबे समय से ब्लैकमेल कर रहा था। परिजनों का कहना है कि आरोपी की धमकियों और दबाव से आजिज आकर महिला ने आत्महत्या कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलवारी थाने की पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में वांछित अभियुक्त अली हुसैन उर्फ मोहम्मद कल्लू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कलवारी पुलिया-रामजानकी मार्ग के पास से दबोचा। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय भेज दिया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। संगठनों ने प्रशासन से निष्पक्ष और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष कलवारी गजेन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की जांच जारी है और दोषी पाए जाने पर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# दारानगर में एसडीएम ने लगाई चौपाल सुनी जनसमस्याएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी-** विकासखंड शुकुल बाजार की ग्राम सभा दारानगर में एसडीएम मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। चौपाल के दौरान राजस्व से संबंधित 12 मामलों का निस्तारण किया गया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।एसडीएम ने नए राशन कार्ड बनाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्राप्त शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी को शीघ्र समस्या समाधान के निर्देश दिए।चौपाल के दौरान ग्राम प्रधान इंद्रराज यादव ने मतदान केंद्र की समस्या उठाते हुए बताया कि वर्ष 2017 से पूर्व ग्राम पंचायत दारानगर का पोलिंग बूथ प्राथमिक विद्यालय दारानगर में स्थित था, किंतु वर्तमान में मतदान के लिए ग्रामीणों को लगभग 3 किलोमीटर दूर नीमपुर प्राथमिक विद्यालय जाना पड़ता है, जिससे मतदाताओं को असुविधा होती है। इस पर एसडीएम अभिनव कनौजिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुनः प्राथमिक विद्यालय दारानगर में मतदान केंद्र बनवाने हेतु आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रधान ने कहा कि मतदान केंद्र की पुनः स्थापना से मतदान प्रतिशत में निश्चित रूप से वृद्धि होगी।कार्यक्रम के दौरान एसडीएम ने प्रस्तावित अमृत सरोवर का स्थलीय निरीक्षण किया तथा कंपोजिट विद्यालय दारानगर पहुंचकर बच्चों से संवाद कर शिक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक संतराम, लेखपाल राम समुझ, बीएलओ सुदामा देवी, ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेश मिश्रा, पंचायत सहायक कृष्णपाल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं प्रधान इंद्रराज यादव के साथ चंद्रपाल, लवकुश, अरुण कुमार, शिवकुमार, नियाज अहमद, राम सजीवन सहित सैकड़ों ग्रामीण चौपाल में मौजूद रहे।ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि चौपाल के माध्यम से गांव में ही समस्याओं का समाधान होना शासन की जनहितकारी सोच का प्रमाण है।

# जनहित पीजी कॉलेज में गूंजा संगठन सशक्तिकरण का मंत्र

**● पं. दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान 2026 में जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में जुटे अमेठी के जिला पदाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र द्वारा जनहित पीजी कॉलेज, जलालपुर (जौनपुर) में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 में अमेठी जनपद से जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, जिला प्रवक्ता चंद्र मौली सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, जिला मंत्री प्रभात शुक्ला सहित अनेक जिला पदाधिकारी सहभागिता के लिए पहुंचे। कार्यक्रम में संगठनात्मक मजबूती और विचारधारा के व्यापक प्रसार पर विशेष बल दिया गया।जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान संगठन की रीढ़ को और अधिक सुदृढ़ करने का माध्यम है। इस अवसर पर पदाधिकारियों एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय संवाद का अवसर प्राप्त हुआ, जिससे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को नई ऊर्जा मिली।


उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं।वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि महाअभियान के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में संगठन के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आगामी चरण में प्रत्येक मंडल स्तर पर 24 घंटे का प्रशिक्षण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें मंडल स्तर पर ही रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी रहेगी।प्रशिक्षण के दौरान सात प्रमुख विषयों–इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य पद्धति, कार्य विस्तार की दृष्टि, बूथ प्रबंधन, सरकार की उपलब्धियां तथा सोशल मीडिया–पर गहन मंथन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इन विषयों के माध्यम से संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त एवं प्रभावी बनाया जाएगा।कार्यक्रम के समापन पर सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर संगठन की नीतियों और विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। अमेठी से पहुंचे प्रतिनिधिमंडल की सक्रिय सहभागिता चर्चा का केंद्र रही। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विशुभ मिश्रा, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर पांडे, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, जिला प्रवक्ता चंद्र मौली सिंह, जिला मंत्री प्रभात शुक्ला, सहित अन्य जिला पदाधिकारी व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पचपेड़वा में अवैध क्लीनिकों पर बड़ी कार्रवाई, कई सील

**●शाद क्लिनिक एंड जच्चा बच्चा केंद्र, अकबरूननिशा पॉलिक्लिनिक एंड जच्चा बच्चा केंद्र, एस के हेल्थ केयर एंड जच्चा बच्चा केंद्र कोहरगड्डी और सारा फ्रैक्चर क्लिनिक पर लटका ताला; मैक्स पैथोलॉजी सेंटर को नोटिस जारी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी के आदेश और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पचपेड़वा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कई प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और स्वास्थ्य महकमे की सख्ती साफ नजर आई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने जुड़ी कुइया स्थित क्लीनिकों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान आवश्यक मानक और वैध दस्तावेज न मिलने पर कई क्लीनिकों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। सील किए गए क्लीनिकों में डॉ आशमा परवीन का शाद क्लिनिक एंड जच्चा बच्चा केंद्र, डॉ राहत जहाँ का अकबरूननिशा पॉलिक्लिनिक एंड जच्चा बच्चा केंद्र, डॉ उबैदूर रहमान का एस के हेल्थ केयर एंड जच्चा बच्चा केंद्र तथा डॉ राज कुमार का सारा फ्रैक्चर क्लिनिक शामिल हैं। वहीं डॉ सुनील मिश्रा के मैक्स पैथोलॉजी सेंटर का निरीक्षण कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किया गया है।

छापेमारी के दौरान सील किए गए क्लीनिकों में भर्ती मरीजों को सुरक्षित रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिफ्ट कराया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि अवैध क्लीनिकों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि 'जो भी संस्थान निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।' कार्रवाई में डॉ बी. पी. सिंह, डॉ अजय शुक्ला, अधीक्षक डॉ विजय कुमार एवं डॉ अरविंद कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम शामिल रही। स्वास्थ्य विभाग की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध क्लीनिक संचालकों में हड़कंप है, वहीं आम जनता ने प्रशासन की पहल का स्वागत किया है।

# केजरीवाल-सिसौदिया दिल्ली शराब केस से बरी

**●P M मोदी-अमित शाह ने रची थी साजिश-संजय सिंह बोले**


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर।** दिल्ली शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसौदिया को बरी किए जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। सुल्तानपुर में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस फैसले से साबित हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने 'आप' नेताओं को बदनाम करने की गहरी साजिश रची थी। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि 'आप' नेताओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराए गए, उन्हें जेल में डाला गया और उनके परिवारों को परेशान किया गया। उन्होंने दावा किया कि इस फैसले से पूरे देश में यह संदेश गया है कि प्रधानमंत्री 'विध्वंसकारी सोच' के व्यक्ति हैं और वे देश का विकास नहीं देख सकते। उन्होंने कहा कि 'आप' शिक्षा, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और स्कूल जैसे क्षेत्रों में काम कर रही थी, लेकिन साजिश के तहत पार्टी को बदनाम कर दिल्ली की सत्ता से हटाने का प्रयास किया गया। संजय सिंह ने प्रधानमंत्री से पूरे देश और अरविंद केजरीवाल व उनके परिवार से माफी मांगने की मांग की। संजय सिंह ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा कि 'राजनीति का घिनौना खेल लंबे समय तक नहीं चलता है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि 'सत्य परेशान हो सकता है, हार नहीं सकता' और आज सत्य की जीत हुई है। उन्होंने दोहराया कि 'आप' नेताओं ने बार-बार कहा था कि यदि उनके खिलाफ कोई सबूत, पैसा, जमीन के कागजात या गहने मिले हों तो बताया जाए। संजय सिंह ने कहा कि आज पार्टी के सभी सदस्य खुश हैं और मानते हैं कि उन्हें दी गई तकलीफें 'झूठ और बेबुनियाद' थीं।

# बलरामपुर पुलिस द्वारा धोखाधड़ी से सम्बन्धित मुकदमे मे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम रहे अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी तुलसीपर डॉ0 जितेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में तथा प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 09.12.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0251/2025 धारा 316(2),352,351(3) BNS बावत विपक्षीगण द्वारा वादी की स्कॉर्पियो गाड़ी बेचवाने तथा विपक्षी कुनाल की कार कीया कार्निश वादी को खरीदवाने व झांसा देकर वापस ले लेने तथा आवेदक का कुछ पैसा वापस करने व कुछ पैसे का चेक देने जो कि बाऊंस हो जाने पर आवेदक द्वारा अपना पैसा वापस मांगने पर गाली गलौज तथा जानमाल की धमकी देने के सम्बन्ध मे पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कुनाल पुत्र योगेन्द्र कुमार निवासी अल्लुनगर कालोनी मिटौली खुर्द लखनऊ थाना जानकीपुरम जिला लखनऊ को जानकीपुरम लखनऊ के सीटीमान्टेशरी स्कूल के पास से पुलिस टीम द्वारा दिनांक 26.02.2026 को गिरफ्तार कर अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।

# चाँदा पहुंचे ओएसडी रामचंद्र शर्मा, जनसमस्याओं को लेकर दिए कड़े निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर/चाँदा -** क्षेत्र में उस समय हलचल तेज हो गई, जब बिजली मंत्री एके शर्मा के ओएसडी (O S D) रामचंद्र शर्मा शुक्रवार को निरीक्षण के लिए पहुंचे। स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों और जनता की शिकायतों का जायजा लेने आए ओएसडी ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है। उनके इस दौरे और वीडियो बयान ने प्रशासनिक अमले में हड़कंप मचा दिया है।चाँदा पहुंचे रामचंद्र शर्मा ने न केवल दफ्तरों का निरीक्षण किया, बल्कि आम जनता से सीधे संवाद भी किया। वीडियो बयान में उन्होंने साफ़ तौर पर कहा कि 'सरकार की मंशा है कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले। 'ओएसडी ने काम में ढिलाई बरतने वाले कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। शिकायतों के निस्तारण के लिए उन्होंने सख्त समय सीमा तय की है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और फाइलें अटकाने की परंपरा अब नहीं चलेगी। रामचंद्र शर्मा ने कहा 'हम यहाँ समस्याओं को टालने नहीं, सुलझाने आए हैं। चाँदा की जनता की जो भी जायज मांगें हैं, उन पर तुरंत कार्रवाई होगी। किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ' ओएसडी के इस कड़े रुख के बाद अब देखना यह होगा कि स्थानीय प्रशासन कितनी फुर्ती से उनकी हिदायतों पर अमल करता है। चाँदा की जनता को उम्मीद है कि इस हाई-प्रोफाइल दौरे के बाद उनकी लंबित समस्याओं का समाधान जल्द होगा। उन्होंने कहा काम में ढिलाई और जनता की परेशानी बर्दाश्त नहीं होगी।

# संक्षिप्त खबरें

## मितौली एसडीएम में आबकारी विभाग के साथ अंग्रेजी देसी शराब दुकानों पर की छापेमारी



**मितौली खीरी** होली के त्यौहार को मद्दे नजर रखते हुए उपजिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता ने सक्रियता दिखाते हुए आबकारी विभाग को साथ लेकर अंग्रेजी व देसी शराब की दुकानों पर अचानक छापा मार कर स्टाफ रजिस्टर का मिलान करते हुए देसी तथा अंग्रेजी शराब की क्वालिटी एवं क्वांटिटी को चेक कराया गया।

## छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दो गिरफ्तार

**नाबालिग के साथ मारपीट व अभद्रता का आरोप, न्यायालय में पेश कर भेजा गया जेल**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली पुलिस ने नाबालिग छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में शुक्रवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। दोनों आरोपी मूल रूप से बिहार प्रांत के निवासी बताए जा रहे हैं। मृतका की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घर के पास स्थित टेक्नो फैब फैक्ट्री में काम करने वाले सुमन और जितेंद्र उर्फ लंबू फैक्ट्री परिसर के अहाते में ही रहते थे। आरोप है कि मंगलवार की शाम उसकी गैरमौजूदगी में दोनों आरोपी घर पहुंचे और बेटी के साथ मारपीट की। इसके बाद उसे जबरन करीब 500 मीटर दूर तालाब की ओर ले गए, जहां उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। बताया जाता है कि किशोरी के शोर मचाने पर राहगीरों ने हस्तक्षेप कर उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। घटना के अगले दिन दोपहर में किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि आरोपियों के दुर्व्यवहार से आहत होकर उसने यह कदम उठाया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

## हाईस्कूल की गणित परीक्षा रही सरल, छात्रों चेहरे रहे खिलें

**संयुक्त निदेशक अपने परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण**

**लालगंज (रायबरेली)।** नगर सहित आसपास के परीक्षा केंद्रों पर शुक्रवार को हाईस्कूल गणित की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अधिकतर परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र को अपेक्षाकृत सरल बताया। परीक्षा केंद्रों के बाहर छात्रों के चेहरों पर संतोष साफ दिखाई दिया।बैसवारा इंटर कॉलेज में प्रथम पाली में गणित विषय की परीक्षा कराई गई। परीक्षा की प्रथम पाली में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रदीप सिंह ने केंद्र का औचक निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा समाप्त होने के बाद बाहर निकले छात्र अर्जुन ने कहा कि प्रश्नपत्र आसान था। उन्होंने समय से पहले पूरा पेपर हल कर लिया। तैयारी में उनके ट्यूशन शिक्षक का विशेष सहयोग रहा। छात्रा दीपांशी न भी प्रश्नपत्र को बहुत बढ़िया बताया। कहा कि किसी भी प्रश्न में कठिनाई नहीं हुई। पूरा पेपर पूरे आत्मविश्वास के साथ हल किया। परीक्षा के दौरान केंद्र पर सुरक्षा और स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम रहे। प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि परीक्षा सुचिता, शांति और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। प्रथम पाली में स्टेटिक डॉ. शशिकांत त्रिवेदी, सरिता वर्मा, राजेन्द्र राठौर, पुनीत तिवारी, जितेन्द्र मौर्य, भवानी प्रसाद श्रीवास्तव, डॉ. शालिनी साहू, कनकलता सिंह, सरिता और संजू सिंह की सक्रिय भूमिका रही।

## आमलकी एकादशी के पावन अवसर पर भक्तों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर उत्सव की खुशियां करी साझा

**बिसवां (सीतापुर)** बिसवां में कोतवाली के निकट स्थित श्री श्याम मंदिर में आमलकी एकादशी के पावन अवसर पर श्याम भक्तों ने बाबा का भव्य श्रृंगार कर श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया। मंदिर परिसर दिनभर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा। श्रृंगार के पश्चात श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन- अर्चन कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भक्तों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर उत्सव की खुशियां साझा कीं। संध्या समय आयोजित विशाल कीर्तन में भक्तजन भजनों पर झूम उठे और 'जय श्री श्याम' के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस अवसर पर चीनी मिल के मुख्य अधिशासी आरसी सिंघल मीरा सिंघल शिवकुमार खेतान मुकेश मनीष खेतान विजय अवस्थी संतोष गुप्ता राम श्याम मिश्रा सौरभ बंसल अन्नू गुप्ता सहित भारी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे।

# बरकत अली अंसारी के वाद पर न्यायालय का संज्ञान, जालसाजी प्रकरण में चार्जशीट स्वीकार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** बरकत अली अंसारी द्वारा प्रस्तुत वाद पर सक्षम न्यायालय ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए मुकदमा पंजीकृत कर विस्तृत विवेचना का आदेश दिया था। न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में थाना भीरा पुलिस ने ग्राम मुड़िया हेमसिंह निवासी मुस्तफा, जाहिद अली उर्फ सादिक अली तथा तौकीर अली के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की। प्रकरण में लगाए गए आरोपों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस ने साक्ष्य संकलन और अभिलेखीय जांच के आधार पर विधिक कार्रवाई आगे बढ़ाई।

इस प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक उमराव सिंह व ब्रजेश कुमार सिंह, तथा रमेश सिंह सेंगर द्वारा की गई। विवेचना के दौरान उपलब्ध तथ्यों, दस्तावेजों और बयानात के आधार पर मुकदमा संख्या 188/25 में आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467, 468 (जालसाजी), 471 (कूटरचित दस्तावेज का प्रयोग) एवं 323 (मारपीट) के अंतर्गत आरोप प्रथमदृष्टया प्रमाणित पाए गए। इसके पश्चात 20 दिसंबर को आरोप पत्र (चार्जशीट) न्यायालय में प्रस्तुत की गई, जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए नामजद आरोपियों को तलब करने के आदेश जारी किये हैं।वाद से जुड़े तथ्यों के अनुसार, साबरून पत्नी मुस्तफा का आरोप है कि मुस्तफा ने उनकी जायदाद हड़पने के उद्देश्य से पहचान संबंधी दस्तावेजों में कथित रूप से फेरबदल किया। आरोप है कि बदली हुई आईडी और कथित बदलाव के माध्यम से धोखाधड़ी कर अपने भतीजे को पुत्र दर्शाते हुए संपत्ति का बैनामा कर दिया। इसके अतिरिक्त, ससुराल पक्ष पर साबरून के साथ मारपीट कर उन्हें घर से निकालने का भी गंभीर आरोप है।वहीं, वादी बरकत अली अंसारी का कहना है कि मुस्तफा ने पहले अपनी जीवित पत्नी साबरून की स्वाभाविक मृत्यु दर्शाई और बाद में कथित हत्या का हवाला देते हुए एक फर्जी मुकदमा साबरून के सगे भाई बरकत अली अंसारी तथा उनके भतीजों के विरुद्ध न्यायालय में दर्ज कराया। जबकि वास्तविकता यह है कि मुस्तफा और साबरून दोनों निसंतान हैं तथा साबरून जीवित है। साबरून स्वयं को जीवित सिद्ध करने के लिए सक्षम न्यायालय के समक्ष उपस्थिती दर्ज करा चुकी है।फिलहाल प्रकरण में आगे की न्यायिक कार्यवाही प्रचलित है। चार्जशीट स्वीकार होने के बाद अब सुनवाई की प्रक्रिया तेज होने की संभावना है। जनपद खीरी की अवाम की पैनी नजरें न्यायालय के अंतिम निर्णय पर टिकी हैं और सभी पक्षों को अदालत के निष्पक्ष फैसले का बेसब्री से इंतजार है।

## नाबालिग को भगाने के आरोप में युवक गिरफ्तार


**किशोरी को वन स्टॉप सेंटर भेजा गया।**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से दो माह पहले लापता हुई नाबालिग किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। लापता किशोरी के पिता ने 22 दिसंबर को शिकायत दी थी। आरोप था कि हरचंदपुर थाना क्षेत्र के पहरावा निवासी प्रदीप कुमार पुत्र गोवर्धन उनकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। आरोपी ने मोबाइल पर बातचीत के दौरान बेटी से संपर्क बढ़ाया था। पिता ने तहरीर देने के साथ ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई थी। बृहस्पतिवार को आरोपी युवक और किशोरी कोतवाली पहुंचे। दोनों ने साथ रहने की बात कही। लेकिन मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने गंभीर धाराओं में कार्रवाई की। मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। इसी आधार पर युवक को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया है। उसे वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया।

## होली पर 'हक' की होली: मोहनलालगंज के मनरेगा कर्मियों के घर छाया अंधेरा, 11 महीने से मानदेय का इंतजार

**● .......अतिरिक्त काम का बोझ और खाली जेब; ब्लॉक अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने उठाए सवाल– क्या ऐसे मनेगा उत्सव?**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**मोहनलालगंज/लखनऊ** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज विकास खंड समेत पूरे जिले में जहाँ एक ओर होली के त्योहार को लेकर उल्लास का माहौल है, वहीं ग्राम रोजगार सेवकों और मनरेगा कर्मियों के घरों में पिछले 11 महीनों से मानदेय न मिलने के कारण गहरा सन्नाटा और घोर आर्थिक तंगी पसरी हुई है। विडंबना यह है कि दूसरों के गांवों के विकास का जिम्मा उठाने वाले इन 56 ग्राम रोजगार सेवकों समेत जिले के कुल 319 कर्मचारियों के सामने अब रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है, जिससे त्योहार की खुशियाँ हताशा में बदल गई हैं। ग्राम रोजगार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने विभाग की कार्यशैली पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे सीधे तौर पर मानवाधिकारों का हनन करार दिया है; उन्होंने व्यथा व्यक्त की है कि एक तरफ इन कर्मियों को मनरेगा के मूल कार्यों के अलावा क्रॉप सर्वे, बीएलओ ड्यूटी और फैमिली आईडी जैसे भारी-भरकम गैर-विभागीय कामों के चक्रव्यूह में झोंक दिया गया है, और दूसरी तरफ करीब साल भर से वेतन के लाले पड़ने के कारण कई कर्मचारी कर्ज के दलदल और भारी मानसिक तनाव में डूब चुके हैं। स्थिति इतनी भयावह और चिंताजनक हो चली है कि आर्थिक तंगी से बेबस कर्मचारी अब आत्मघाती कदम उठाने जैसे विचारों के मुहाने पर खड़े हैं, ऐसे में अब सबकी नजरें योगी सरकार के 'जीरो टॉलरेंस' और 'संवेदनशील प्रशासन' के दावों पर टिकी हैं कि क्या मुख्यमंत्री इन बदहाल कर्मचारियों की बेरंग होती होली में न्याय का रंग भर पाएंगे।

## नाबालिक किशोरी अपने प्रेमी के साथ हुई रफू चक्कर

**● जीजा के यहां मेहमान नवाजी करने आई थी नाबालिक किशोरी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**सिंगाही खीरी।** पंद्रह दिन पहले अपने जीजा के यहां मेहमाननवाजी करने आई नाबालिग किशोरी अपने पूर्व से परिचित प्रेमी के साथ रफूचक्कर हो गई थी। मामले में नाबालिग के पिता की तहरीर पर सिंगाही पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ बहला-फुसलाकर भगाने का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की थी। शुक्रवार को पुलिस ने किशोरी को देहरादून (उत्तराखंड) से सकुशल बरामद कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंगाही थाना क्षेत्र में ठहरी किशोरी मूल रूप से तिकुनियां कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की निवासी है और उसकी उम्र करीब 14 वर्ष बताई गई है। आरोप है कि 10 फरवरी 2026 को किशोरी का परिचित राहुल, निवासी बघैया (तिकुनियां कोतवाली क्षेत्र), अपने दो साथियों के साथ जीजा के गांव पहुंचा और किशोरी को रास्यमय ढंग से अपने साथ ले गया।

घटना की जानकारी मिलने पर किशोरी के पिता ने सिंगाही थाने में तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए लोकेशन ट्रेस कर किशोरी को देहरादून से बरामद किया। बरामदगी के बाद पुलिस ने किशोरी का बयान दर्ज किया और उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है आगे की विधिक कार्रवाई जारी !

## होली पर्व के रंग दिवस पर सभी देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर मॉडल शॉप आदि मादक पदार्थों की बिक्री पूर्णतया रहेगी प्रतिबंधित: जिला मजिस्ट्रेट

**रायबरेली:-** जिला मजिस्ट्रेट हर्षिता माथुर ने होली के पर्व पर लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम की धारा-59 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिए हैं कि होली पर्व के रंग दिवस 04 मार्च 2026 को सम्पूर्ण दिवस जनपद रायबरेली में संचालित सभी देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, मॉडल शाप, बार अनुज्ञापन (एफ0एल0-7), भांग, ताड़ी, सी0एल0-2, एफ0एल0-2/एफ0एल0 2बी, एफ0एल0-49, एफ0एल0-16,17 एवं एफ0एल0-09/09ए के अनुज्ञापनों पर मादक पदार्थों की बिक्री पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगी। उन्हेंने कहा है कि इस बन्दी के लिए अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा। इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

## क्वांटम प्रौद्योगिकी विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 'क्वांटम प्रौद्योगिकी' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, अभियंताओं एवं विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। अपने उद्घाटन वक्तव्य में वक्ताओं ने कहा कि क्वांटम प्रौद्योगिकी ने मानव सभ्यता को सेमीकंडक्टर, लेज़र, एमआरआई मशीन, परमाणु ऊर्जा तथा अंतरिक्ष यात्रा जैसे महत्वपूर्ण आविष्कार प्रदान किए हैं, जिनसे विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन संभव हुए हैं। क्वांटम सिद्धांत की नींव वर्ष 1900 में जर्मन वैज्ञानिक Ma& Planck द्वारा रखी गई थी, जिन्हें क्वांटम सिद्धांत का जनक माना जाता है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया कि वर्ष 2025 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार क्वांटम टनलिंग के विकास हेतु प्रदान किया गया, जो भविष्य में उच्च-प्रदर्शन (हाई परफॉर्मेंस) कंप्यूटरों के विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.(डॉ.) ओंकार प्रसाद, अध्यक्ष, भौतिकी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। उन्होंने 'क्वांटम संगणन' (Quantum Computing) विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने क्यूबिट (क्वांटम बिट), अध्यारोपण सिद्धांत तथा क्वांटम कलन-विधियों की मूल अवधारणाओं को सरल शब्दों में स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार क्वांटम संगणन भविष्य में सांकेतिक सुरक्षा, औषधि अनुसंधान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा जटिल गणनाओं के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रो.(डॉ.) लीना सिन्हा ने 'क्वांटम अंतर्सबद्धता' (Quantum Entanglement) विषय पर प्रमुख व्याख्यान (प्रथम) दिया। उन्होंने क्वांटम अंतर्सबद्धता की वैज्ञानिक पृष्ठभूमि, उसके प्रयोगात्मक प्रमाण तथा क्वांटम संचार एवं सांकेतिक लेखन में उसके उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके उपरांत प्रो.(डॉ.) ज्योत्स्ना सिंह ने 'नाभिकीय भौतिकी' (Nuclear Physics) विषय पर प्रमुख व्याख्यान (द्वितीय) प्रस्तुत किया। उन्होंने परमाणु संरचना, नाभिकीय ऊर्जा, रेडियोधर्मिता तथा चिकित्सा एवं ऊर्जा उत्पादन में नाभिकीय भौतिकी के अनुप्रयोगों की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष इं. वी.पी. सिंह ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि क्वांटम प्रौद्योगिकी भविष्य की महत्वपूर्ण तकनीक है। उन्होंने बताया कि यह तीव्र गणना, सुरक्षित संचार तथा उन्नत अनुसंधान के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान कर रही है और देश की वैज्ञानिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भी सक्रिय उपस्थिति रही। उन्होंने विषय के प्रति अपनी जिज्ञासा एवं उत्साह व्यक्त करते हुए अपने विचार साझा किए तथा क्वांटम प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं पर प्रश्न पूछकर कार्यक्रम को संवादात्मक एवं ज्ञानवर्धक बनाया। इस संगोष्ठी में कार्यक्रम के संयोजक, डॉ. ए.के. जौहरी ने सर आइज़ैक न्यूटन के महान ग्रंथ 'Principia' पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह ग्रंथ गुरुत्वाकर्षण के नियम, गति के नियम और ब्रह्मांड की संरचना को समझने का आधार प्रदान करता है। इसके माध्यम से प्रतिभागियों ने न्यूटन के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, उनके प्रयोगों और उनकी खोजों का विश्लेषण समझा, और यह जाना कि कैसे इन सिद्धांतों ने आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में क्रांति लाई। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय संस्था के मानद सचिव इं. एन.के. निषाद, द्वारा किया गया। उन्होंने सभी उपस्थित अभियंताओं एवं गणमान्य सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के उपरांत मध्याह्न भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थितजनों ने सहभागिता की।

## बंजर भूमि पर कब्जे का आरोप, डीएम व एसएसपी से हुई शिकायत

**● क्षेत्रीय लेखपाल पर भी अवैध कब्जा करने का लगा आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**मिल्कीपुर, अयोध्या** अयोध्या जनपद के खण्डासा बाजार क्षेत्र में बंजर भूमि को लेकर विवाद का मामला जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के चौखट तक पहुंच गया है। गांव निवासी सुरेंद्र प्रताप ने निखिल टीकाराम फुंडे (जिलाधिकारी, अयोध्या) तथा गौरव ग्रोवर (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अयोध्या) को शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता सुरेंद्र प्रताप का आरोप है कि उनके गांव स्थित बंजर भूमि, गाटा संख्या 1056, पर गांव के ही शशि शेखर सिंह और उनके परिवार के लोगों ने स्थानीय लेखपाल की मिलीभगत से जबरन कब्जा कर लिया। शिकायत के अनुसार जेसीबी मशीन से बंजर खाते की भूमि पर खाई खुदवाकर सीमांकन जैसा स्वरूप दे दिया गया, जिससे जमीन पर अवैध कब्जे की आशंका और गहरा गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस कार्रवाई में राजस्व विभाग के स्थानीय कर्मियों की भूमिका संदिग्ध है और गलत तरीके से नापइस कराकर बंजर भूमि को प्रभावित किया गया है।

शिकायतकर्ता के अनुसार जब मामले की सूचना डायल 112 पर दी गई तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को खण्डासा थाने बुलाया और शांति भंग की आशंका में पाबंद कर दिया। उनका कहना है कि मूल विवाद की गहराई से जांच करने के बजाय दोनों पक्षों पर समान रूप से कार्रवाई कर दी गई, जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। सुरेंद्र प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी से मांग की है कि प्रकरण की जांच किसी अन्य तहसील की टीम से कराई जाए, ताकि निष्पक्षता बनी रहे। साथ ही, दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं सुरेंद्र सिंह के पुत्र ओंकार सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर परिवार की जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। उनका कहना है कि भूमि विवाद के चलते तनाव की स्थिति बनी हुई है, ऐसे में किसी अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।

## सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन का किया गया ध्यान प्राणायाम एवं योग अभ्यास के साथ शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** श्री गांधी महाविद्यालय सिधौली की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन का शुभारंभ ध्यान, प्राणायाम एवं योग अभ्यास के साथ किया गया। शिविर के प्रथम अकादमिक सत्र की थीम 'स्वास्थ्य जागरूकता अभियान' रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पहल फाउंडेशन की संयुक्त सचिव एवं कवियत्री पिंकी अरविंद प्रजापति ने अपने प्रेरणादायक गीतों के माध्यम से स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं संतुलित जीवनशैली का संदेश दिया। उन्होंने बचपन से स्वास्थ्य के महत्व, कोरोना काल के अनुभव तथा जंक फूड से होने वाली समस्याओं को गीतों के जरिए प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतीत राम के नेतृत्व में स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर रैली निकाली गई। इस दौरान स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। भोजनावकाश के पश्चात स्वयंसेवकों की पांच-पांच सदस्यीय टोलियों ने गांव में जाकर महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। सायंकालीन सत्र में स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से मनोरंजन एवं सामूहिक सहभागिता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. चंद्रशेखर ने स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में स्वच्छ वातावरण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## आजाद के नाम से काँपती थी अंग्रेजी हुकूमत: पवन

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नगर मंडल द्वारा महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर मेडिकल कॉलेज गेट स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अल्पायु में ही देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष का मार्ग चुना और 14 वर्ष की आयु में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आजाद के नाम से अंग्रेजी हुकूमत कांपती थी और उनका बलिदान सदैव देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। भाजपा नेता अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद का जीवन समर्पण और साहस का प्रतीक है। उनका बलिदान युगों-युगों तक स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में अरुण कुमार मिश्र, वीरेंद्र पाठक, विजय कुशवाहा, अमरजीत मिश्र, आदित्य सिंह गोलू, प्रदीप विश्वकर्मा एवं डॉ. विनोद पाण्डेय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## देश को राजनीतिक आजादी मिल चुकी है लेकिन सामाजिक और आर्थिक आजादी अभी अधूरी है:-राकेश राठौर



**बिसवां, सीतापुर,** बिसवां के लालपुर में आयोजित संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम में सांसद राकेश राठौर ने कहा कि देश को राजनीतिक आज़ादी मिल चुकी है, लेकिन सामाजिक और आर्थिक आज़ादी अभी अधूरी है। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना से ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी और वंचित वर्गों को न्याय मिल सकेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष (चिकित्सक प्रकोष्ठ) डॉ. आर. पी. वर्मा ने कहा कि बिसवां विधानसभा क्षेत्र के हर जिला पंचायत क्षेत्र में संविधान बचाओ संवाद आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संविधान की भावना गांव-गांव लागू होगी तो ही सामाजिक और आर्थिक आज़ादी संभव है। कार्यक्रम में डॉ बृज बिहारी रोशनी गुप्ता, रागिनी बर्मा, विनीता राजवंशी, मोहनी राजवंशी, विकास राजवंशी, माया, राधा, नंदकिशोर राजवंशी, विशंभर दयाल पासी, रमेश चंद्र बघेल, निर्मल यादव की उपस्थिति रही। संचालन समीर गुप्ता ने किया।

## प्लाईवुड फैक्ट्री पर कानपुर के तीन लोगों का दावा डीएम ने राजस्व में निहित करने का दिया था आदेश, आपत्ति दाख़िल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में लम्बे समय से बंद प्लाईवुड प्रॉडक्ट फैक्ट्री की जमीन को राज्य सरकार में निहित होने के ऐलान के बाद हलचल तेज हो गई। जिलाधिकारी राजा गणपति आर ने 11 फरवरी को गजट निकालकर यह ऐलान किया था। इसके बाद कानपुर से आए अपने तीन व्यक्तियों ने आपत्तियां दाखिल करते हुए प्लाईवुड फैक्ट्री के पार्टनर्स के रूप में कागजात कोर्ट में दाखिल किए है। स्वामित्व दाखिल होने के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म है मालूम हो कि हुसैनगंज जिला के में स्थित प्लाईवुड प्रोडक्ट फैक्ट्री की गाटा संख्या 79 के नंबर 8 घाटों के रकबा पर 5.679 हेक्टेयर की जमीन पर अपना दावा किया जिलाधिकारी ने 11 फरवरी को एक नोटिस जारी करते हुए इस जमीन को 30 दिनों के अंदर राजस्व में निहित करने के साथी आपत्ति दाखिल करने का समय दिया था। इस गजट के बाद कानपुर नगर के निवासी आबिद जफर, आदिल जफर और सीमा जफरुल्लाह ने प्लाईवुड फैक्ट्री पर पार्टनर्स के रूप में कागजात कोर्ट में जमा करते हुए आपत्ति दाखिल की है।

बालिका की तरफ से अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशासन के अफ़सरों ने डीएम को गुमराह करने का काम किया जा है, जिसके चलते उन्होंने यह जमीन स्वामित्व होने के बावजूद भी राज्य सरकार में निहित करने का ऐलान किया है।

अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि प्लाईवुड फैक्ट्री पर पार्टनर्स के रूप में दावा करने वाले इन तीनों व्यक्तियों को नेशनल हाईवे 30 के निर्माण के दौरान सरकार द्वारा ली गई जमीन का मुआवजा राशि भी इन्हीं तीनों व्यक्तियों को मिला था। इसी के चलते इस फैक्ट्री का स्वामित्व इन तीनों व्यक्तियों के नाम है अब देखना क्या होगा कि जिलाधिकारी न्यायालय में दाखिल की गई इन स्वामित्व के कागजों पर जिलाधिकारी राजा गणपति आर क्या फैसला सुनाते हैं!!

## रेनू यादव ने विधानसभा अध्यक्ष सहित विधानसभा क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवों में जाकर लोगों से किया संपर्क

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बिसवां** आज समाजसेवी रेनू यादव ने विधानसभा अध्यक्ष सुनील यादव , अजय यादव महेश यादव, आरिफ खान के साथ बिसवां विधानसभा क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवों में जाकर लोगों से संपर्क किया तथा चल रहे मतदाता पुनरीक्षण सघन अभियान (एस आई आर) के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आप लोगों के परिवारों में ऐसे पुरुष या महिला जो अट्ठारह वर्ष पूरे कर चुके हैं उन सभी का नाम मतदाता सूची में जुड़ना आवश्यक है फार्म 6 जिससे नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाता है लोगों में वितरित किए तथा क्षेत्र के कोड़री, बुढ़न्नापुर,चम्पापुर, बघैयापुल बाजार, भनवापुर मानपुर आदि गांवों में जाकर गरीब बेवां, बुजुर्ग महिलाओं को धोती वस्त्र आदि वितरित किए तथा गरीबों व दिव्यांग जनो को गमछे भी बांटे तथा सभी लोगों से आगामी आने वाले चुनाव में पीडीए समाज को संगठित होकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट देकर अखिलेश यादव जी को नेतृत्व में सरकार बनाने की अपील की उन्होंने कहा कि मैं भी बिसवां विधानसभा क्षेत्र से टिकट मांग रहीं हूं यदि पार्टी ने मुझे मौका दिया तो मुझे भी आप लोगों को सेवा करने का मौका मिलेगा यदि मुझे टिकट नहीं मिला तो जिसे भी पार्टी टिकट देगी सभी लोग मिलकर पार्टी कंडीडेट को जिताकर अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करें क्योंकि भाजपा सरकार से लोग परेशान हैं विधान सभा अध्यक्ष सुनील यादव ने भी लोगों से कहा कि महंगाई चरम पर है पुलिस विभाग में खुलेआम लूट-खसोट की जारही है बहन बेटियां सुरक्षित नहीं हैं इसलिए सपा सरकार बनाना है तभी जनता का कल्याण होगा। लोगों को अजय यादव,महेश यादव ,आरिफ खान ने भी संबोधित किया।।

# एक नासमझ की नस्ली टिप्पणी से पूर्वोत्तर तक पीड़ा

नई दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में अरुणाचल प्रदेश की तीन लड़कियों के साथ कथित नस्लीय टिप्पणी और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। एयर कंडीशनर लगाने को लेकर शुरू हुआ एक मामूली पड़ोसी विवाद देखते ही देखते गंभीर आरोपों में बदल गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है यह कोई पहली बार नहीं है कि पूर्वोत्तर भारत के लोगों के साथ उनकी शारीरिक बनावट व संस्कृति को लेकर कहीं शेष देश में अभद्रता की गई हो। यहां तक कि एक बार तो पूर्वोत्तर के एक मुख्यमंत्री प्रेस वार्ता में यह कहते रो पड़े थे कि उन्हें भारतीय तक नहीं समझा जाता है। बीते साल मई में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर को 'हमारे विविधता के राष्ट्र में सबसे विशिष्ट क्षेत्र' बताया था। लेकिन दुखद तथ्य यह है कि कुछ ताकतें इन टिप्पणी को तूल देकर बात का बतंगड़ बना कर पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों के दिलों में विष वमन करने के लिए लगी रहती है । हालांकि कई बार इन राज्यों के लोग अक्सर नस्लीय भेदभाव का शिकार होते हैं लेकिन यह राज्य की कानून व्यवस्था से जुड़े मामले होते हैं जिन्हें नस्लीय भेदभाव से जोड़ कर अलगाव की फसल पैदा करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। कुछ समय पूर्व देहरादून में त्रिपुरा के छात्र अंजेल चकमा की हत्या कर दी गई थी। इस घटना के दो महीने से भी कम समय बाद, अब दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाओं को उनके पड़ोसियों ने कुत्सित शब्द ' धंधेवाली' से संबोधित किया और मोमो बेचने को कहा। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि उन्हें अपने ही देश में, और वह भी देश की राष्ट्रीय राजधानी में बेगाना करार दे दिया गया। विडंबना यह है कि यह अभद्रता किसी झगड़े या आवेश की प्रतिक्रिया नहीं थी बल्कि यह पहचान और जातीयता पर लक्षित हमला था। इस घटनाक्रम के बाद एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर धर्म, जाति व जन्मस्थान आदि के आधार पर कटुता फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा अन्य आरोप भी लगाए गए हैं। निस्संदेह, इस दंपति के आपत्तिजनक व्यवहार ने एक गहरे जख्म को ही उजागर किया है, जो 'सबका साथ, सबका विकास' की अवधारणा को सिरे से खारिज करने वाली सोच है। साल 2014 में नीदो तानिया की हत्या से लेकर 2025 में अंजेल चकमा की हत्या तक, यह दुराग्रहों का सिलसिला साफ नजर आता है। अक्सर आरोप लगाये जाते रहे हैं कि पूर्वोत्तर के छात्रों व श्रमिकों को उनकी शारीरिक बनावट, खान-पान और भाषा के आधार पर निशाना बनाया जाता है। यह विडंबना ही है कि कुछ संकीर्ण लोग भारत की समृद्ध विविधता की विरासत का मर्म नहीं पहचानते हैं। किसी राज्य की भौगोलिक स्थिति, जलवायु व सदियों से चली आ रही संस्कृति हमारे रूप-रंग-भाषा व व्यवहार का निर्धारण करती है। कोस-कोस पर भाषा-पानी बदलने वाले देश की यह विविधता इसकी खूबसूरती भी है। इसके मर्म का सम्मान करना व अंगीकार करना हर भारतीय का दायित्व भी है। पर्वतीय इलाकों का परिवेश व जलवायु व्यक्ति के सरल, सहज, सौम्य व्यवहार व कद-काठी का भी निर्धारण करती है। पूर्वोत्तर समाज में स्त्री प्रधान पारिवारिक व्यवस्था तथा सार्वजनिक जीवन में उसकी महती भूमिका को शेष देश के लोगों द्वारा संशय से देखा जाता है। फलत परस्पर विश्वास की इस सामाजिक व्यवस्था में स्त्री की भूमिका को लेकर नकारात्मक धारणाएं गढ़ ली जाती हैं। यही वजह है कि पूर्वोत्तर के लोगों द्वारा आरोप लगाया जाता कि उनकी महिलाओं को शक की नजर से देखा जाता है और उन पर बिना किसी आधार के अनैतिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप तक लगाए जाते हैं। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने भी क्षेत्रीय पहचान को लेकर किए जाने वाले किसी भेदभाव के प्रति अक्सर चेताया है।

मौजूदा घटना क्रम में अरुणाचल प्रदेश की रहने वाली तीन युवतियां अपने किराए के फ्लैट में एसी लगवा रही थीं। इंस्टॉलेशन के दौरान ड्रिलिंग से उठी धूल-मिट्टी नीचे वाले फ्लैट की ओर गिर गई। नीचे रहने वाली पड़ोसी महिला ने इस पर आपत्ति जताई। शुरुआत में यह सामान्य पड़ोसी विवाद जैसा प्रतीत हो रहा था, लेकिन कुछ ही देर में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। आरोप है कि महिला ने गुस्से में युवतियों के खिलाफ नस्लीय और आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। इसी दौरान किसी ने पूरी घटना का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।वायरल वीडियो में आरोपी महिला को कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए सुना और देखा जा सकता है। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कई यूजर्स ने इसे नस्लीय भेदभाव का मामला बताते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। पूर्वोत्तर भारत के नागरिकों के साथ भेदभाव को लेकर पहले भी बहस होती रही है, और इस घटना ने इस संवेदनशील मुद्दे को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है।घटना के बाद पीड़ित युवतियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। शुरुआती जांच में वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि मामले में अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराएं भी लागू हो सकती हैं। इसके बाद केस में इन प्रावधानों को जोड़ा गयाजांच आगे बढ़ने के साथ पुलिस ने आरोपी महिला, जिसकी पहचान रूबी जैन के रूप में हुई है, को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने जांच के दौरान एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराएं आरोपी के खिलाफ जोड़ी हैं.पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद पूछताछ जारी है और मामले की जांच एसीपी स्तर के अधिकारी की निगरानी में की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो के अलावा अन्य साक्ष्यों की भी बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाई जा सके।इस मामले में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू समेत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी मामले में प्रतिक्रिया व्यक्त कर दुख जताया है। सब समूचे सभ्य समाज की अवधारणा कुछ इने गिने नासमझ लोगों की टिप्पणी से नहीं आंकी जानी चाहिए हम उत्तर से पूर्वोत्तर दक्षिण से पश्चिम तक एक है एक रहेंगे और भविष्य में ऐसी कोई घटना नहीं होनी चाहिए।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# विश्व जनसंवाद के शिखर पुरुष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अद्वितीय डिजिटल वर्चस्व

आधुनिक युग में जननेतृत्व की शक्ति केवल जनसभाओं और चुनावी विजय तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि जनसंवाद के नए माध्यमों पर उसकी स्वीकार्यता से भी आंकी जाती है। इस संदर्भ में नरेंद्र मोदी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त करते हुए स्वयं को विश्व के सर्वाधिक प्रभावशाली नेताओं की अग्रिम पंक्ति में स्थापित कर दिया है। सामाजिक माध्यम इंस्टाग्राम पर10 करोड़ से अधिक अनुयायियों का आंकड़ा पार कर उन्होंने ऐसा कीर्तिमान बनाया है, जो अब तक किसी भी राजनेता के लिए संभव नहीं हो पाया था। यह उपलब्धि केवल लोकप्रियता का संकेत नहीं, बल्कि व्यापक जनविश्वास और वैश्विक आकर्षण का प्रमाण है। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2014 में इस मंच पर अपनी सक्रिय उपस्थिति आरंभ की थी। उस समय भारत में सामाजिक माध्यमों का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा था, किंतु राजनीतिक नेतृत्व का उस पर इतना सशक्त प्रभाव नहीं था। उन्होंने इस माध्यम को केवल प्रचार का साधन नहीं बनाया, बल्कि इसे राष्ट्र और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सेतु बनाया। वे अपने संदेशों के माध्यम से देश की उपलब्धियों, सांस्कृतिक परंपराओं, युवा शक्ति, वैज्ञानिक प्रगति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हैं। यही कारण है कि उनके संदेशों को देश ही नहीं, विदेशों में भी व्यापक सराहना मिलती है।

यदि अन्य देशों के नेताओं से तुलना की जाए तो यह अंतर और अधिक स्पष्ट हो जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगभग 4.32 करोड़ अनुयायी हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी की संख्या से काफी कम हैं। इसी प्रकार इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियन्तो के लगभग डेढ़ करोड़ अनुयायी हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के लगभग 1.44 करोड़, तुर्किये के राष्ट्रपति रेकेप तईप एरदोगान बके लगभग 1.16 करोड़ तथा अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलई के लगभग 64 लाख अनुयायी हैं। इन सभी नेताओं की लोकप्रियता अपने-अपने देशों में महत्वपूर्ण मानी जाती है, किंतु वैश्विक सामाजिक मंच पर उनकी स्वीकार्यता प्रधानमंत्री मोदी की तुलना में कहीं पीछे दिखाई देती है। यह अंतर दर्शाता है कि मोदी का प्रभाव सीमाओं से परे जाकर विश्वव्यापी हो चुका है। भारत के भीतर भी उनका वर्चस्व अत्यंत स्पष्ट है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगभग 2.61 करोड़ अनुयायियों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगभग 1.26 करोड़ अनुयायियों के साथ तीसरे स्थान पर आते हैं। यह अंतर केवल संख्या का नहीं, बल्कि प्रभाव की व्यापकता का भी संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी का मंच एकतरफा जनसमर्थन का प्रतीक बन गया है, क्योंकि वे स्वयं किसी को अनुकरण नहीं करते, फिर भी करोड़ों लोग उन्हें स्वेच्छा से अनुकरण करते हैं। यह स्थिति उनके नेतृत्व के प्रति गहरे विश्वास को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता का आधार केवल उनकी डिजिटल उपस्थिति नहीं है, बल्कि उनके कार्यों और दृष्टिकोण से जुड़ा हुआ है। उनके नेतृत्व में देश ने तकनीकी विस्तार और डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। करोड़ों नए नागरिक इंटरनेट से जुड़े और शासन की योजनाओं की जानकारी सीधे प्राप्त करने लगे। सामाजिक माध्यमों पर उनकी सक्रियता ने शासन और जनता के बीच दूरी को कम किया है। वे नियमित रूप से राष्ट्रीय पर्वों, सांस्कृतिक उत्सवों, खिलाड़ियों की उपलब्धियों और वैश्विक मंचों पर भारत की भूमिका को साझा करते हैं। इससे उनकी छवि एक ऐसे नेता की बनती है जो राष्ट्र के हर क्षेत्र से जुड़ा हुआ है।

विश्व राजनीति में अनेक नेता सामाजिक माध्यमों का उपयोग करते हैं, किंतु प्रधानमंत्री मोदी ने इसे जनभागीदारी और राष्ट्रीय गौरव का माध्यम बनाया है। वे विदेश यात्राओं के दौरान प्रवासी भारतीयों से संवाद के दृश्य साझा करते हैं, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भारत की भूमिका को रेखांकित करते हैं और वैश्विक मंच पर देश की प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करते हैं। इस कारण उनकी पहचान केवल एक राष्ट्रीय नेता के रूप में नहीं, बल्कि एक वैश्विक व्यक्तित्व के रूप में स्थापित हुई है।

अनुमोदन के स्तर पर भी वे अनेक नेताओं से आगे बताए जाते हैं। यह स्पष्ट करता है कि उनकी लोकप्रियता केवल आभासी नहीं, बल्कि वास्तविक समर्थन पर आधारित है। जनता के साथ निरंतर संवाद, योजनाओं की पारदर्शिता और व्यक्तिगत सादगी ने उन्हें विशेष स्थान दिलाया है। जहां अन्य देशों में कई नेता सामाजिक माध्यमों पर सीमित प्रभाव रखते हैं, वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने इसे व्यापक जनआंदोलन का रूप दे दिया है। यह उपलब्धि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का भी प्रतीक है। जब किसी राष्ट्र का नेता विश्व के सामाजिक मंच पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त करता है, तो वह उस देश की सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक शक्ति का संकेत देता है। प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता भारत की युवा ऊर्जा, तकनीकी प्रगति और आत्मविश्वास का परिचायक बन गई है। निष्कर्ष यह है कि इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ से अधिक अनुयायियों का आंकड़ा पार कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे डिजिटल युग के सर्वश्रेष्ठ और सर्वाधिक प्रभावशाली नेता हैं। अन्य देशों के नेताओं की तुलना में उनका प्रभाव, संवाद कौशल और जनस्वीकृति कहीं अधिक व्यापक और सशक्त है। विश्व जनसंवाद के इस युग में वे निस्संदेह शिखर पुरुष के रूप में प्रतिष्ठित हो चुके हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

# रंगों से नहीं, परिवर्तन से खिलता है मन का वसंत

**रंग नहीं, संवेदनाओं का उत्सव है होली**

**होलिका दहन: पुराने अंत का नए जीवन से संगम**

अँधेरा जितना भी गहरा हो, जब आग की लपटें उठती हैं, वह हर छिपी कड़वाहट और पुरानी पीड़ा को राख बना देती हैं। होलिका दहन केवल एक धार्मिक रस्म नहीं, बल्कि यह जीवन का सबसे बड़ा संदेश है कि बुराई कितनी भी प्रबल क्यों न हो, वह अंततः समाप्त हो जाती है। राख से उठता है नया वसंत, जिसमें हर पत्ता हरा, हर फूल खिलता और हर सांस नई ऊर्जा से भर जाती है। होली हमें यह सिखाती है कि परिवर्तन कोई असंभव चमत्कार नहीं, बल्कि हर क्षण हमारी अपनी समझ और प्रयास से संभव है। जो आज दुख में डूबा है, वही कल प्रेम, आनंद और उमंग के रंग में सराबोर हो सकता है।

होलिका की कथा केवल पुरानी कहानी नहीं, बल्कि मानव मन के भीतर छिपे द्वंद्व का प्रतीक है। हिरण्यकश्यप का अहंकार और प्रह्लाद की निश्छल भक्ति हमें बताते हैं कि अच्छाई और बुराई दोनों हमारे भीतर मौजूद हैं। जब अहंकार की आग अपने आप को भस्म कर देती है, तब प्रेम और सत्य की शक्ति और प्रबल हो जाती है। हमारी जिंदगी में भी कई 'हिरण्यकश्यप' हैं — ईर्ष्या, क्रोध, भय, लालच — जो हमें मानसिक और भावनात्मक रूप से जलाने का प्रयास करते हैं। लेकिन जब हम प्रह्लाद की तरह सत्य और प्रेम पर अडिग रहते हैं, तो वही आग नकारात्मकता को समाप्त कर देती है। यही होली का सबसे बड़ा संदेश है — परिवर्तन हमेशा हमारे भीतर से शुरू होता है।

रंग बरसाना केवल चेहरों तक सीमित नहीं होता; यह दिलों की दीवारों तक पहुँचता है। पुराने मतभेद, वर्षों की शिकायतें, टूटे रिश्ते और कड़वाहटें सब रंगों में घुलकर मिट जाती हैं। होली का वसंत तभी आता है, जब हम पहले अपने भीतर की होलिका जला चुके होते हैं। जैसे सर्दियों के बाद बसंत की ताजगी आती है, वैसे ही मन के अँधेरों और पुराने गिले-शिकवे समाप्त होने पर प्रेम और भाईचारा खिलता है। परिवर्तन का अर्थ है पुरानी आदतों और नकारात्मक सोच को जलाना, और नए विचार और सकारात्मक ऊर्जा अंकुरित करने देना। होली यही सिखाती है कि जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं — न दुख, न क्रोध, न असफलता; सब बदल सकता है, यदि हम खुद को बदलने की हिम्मत करें। होली का उत्सव कठिनाइयों को सरल बना देता है। रंग खेलते समय लोग जाति, संपत्ति या पद की सीमाओं को भूल जाते हैं। सभी एक हो जाते हैं। यही एकता परिवर्तन की पहली सीढ़ी है। जब हम दूसरों को रंग लगाते हैं, तो अनजाने में अपनी कड़वाहट भी धुल जाती है। क्षमा और समझौते की भावना जन्म लेती है। परिवर्तन अकेले नहीं होता, वह सामूहिक प्रयास से संभव होता है। एक व्यक्ति जब बदलता है, तो उसके आसपास का समाज भी बदलने लगता है। बुराई की होलिका अकेले नहीं जलती, अच्छाई का वसंत भी अकेले नहीं आता। सामूहिक प्रयास, प्रेम और समझदारी से ही यह संभव होता है।

होली का पर्व हमें यह भी सिखाता है कि परिवर्तन केवल बाहरी बदलाव नहीं है, बल्कि अंदर से उठने वाली क्रांति है। यह बदलाव धीरे-धीरे आता है, जब हम पुराने भ्रम, डर और संदेह को जलाते हैं। यह बदलाव व्यक्ति के दृष्टिकोण, सोच और व्यवहार में दिखाई देता है। जब हम दूसरों के लिए समझ, दया और सहयोग का रंग भरते हैं, तो वही रंग हमारे भीतर की बुराई और नकारात्मकता को भी मिटा देता है। होली केवल खुशियों का पर्व नहीं, बल्कि आत्म-शुद्धि और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है।

प्रकृति भी इस संदेश का प्रतीक है। जैसे सर्दियों के बाद बसंत में हर पेड़ और हर फूल नया जीवन लेकर आता है, वैसे ही हमारे जीवन में भी पुराने दुख, पुराने भय और पुराने गिले-शिकवे खत्म होने पर नई ऊर्जा और नई संभावनाएँ जन्म लेती हैं। होली हमें याद दिलाती है कि परिवर्तन सतत प्रक्रिया है, जो कभी रुकती नहीं। हर अंत में नया आरंभ है, और हर कठिनाई में सीख और अवसर छिपे होते हैं। जीवन के रंग तभी खिलते हैं जब हम पुराने अंधेरों को स्वीकार कर उनके ऊपर से विजय की आग लगाते हैं।

बुराई जल रही है, मतलब पुरानी कमजोरियाँ, दोष और भय समाप्त हो रहे हैं। अच्छाई का वसंत आ रहा है, मतलब नई संभावनाएँ, नया प्रेम और नयी ऊर्जा जन्म ले रही हैं। यह त्योहार हमें यह भी सिखाता है कि केवल खुद को बदलना ही पर्याप्त नहीं; दूसरों के लिए मार्ग खोलना और उन्हें प्रेरित करना भी जरूरी है। जब हम अपनी छोटी-छोटी सकारात्मक क्रियाओं के माध्यम से दूसरों के जीवन में रंग भरते हैं, तो समाज सामूहिक परिवर्तन की ओर अग्रसर होता है। यही होली का असली अर्थ है।

होली हमें याद दिलाती है कि परिवर्तन हमेशा संभव है, बुराई चाहे कितनी भी प्रबल क्यों न हो। जीवन का प्रत्येक क्षण नया अवसर देता है। पुरानी आदतों, डर, और नकारात्मकताओं को जलाकर ही हम सच्चे वसंत का अनुभव कर सकते हैं। बस हमें अपने भीतर की आग को पहचानना है, अपनी कमजोरी स्वीकार करनी है, और प्रेम, क्षमा, समझ और सकारात्मकता के रंग भरने हैं। होली नहीं मनानी, होली जीनी है — हर दिन, हर पल। क्योंकि जब हम बदलाव को अपनाते हैं, तो जीवन न केवल रंगीन, बल्कि चमत्कारिक और प्रेरक बन जाता है। यही होली का असली संदेश है — बुराई जल रही है, अच्छाई का वसंत आ रहा है, और जीवन हमेशा नई शुरुआत का अवसर देता है।

**कृति आरके जैन**

# संपादकीय

## पकिस्तान में सेना पर अंकुश लगाने की कोशिश

पाकिस्तान की सियासत के सात दशकों का इतिहास यदि एक वाक्य में पिरोना हो, तो वह 'लोकतंत्र और वर्दी के बीच का कभी न खत्म होने वाला द्वंद्व' है। 14 अगस्त 1947 को वजूद में आने के बाद से ही इस मुल्क ने एक ऐसी विडंबना को जिया है जहाँ संविधान की किताब तो नागरिक शासन की बात करती है, लेकिन सत्ता की असली चाबी रावलपिंडी के जनरल हेडक्वार्टर्स में महफूज रहती है। पाकिस्तान में सेना पर अंकुश लगाने की कोशिशें केवल राजनीतिक सुधारों का हिस्सा नहीं रही हैं, बल्कि ये अस्तित्व की वो लड़ाइयां रही हैं जिनमें कई प्रधानमंत्रियों ने अपनी कुर्सी गवाई, जेल की सजा काटी और कुछ ने तो अपनी जान से भी हाथ धोया। इस संघर्ष की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी साल 2006 का 'लोकतंत्र का चार्टर' है, जिसे नवाज शरीफ और बेनजीर भुट्टो ने लंदन की निर्वासित गलियों में तैयार किया था। यह दस्तावेज केवल एक समझौता नहीं था, बल्कि पाकिस्तानी सेना के उस 'हाइब्रिड मॉडल' के खिलाफ एक सीधा युद्धघोष था, जिसने देश को विकास के बजाय बारूद और कर्ज के ढेर पर ला खड़ा किया।

पाकिस्तान में सेना का वर्चस्व अचानक पैदा नहीं हुआ। 1958 में अयूब खान, 1977 में जिया-उल-हक और 1999 में परवेज मुशर्रफ द्वारा किए गए सैन्य तख्तापलट ने मुल्क की राजनीतिक जड़ों को इतना खोखला कर दिया कि वहां की अवाम और सियासतदानों के मन में यह बात बैठ गई कि 'तख्त' का रास्ता सेना की मंजूरी से होकर ही गुजरता है। सेना ने खुद को न केवल सरहदों का रखवाला, बल्कि 'वैचारिक सीमाओं' का रक्षक और राष्ट्रीय सुरक्षा का एकमात्र ठेकेदार घोषित कर दिया। इसी पृष्ठभूमि में जब 2006 में चार्टर ऑफ डेमोक्रेसी पर हस्ताक्षर हुए, तो उम्मीद की एक किरण जगी थी। इस चार्टर में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि सेना को राजनीति से पूरी तरह बेदखल किया जाएगा, खुफिया एजेंसियां (ISI और MI) केवल प्रधानमंत्री के प्रति जवाबदेह होंगी, और किसी भी सैन्य अधिकारी को संवैधानिक पद पर बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार था जब दो कट्टर प्रतिद्वंद्वी दल, पीपीपी और पीएमएल-एन, अपनी आपसी रंजिश भुलाकर एक साझा दुश्मन यानी 'सैन्य प्रतिष्ठान' के खिलाफ एकजुट हुए थे।

हालांकि, इतिहास गवाह है कि पाकिस्तान में सेना पर लगाम कसने की हर कोशिश को खुद सेना ने बहुत ही शातिर तरीके से नाकाम किया। 2007 में बेनजीर भुट्टो की शहादत और उसके बाद 2008 के चुनावों के बाद बनी लोकतांत्रिक सरकार ने जब भी सेना के अधिकारों को चुनौती देने की कोशिश की, उसे 'मेमोगेट स्कैंडल' या 'डॉन लीक्स' जैसे विवादों में उलझा दिया गया। सेना ने अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए एक नया तरीका ईजाद किया जिसे 'हाइब्रिड शासन' कहा जाता है। इसमें सीधे तौर पर मार्शल लॉ नहीं लगाया जाता, बल्कि एक ऐसी राजनीतिक कठपुतली को सत्ता में बिठाया जाता है जो सेना के हितों की रक्षा कर सके। इमरान खान का 2018 में सत्ता में आना इसी प्रयोग का हिस्सा माना गया था, लेकिन विडंबना देखिए कि जिस इमरान खान को सेना ने 'प्रोजेक्ट' के तौर पर लॉन्च किया था, वही 2022 में सत्ता से बेदखल होने के बाद सेना के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए। आज 2026 के दौर में भी पाकिस्तान उसी दोराहे पर खड़ा है।

सेना पर अंकुश लगाने की राह में सबसे बड़ी बाधा पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर सेना का कब्जा है। 'मिलिट्री इंक' के नाम से मशहूर यह व्यवस्था बैंकिंग, खाद, सीमेंट, अनाज और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में सेना का एकाधिकार सुनिश्चित करती है। जब किसी संस्था के पास देश की अर्थव्यवस्था का इतना बड़ा हिस्सा और अत्याधुनिक हथियार दोनों हों, तो निहत्थे राजनेता उसके सामने बौने नजर आते हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान की न्यायपालिका ने भी अक्सर सेना के कदमों को 'जरूरत का सिद्धांत' बताकर जायज ठहराया है। जब तक जजों की नियुक्तियों और उनके फैसलों पर सेना का परोक्ष दबाव रहेगा, तब तक लोकतांत्रिक अंकुश की बात केवल एक किताबी कल्पना बनी रहेगी। वर्तमान में आसिम मुनीर के कार्यकाल में सेना की शक्ति और भी केंद्रित हो गई है, जहाँ विशेष सैन्य अदालतों के माध्यम से नागरिकों और राजनेताओं को नियंत्रित किया जा रहा है।

फरवरी 2026 की हालिया राजनीतिक हलचल, जिसमें शहबाज शरीफ सरकार ने इमरान खान की पार्टी (PTI) को फिर से 'लोकतंत्र के चार्टर' पर साइन करने का न्यौता दिया है, इस दिशा में एक हताश लेकिन महत्वपूर्ण प्रयास दिखती है। यह प्रस्ताव इस अहसास से उपजा है कि जब तक राजनीतिक दल आपस में लड़ते रहेंगे, सेना 'फूट डालो और राज करो' की नीति से अपना उल्लू सीधा करती रहेगी। यदि इमरान खान और वर्तमान सत्ताधारी गठबंधन सेना के खिलाफ एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर सहमत हो जाते हैं, तो यह पाकिस्तान की सेना के लिए दशकों बाद सबसे बड़ी चुनौती होगी। लेकिन यहाँ भी संदेह के बादल गहरे हैं; क्या इमरान खान वास्तव में लोकतंत्र को मजबूत करना चाहते हैं या वे केवल सेना के साथ अपनी व्यक्तिगत 'डील' की तलाश में हैं? पाकिस्तान की राजनीति में 'डील' और 'ढील' (रियायत) दो ऐसे शब्द हैं जिन्होंने वहां के लोकतंत्र को कभी परिपक्व नहीं होने दिया।

भारत और शेष विश्व के लिए पाकिस्तान में सेना पर अंकुश लगाने की कोशिशें बेहद संवेदनशील मामला हैं। एक ऐसी सेना जिसके हाथ में परमाणु हथियारों का बटन हो और जिसका राजनीतिक अस्तित्व भारत-विरोध पर टिका हो, वह कभी भी शांति की समर्थक नहीं हो सकती। यदि वहां की नागरिक सरकारें वास्तव में सेना को बैरकों तक सीमित करने में सफल होती हैं, तो इससे न केवल कश्मीर मुद्दे पर बातचीत का एक ठोस धरातल तैयार होगा, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में स्थिरता आएगी। लेकिन यह रास्ता कांटों भरा है। सेना ने दशकों से यह नैरेटिव गढ़ा है कि बिना उनके पाकिस्तान का वजूद खत्म हो जाएगा। इस नैरेटिव को तोड़ने के लिए पाकिस्तान के राजनेताओं को न केवल एकजुट होना होगा, बल्कि उन्हें सुशासन के माध्यम से जनता का विश्वास भी जीतना होगा। अंततः, पाकिस्तान में सेना पर अंकुश लगाने की कोशिशें तब तक सफल नहीं हो सकतीं जब तक कि वहां का मध्यम वर्ग और युवा पीढ़ी इस बदलाव के लिए सड़कों पर खड़ी न हो। 9 मई 2023 की घटनाओं ने दिखाया था कि जनता के एक हिस्से में सेना के खिलाफ गुस्सा तो है, लेकिन बिना संगठित नेतृत्व और संस्थागत सुधारों के, यह गुस्सा केवल अराजकता पैदा करता है, बदलाव नहीं। 2006 का चार्टर आज भी एक मार्गदर्शक दस्तावेज की तरह मौजूद है, लेकिन इसकी सार्थकता तभी है जब इसे सत्ता हथियाने का हथियार बनाने के बजाय देश के भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प बनाया जाए। पाकिस्तान को आज एक ऐसे 'सत्य और सुलह आयोग' की जरूरत है जो सेना के राजनीतिक दखल के घावों को भरे और एक ऐसा नया सामाजिक अनुबंध तैयार करे जहाँ बंदूक की ताकत वोट की ताकत के सामने नतमस्तक हो।

**महेन्द्र तिवारी**

# प्रजातंत्र, नागरिक और समाज की स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति पर अवलंबित

हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकेंद्य बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकताद्य वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे, उनके विचारों में मौलिकता, नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।

किसी स्वस्थ स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## समर्थकों ने केक काटकर मनाया विधायक का जन्मदिन



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक के बीडीओ कान्फ्रेंसिंग कक्ष में शुक्रवार को ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया के नेतृत्व में नौतनवां विधायक ऋषि त्रिपाठी का 44वां जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थकों ने केक काटकर दिर्घायु की कामना करते हुए बधाई दी। ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया ने कहा कि विधायक ने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का कार्य किया है। साथ ही बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र में एक समानता की दृष्टि से विकास करने का कार्य किया है। इस दौरान मुन्नू पाण्डेय, विजय मद्धेशिया, गंगाधर दुबे, संजय त्रिपाठी, अमित गिरिजा शंकर पाण्डेय, अमित मिश्रा, उमेश यादव, गणेश मद्धेशिया, संजय यादव, अखिलेश सिंह, गुड्डू खां, राजू पासवान, बैजनाथ यादव, विनय मिश्र समेत अन्य समर्थक मौजूद रहे।

## बीएसए शालिनी श्रीवास्तव निलंबित, विभागीय जांच के आदेश

**देवरिया।** जनपद के कृष्ण मोहन सिंह आत्महत्या प्रकरण में शासन ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की संस्तुति पर की गई है। उत्तर प्रदेश शासन के बेसिक शिक्षा अनुभाग-1 द्वारा जारी आदेश में उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में शिथिलता एवं लगभग एक वर्ष तक प्रभावी कार्रवाई न करने के आरोप प्रथम दृष्टया सिद्ध पाए गए हैं। शासन ने इसे गंभीर कदाचार मानते हुए उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली-1999 के तहत निलंबन एवं विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। जांच की निष्पक्षता के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक, गोरखपुर मंडल को जांच अधिकारी नामित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा तथा उनका संबद्धीकरण शिक्षा निदेशक (बेसिक), लखनऊ कार्यालय से किया गया है। रिक्त पद पर नियमित तैनाती तक प्राचार्य, डायट देवरिया को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## चकबंदी के दौरान बंद हुआ सर्वजनिक रास्ता, जांच के बाद हटाने का निर्देश

**सहजनवां /गोरखपुर-** सहजनवां तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा बड़गो में चकबंदी प्रक्रिया के दौरान सर्वजनिक रास्ते के चौड़ीकरण में अवरोध उत्पन्न हो गया था। जानकारी के अनुसार, सड़क से सटे गाटा पर चकबंदी लेखपाल के सहयोग से किए गए निर्माण के कारण रास्ता बाधित हो गया, जिससे ग्रामवासियों में रोष व्याप्त हो गया। मामले की शिकायत पर उच्च अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए जांच कराई। उप संचालक चकबंदी (डीडीसी) के निर्देश पर संबंधित लेखपाल से अभिलेखों की जांच कराई गई। जांच उपरांत लेखपाल को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए रास्ते को पुनः ग्रामवासियों के आवागमन के लिए सुगम बनाने का निर्देश दिया गया। डीडीसी दशरथ कुमार, एससीओ धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, सीओ देवकांत पांडेय एवं एसीओ निर्मल कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में कार्रवाई की गई। संबंधित लेखपाल राहुल यादव के विरुद्ध भी आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है और सर्वजनिक रास्ते को शीघ्र बहाल किए जाने की उम्मीद जताई है।

## ई-रिक्शा चालक के हत्यारोपियों तक नहीं पहुंच सकी पुलिस

लालगंज, प्रतापगढ़। ईरिक्शा चालक की हुई हत्या को लेकर ढ़ाई माह बाद भी पुलिस हत्यारोपियों का सुराग नहीं लगा सकी है। हालांकि पुलिस शीघ्र ही घटना के खुलासे का दावा कर रही है। लीलापुर थाना क्षेत्र के सरायताल मकई निवासी 44 वर्षीय दिनेश वर्मा पुत्र रामेश्वर वर्मा बीती 16 दिसंबर को लालगंज कोतवाली के पूरे तिलकराम इलाके में घायलावस्था में अचेत पड़ा मिला था। बीती 17 दिसंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। घटना के बाद से मृतक का ईरिक्शा भी गायब है। मामले में मृतक के पुत्र अंकुश वर्मा की तहरीर पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की। लेकिन करीब ढ़ाई माह बाद भी पुलिस हत्यारोपियों तक नहीं पहुंच पायी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# बांसगांव में जमीनी विवाद की आग भड़की, अधिवक्ता के भाई  हत्या!

### ●पीट-पीटकर जान ली गई, तीन घायल; दोनों पक्ष के घायल जिंदगी-मौत की लड़ रहे लड़ाई



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोरखपुर (बाँसगांव)-** नगर पंचायत बांसगांव में एक छोटा सा जल निकासी का विवाद आज सुबह खूनी संघर्ष में बदल गया। वार्ड नंबर 9 के निवासी और स्थानीय अधिवक्ता अग्निवेश सिंह को जमीनी रास्ते से नाली का पानी निकालने के विवाद में बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला गया। घटना इतनी निर्मम थी कि अधिवक्ता की मौके पर ही मौत हो गई। मारपीट में उनके भाई नीतीश सिंह (स्वयं अधिवक्ता) और पिता सुनील सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि आरोपी पक्ष के सौरभ सिंह का सिर फट गया। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है और उन्हें जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पूरे बांसगांव में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, आज सुबह करीब 9.40 बजे वार्ड नंबर 12 में नगर पंचायत द्वारा नाली निर्माण कार्य चल रहा था। मृतक अग्निवेश सिंह की जमीन के रास्ते नाली का पानी निकालने के लिए संजय सिंह, उनके बेटे सौरभ सिंह और सौरभ की मां ने जबरदस्ती पाइप डालने का प्रयास शुरू कर दिया। अग्निवेश सिंह ने इसका कड़ा विरोध किया तो आरोपी पक्ष ने उन्हें घेर लिया और लाठियों-डंडों से निर्मम हमला बोल दिया। देखते ही देखते मारपीट इतनी विकराल हो गई कि अग्निवेश सिंह के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।परिजनों ने शव को तसल्ली के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही बांसगांव कस्बे में तनाव फैल गया। भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

उपजिलाधिकारी प्रदीप सिंह और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसपी दक्षिणी दिनेश कुमार पुरी ने बताया कि आरोपियों की तलाश चल रही है और जल्द कार्रवाई की जाएगी। यह विवाद लंबे समय से चल रहा था। स्थानीय लोग बताते हैं कि नाली के पानी को अग्निवेश की जमीन से गुजारने का मुद्दा कई बार उछला, लेकिन प्रशासनिक हल नहीं निकला। अग्निवेश सिंह क्षेत्र के लोकप्रिय वकील थे, जो कई सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय रहते थे। उनकी मौत से वकील संघ में आक्रोश है। परिवार में मातम पसरा है। पत्नी और छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। भाई नीतीश सिंह ने गुस्से में कहा, 'ये हत्या नहीं, सुनियोजित हत्याकांड है। आरोपी पक्ष ने पहले से प्लानिंग कर रखी थी। मेरे भाई को घेरकर बेरहमी से पीटा गया।' पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज करना शुरू कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक कोई लिखित तहरीर नहीं पड़ी थी, लेकिन हत्या का मामला दर्ज होने की पूरी संभावना है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि ऐसे छोटे-छोटे विवादों को समय रहते सुलझाया जाए, वरना बांसगांव जैसे शांत कस्बे में कानून-व्यवस्था पर सवाल उठेंगे। यह घटना एक बार फिर याद दिलाती है कि छोटी-सी जमीनी लालच कितना बड़ा नुकसान कर सकती है। बांसगांव के लोग अब न्याय की प्रतीक्षा में हैं।

# होली के त्योहार से पहले बाजारों मे नकली मिठाइयां तथा नकली खोये एवं पनीर की भरमार

### ●दुकानदार जनता को धड़ल्ले से खिला रहे हैं जहर

### मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी व खाद्य सुरक्षा अधिकारी नहीं ले रहे हैं सैंपल

### मुख्यमंत्री के गृह जनपद के खजनी तहसील के बाजारों में पटा पड़ा है नकली केमिकल युक्त खोआ,पनीर व मिठाई



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**खजनी-** तहसील क्षेत्र में होली का त्योहार नजदीक आते ही नकली व केमिकल युक्त खोआ, पनीर और मिठाइयों की बिक्री को लेकर चिंताएं बढ़ने लगी हैं। गांवों, कस्बों और बाजारों में रंग-बिरंगी मिठाइयां सज चुकी हैं, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि इनमें मिलावटी सामग्री का इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिम्मेदार विभागों की निष्क्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

**होली के अवसर पर मिठाइयों की मांग**

अचानक बढ़ जाती है। रिश्तेदारियों में उपहार स्वरूप मिठाई ले जाने की परंपरा के चलते बाजारों में खोया बर्फी, लड्डू, पेंड़ा, सोनपापड़ी, मिल्क केक और अन्य आकर्षक पैकिंग वाली मिठाइयों की बिक्री तेज हो गई है। आरोप है कि कुछ दुकानदार अधिक मुनाफा कमाने के लिए सिंथेटिक खोआ और केमिकल युक्त पनीर का उपयोग कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते खाद्य सुरक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग ने सघन जांच व छापेमारी अभियान नहीं चलाया तो लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। खासकर इन दिनों बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से उनके बीमार पड़ने की आशंका से अभिभावक चिंतित हैं।

खजनी, उनवल, भैंसाबाजार, महादेवा और सीकरगंज सहित कई इलाकों में संदिग्ध मिठाइयों की खुलेआम बिक्री की बात सामने आ रही है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों से पनीर व खोआ की सप्लाई किए जाने की भी चर्चा है। जागरूक नागरिकों ने जिलाधिकारी गोरखपुर से मांग की है कि होली से पूर्व विशेष अभियान चलाकर दुकानों से नमूने लिए जाएं और प्रयोगशाला जांच के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि त्योहार की खुशियों में मिलावटखोरी जहर न घोले, इसके लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने की जरूरत होती।

## जिला सैनिक बंधु बैठक में 11 प्रकरणों पर सुनवाई

**देवरिया।** नवीन सभागार, कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला सैनिक बंधु बैठक में 11 पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों की समस्याओं पर सुनवाई की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल सुधाकर त्यागी ने की। बैठक में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण, रास्ता विवाद, भूमि पैमाइश तथा न्यायालय में लंबित मामलों सहित 11 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। संबंधित विभागों को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। अध्यक्ष ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति की भूमि के क्रय-विक्रय में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। बिना जिलाधिकारी की अनुमति ऐसे मामलों में बैनामा विधिसम्मत नहीं है। पूर्व सैनिकों से किसी भी क्रय-विक्रय से पूर्व अनुमति लेने का आग्रह किया गया।

## बेलघाट थाना पर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोलाबाजार ।** आगामी होली और रमजान पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बेलघाट थाना परिसर में शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसपी साउथ दिनेश कुमार पुरी ने कहा कि सभी नागरिक त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालने या साझा करने से बचें। उन्होंने चेतावनी दी कि शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उन्होंने लोगों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में उपजिलाधिकारी खजनी, क्षेत्राधिकारी खजनी दीपांशी राठौर, थाना अध्यक्ष बेलघाट विकास नाथ सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और आपसी सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बना।

# पखवाड़ा बीता सरकारी जमीन पर कब्जा जस-का-तस विभाग कार्रवाई से कोसो दूर

### ●लालच में राजस्व विभाग के कार्यशौली पर उठ रहे सवाल

### दमड़ी के भाव दान किए जा रहे सरकारी जमीन सुविधा शुल्क लेकर विभाग ने बंद किया अपना मुंह



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले के सबसे बड़ी तहसीलहर्रैया तहसील अंतर्गत राजस्व गांव बैरहना में गाटा संख्या 42 एवं 43 की जमीन पर बने कोठी को खाली कराना विभाग के गले का फांस बनता जा रहा है । उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देने के बावजूद राजस्व विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही किया गया है । ग्रामिणो ने विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि भूमाफिया कर्मचारी को दमड़ी का लालच दिखा कर अपने मनसुबे में कामयाब होते नजर आ रहे हैं ।पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।ग्रामीणों का आरोप है कि मामले की लिखित शिकायत उच्च अधिकारियों को देने के बावजूद राजस्व विभाग ने न तो स्थलीय निरीक्षण किया और न ही कब्जा हटाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए। इससे विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।गांव के लोगों का कहना है कि दबंग भूमाफिया कर्मचारियों को लालच/अपने पहुंच का भय दिखाकर कानून को मसलने की बात करते है। यहां जनता की बाते सही साबित हो रही है । आठ जुलाई 2020 की शिकायत और फरवरी 2026 की शिकायतो पर यदि हरैया तहसील प्रशासन कार्रवाई की होती तो बुद्ध सागर पांडे को दुबारा डीएम को शिकायत नही देना पड़ता7 दबंग भूमाफिया हरिश्चंद्र पाण्डे तथा नारायण पाण्डे का भय पूरे गांव में इस कदर व्याप्त है कि वह सबको कीडा मकोड़ा समझता है । सरकारी कर्मचारी को मसलने तक की बाते भी करते ग्रामीणो ने अपने कानो से सुना है । जो उन लोगों ने मीडिया को बताया है । चर्चा यह भी है कि 'सुविधा शुल्क' के चलते सरकारी जमीन को दमड़ी के भाव दान किए जाने जैसा माहौल बना हुआ है और जिम्मेदार विभाग चुप्पी साधे हुए है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध कब्जा तत्काल हटाया जाए तथा दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर प्रकरण को कितनी गंभीरता से लेता है और सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए कब तक प्रभावी कदम उठाए जाते हैं।

## आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी बैठक



**देवरिया।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने संयुक्त रूप से की। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा अफवाहों से बचने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील स्थलों पर निगरानी बढ़ाने और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने भी सुझाव प्रस्तुत किए।

# देवरिया में त्योहारों को लेकर प्रशासन सतर्क

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**रूद्रपुर,देवरिया। आगामी** त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनन्द कुमार पाण्डेय ने थाना रुद्रपुर क्षेत्र के संवेदनशील होलिका दहन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर हरिराम यादव, उपजिलाधिकारी रुद्रपुर हरिशंकर लाल तथा प्रभारी निरीक्षक रुद्रपुर कल्याण सिंह सागर पुलिस टीम सहित मौजूद रहे। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का गहन जायजा लिया। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि सभी चिन्हित होलिका दहन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही अफवाह फैलाने वाले या अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन कराने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध रखने पर भी जोर दिया गया। निरीक्षण के उपरांत अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने रुद्रपुर कस्बे में पुलिस टीम के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर शांति और सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की गई। नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह भी किया गया। प्रशासन और पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सकें।

# आईटीएम के छात्रों ने तैयार किया अत्याधुनिक स्मार्ट लॉकर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सहजनवां-** गोरखपुर जिले के गिडा क्षेत्र स्थित आईटीएम के छात्र सौरभ त्रिपाठी, प्रीतम यादव और प्रसिद्ध मौर्या ने मिलकर एक अत्याधुनिक स्मार्ट लॉकर तैयार किया है, जो घर में रखे कीमती सामान जैसे नकदी, आभूषण, महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य बहुमूल्य वस्तुओं की सुरक्षा को एक नई तकनीकी मजबूती प्रदान करता है।यह स्मार्ट लॉकर पारंपरिक ताले या साधारण सेफ बॉक्स से बिल्कुल अलग है। इसमें आधुनिक सेंसर तकनीक का उपयोग किया गया है, जो किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत पहचान लेता है। छात्र बताते हैं कि लॉकर को घर के वाई-फाई नेटवर्क से कनेक्ट किया जाता है। कनेक्ट होने के बाद इसमें लगे सभी सुरक्षा सेंसर सक्रिय हो जाते हैं। यदि कोई व्यक्ति बिना अनुमति लॉकर को उसकी निर्धारित जगह से हटाने की कोशिश करता है, उसे जबरन खोलने का प्रयास करता है या उसमें छेड़छाड़ करता है, तो सिस्टम तुरंत मालिक के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर अलर्ट संदेश भेज देता है। इसकी सबसे खास विशेषता यह है कि यह केवल चोरी से सुरक्षा नहीं देता, बल्कि आग जैसी आपात स्थिति में भी सतर्क कर देता है।

लॉकर में विशेष फायर सेंसर लगाया गया है, जो तापमान में असामान्य वृद्धि या आग लगने की स्थिति को तुरंत पहचान लेता है। ऐसी स्थिति में भी मालिक के मोबाइल पर तुरंत सूचना पहुंच जाती है, जिससे समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं । लॉकर 12 वोल्ट पावर सप्लाई पर कार्य करता है। इसे एक बार पूर्ण रूप से चार्ज करने पर यह लगभग 15 दिनों तक लगातार कार्य करने में सक्षम है। लगभग 5 किलोग्राम वजन वाला यह लॉकर मजबूत धातु संरचना के साथ तैयार किया गया है।संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने कहा आज के तकनिकी यूग में इस तरह के नवाचार से एक रोजगार की शुरुआत की जा सकती हैं। इसे विकसित करने में करीब दो महीने का समय लगा और लगभग 9,500 रुपये की लागत आई है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में नशा मुक्त भारत पर संगोष्ठी शपथ एवं रैली का आयोजन

### ●नशा समाज एवं राष्ट्र के लिए अभिशाप है जो समाज को तोड़ने विघटित करने तथा राष्ट्र के विकास में बाधक है प्राचार्य डॉक्टर के पी चौरसिया




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**खजनी-** गोरखपुर खजनी तहसील क्षेत्र अंतर्गत स्थित वीर बहादुर सिंह पी.जी .कॉलेज हरनहीं महुराव गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान पर संगोष्ठी, शपथ ,एवं रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ.के. पी.चौरसिया ने स्वयंसेवक /सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज एवं राष्ट्र के लिए अभिशाप है । जो समाज को तोड़ने, विघटित करने तथा राष्ट्र के विकास में बाधक है। नशा उन्मूलन में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि युवाओं में बढ़ता मादक द्रव्यसन काफी नुकसान देह है । इस से युवाओं को नियंत्रित करना होगा तथा समाज को नशा के दुष्परिणामों से जनजागरूक करना है । तथा स्वयं ,परिवार एवं समुदाय को बचाना है । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि समाज,एवं राष्ट्र को नशा मुक्त करना है । इस अवसर पर स्वयंसेवक/सेविकाओं को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाया गया। शपथ के बाद प्राचार्य द्वारा रैली को रवाना किया गया । इस अवसर पर डॉ. पुष्पा ने संगोष्ठी का संचालन किया तथा नशा से होने वाले दुष्परिणाम पर प्रकाश डाला गया ।

छात्र/छात्राओं ने भी अपने विचार अभिव्यक्त किए । राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों महाराणा प्रताप इकाई, शिवाजी ईकाई एवं लक्ष्मीबाई ईकाई के स्वयंसेवक /सेविकाओं ने महाविद्यालय से अभियान चला कर हरनहीं चौराहे ,खजनी तहसील चौराहे, महुराव, एकमा कैथवलिया गांव में नशा मुक्ति अभियान चलाया नशा विरोधी नारे जैसे नशा छोड़ो जीवन से नाता जोड़ो , जो नशे को हराएगा वही सच्चा वीर कहलाएगा, कदम बढ़ाओ उजाले की ओर नशा है अंधेरे की डोर, नशा नहीं शिक्षा अपनाओ देश को नई राह दिखाओ, जैसे नारे दिए इस अवसर पर संस्था के तीनों इकाइयों के स्वयं सेवक /सेविकाएं एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.अरुण कुमार नायक, पुष्पा मिश्रा ,शैलेंद्र कुमार ,राजन,अरुण सिंह, अभिमन्यु ,वीरेंद्र सिंह ,स्वर्णिमा सिंह ,अनुजा सिंह, एकता सिंह नसीमाबानो ,निलाम्बुज सिंह, बबीता मौर्य, रितिका त्रिपाठी, सौम्या मौर्य ,प्रतिभा दुबे एवं तीनों इकाइयों के स्वयंसेवक/ सेविकाएं मौजूद रहे।

## आशा कर्मचारी यूनियन सीटू ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित  मांग पत्र चिकित्सा अधिकारी को सोपा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मनकापुर गोण्डा –** शुक्रवार को आशा कर्मचारी यूनियन सम्बध्द सीटू की जिला उपाध्यक्ष अलका श्रीवास्तव ने आशा संगिनी संग अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र बभनजोत सी एच सी चिकित्सक डॉ दीपक को सौपा है द्य उन्होंने मांग पत्र मे मांग किया है कि आशा एवं आशा संगिनी को न्यूनतम वेतन 26 हज़ार से कम न हो, आशा और आशा संगिनी को सभी बिंदु पर भुगतान सुनिश्चित कराया जाए, भुगतान में हो रही हीला हवाली समाप्त करते हुए ई पी एफ ग्रैजुएटिविटी जैसी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, योग्य एवं अनुभवी आशा को एएनएम के पदों पर सीधे प्रोन्नति दिया जाए, आशा संगिनी को पेट्रोल चालित वाहन स्कूटी तथा आशा को अपने क्षेत्र में काम करने के लिए टीए, डीए की व्यवस्था की जाए, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की व्यवस्था को सरल किया जाए, प्रसव केंद्रों पर प्रसूता के लिए निशुल्क दवा निशुल्क जांच की पर्याप्त व्यवस्था कराई जाए, जननी सुरक्षा का पैसा लंबे समय से नहीं मिल रहा भुगतान कराया जाए, क्षेत्र के सभी उपकेंद्र को संचालित करते हुए सभी जगह डिलीवरी की व्यवस्था कराई जाए, तथा आशा संगिनी के बैठने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केदो पर उचित व्यवस्था कराई जाए सहित दस सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष विद्यावती मौर्या, नीलम, पूनम, रीता अंजलि, कुशलवती, कल्पना, आरती सहित अधिकांश क्षेत्र की आशा कर्मी मौजूद रहे।

## एनसीडी की पहचान व रोकथाम को कार्यशाला, सीएमओ ने दिए निर्देश

**देवरिया।** गैर संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए धन्वंतरि सभागार में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल गुप्ता ने की। सीएमओ ने निर्देश दिया कि सभी चिकित्सक प्रतिदिन एनसीडी आईडी लॉगिंग करें तथा 30 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति की अनिवार्य स्क्रीनिंग की जाए। मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं कैंसर जैसी बीमारियों की समय पर पहचान पर जोर दिया गया। डिप्टी सीएमओ एवं नोडल अधिकारी डॉ. अश्वनी पाण्डेय ने स्क्रीनिंग डेटा समय पर पोर्टल पर अपलोड करने, उपकरणों की उपलब्धता और दवाओं के नियमित वितरण के निर्देश दिए। कार्यशाला में सहयोगी संस्था जपाईगो के विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

# छावनी थानाध्यक्ष चन्दन कुमार ने क्षेत्राधिकारी हर्रैया स्वर्णिमा सिंह की अध्यक्षता में छावनी थाना प्रांगण में किया गया गोष्ठी का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिलेमे आगामी त्यौहार होली व ईद-उल-फितर, रमजान के अवसर पर थाना क्षेत्र के हिन्दू व मुस्लिम समुदाय के सम्भ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों व DJ संचालकों के उपस्थिति में क्षेत्राधिकारी हर्रैया स्वर्णिमा सिंह व थानाध्यक्ष चन्दन कुमार थाना छावनी द्वारा की गई पीस कमेटी की गई मीटिंग और मीटिंग में उपस्थित लोगों से अपील करते हुए आगामी त्यौहार होली व ईद-उल-फितर, रमजान को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्राधिकारी हर्रैया के नेतृत्व व उपस्थिति में थानाध्यक्ष छावनी चन्दन कुमार द्वारा थाना छावनी जनपद बस्ती के प्रांगण में पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। पीस कमेटी की मीटिंग के दौरान थाने के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण, सम्भ्रांत व बरिष्ठ व्यक्तियों, ग्राम प्रधान, हिन्दू व मुस्लिम समुदाय के लोगों व DJ संचालक के उपस्थित में लोगों से उक्त त्यौहारों की शुचिता सामाजिक समरसता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द सद्भाव शान्तिपूर्वक ढंग से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहारों को संपन्न कराने की अपील की गयी साथ ही कड़ी हिदायत दी गई की त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था को भंग करने वाले उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाने की चेतावनी दी गई। उपस्थित जनसमुदाय से होली व ईद-उल-फितर, रमजान के अवसर पर उनके ग्रामसभा में त्यौहार के सम्बंध में किसी प्रकार की समस्या होने के विषय में पूछा गया किसी समस्या के न होने की जानकारी उपस्थित लोगो ने दिया।हालाँकि क्षेत्राधिकारी हर्रैया स्वर्णिमा सिंह व थानाध्यक्ष चन्दन कुमार द्वारा उपस्थित लोगों से अपील किया गया कि अगर कहीं शान्तिपूर्ण माहौल बिगड़ने की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### बलियाः सुनील हत्याकांड में 1 लाख का इनामी अजीत चौबे कोर्ट में सरेंडर



**बलिया** में चर्चित सुनील यादव हत्याकांड के एक लाख रुपये के इनामी आरोपी अजीत चौबे ने शुक्रवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही पुलिस टीम को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। आत्मसमर्पण के दौरान अजीत चौबे ने अदालत से सुरक्षा की गुहार लगाई। उन्होंने पुलिस द्वारा मुठभेड़ किए जाने की आशंका जताते हुए खुद को इस मामले में फर्जी तरीके से फंसाए जाने का आरोप लगाया। उनके अधिवक्ता शम्भू नाथ उपाध्याय ने भी संभावित एनकाउंटर की आशंका व्यक्त करते हुए न्यायालय से सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

20 सितंबर 2025 को हुई थी हत्या यह सनसनीखेज वारदात 20 सितंबर 2025 की देर शाम हल्दी थाना क्षेत्र के रेपुरा चट्टी के पास हुई थी। हमलावरों ने 30 वर्षीय सुनील कुमार यादव पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। रेपुरा गांव निवासी सुनील यादव टेंट हाउस का काम करते थे। घटना के दिन वह एक बच्चे के जन्मदिन समारोह से लौट रहे थे, तभी घात लगाकर उन पर हमला किया गया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए थे। इस मामले में पांच नामजद और तीन-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने अजीत चौबे पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। फिलहाल प्रकरण की आगे की कानूनी प्रक्रिया न्यायालय में जारी है।

### राजकीय आईटीआई सुल्तानपुर में मनाया गया होली मिलन समारोह

**अधिकारियों-कर्मचारियों और छात्रों ने एक दूसरे को अबीर लगा उत्साह से मनाया उत्सव**



**सुल्तानपुर-** राजकीय आईटीआई में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देना था। समारोह का शुभारंभ संस्थान के उपनिदेशक श्री रत्नाकर सिंह ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर किया। इसके बाद पूरा वातावरण 'होली है' के जयघोष से गूंज उठा। उपस्थित सभी लोगों ने फूलों और अबीर-गुलाल से होली खेली। कार्यक्रम में छात्रों और कर्मचारियों ने पारंपरिक फाग गीतों की प्रस्तुति दी। चुटीले चुटकुलों और हास्य कविताओं ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। ढोल की थाप पर संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारी प्रतिनिधियों ने एक साथ नृत्य किया, जिससे पद और प्रतिष्ठा की दूरियां मिटती दिखीं।

अपने संबोधन में उपनिदेशक श्री रत्नाकर सिंह ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह मन के मतभेदों को मिटाकर प्रेम और सद्भाव को अपनाने का दिन है। उन्होंने जोर दिया कि संस्थान का हर सदस्य एक परिवार की तरह है और यही उनकी असली ताकत है। उत्सव के अंत में सभी के लिए पारंपरिक पकवानों का विशेष प्रबंध किया गया। गुझिया की मिठास के साथ सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में सुरक्षा और मर्यादा का पूर्ण ध्यान रखा गया, जिससे सभी ने सुरक्षित और सुखद वातावरण में आनंद लिया। संस्थान के सभी छात्र-छात्राएँ और कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।


### गाजियाबाद में लिच्छवी एक्सप्रेस में लगी आग, यात्रियों में मची अफरा-तफरी



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में लिच्छवी एक्सप्रेस ट्रेन में आग लग गई। दो सिपाहियों की त्वरित सूचना पर ट्रेन को आउटर पर रोक लिया गया। आग को काबू में कर लिया गया है। ट्रेन की गति धीमी होने पर कई यात्री घबराहट में चलती ट्रेन से कूदते नजर आए। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रेलवे अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं।

## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर,** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो कविता शाह की अध्यक्षता में गौतम बुद्ध सभागार में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की मुख्य थीम 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विज्ञान में महिलाएँ' रही, जबकि उप-थीम 'सिद्धार्थ नगर में जलवायु परिवर्तन एवं स्थिरता चुनौतियाँ एवं समाधान' थी। कुलपति कविता शाह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आज वैश्विक स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजीएस) की प्राप्ति का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, जल संसाधन प्रबंधन, स्वास्थ्य, कृषि एवं जलवायु परिवर्तन जैसी समकालीन चुनौतियों के समाधान में वैज्ञानिक अनुसंधान की निर्णायक भूमिका को रेखांकित किया।

द्वितीय सत्र में अध्यक्ष, छात्र कल्याण प्रो. नीता यादव ने कपिलवस्तु के पुरातत्वः इतिहास एवं संभावनाएँ, वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार वर्मा ने सिद्धार्थनगर के प्रमुख आर्द्रभूमियों का आकलन के माध्यम से रामसर साइट की विस्तृत रुपरेखा तथा डॉ. लक्ष्मण सिंह ने ऊर्जा का भविष्य विषय पर व्याख्यान दिए।

इस अवसर पर सामाजिक एवं पर्यावरणीय क्षेत्र में सक्रिय एनजीओ अंकुर की को-फाउंडर डॉ वीणा अग्रवाल भी अपनी टीम के साथ उपस्थित रही। उन्होंने एनजीओ अंकुर का परिचय भी प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान संकाय की महिला शिक्षिकाओं को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। इसके पूर्व प्रथम सत्र में वीना तिवारी, सहायक वनाधिकारी, सिद्धार्थनगर ने 'सतत जीवनशैलीः सतत विकास में हमारा योगदान' विषय पर व्याख्यान दिया। इसके पश्चात डॉ. मनीषा बाजपेयी, भौतिकी विभाग ने 'सतत विकास के लिए ग्रीन नैनोप्रौद्योगिकीः अवसर एवं चुनौतियाँ' विषय पर विचार साझा किए।कार्यक्रम संयोजन प्रो कौशलेन्द्र चतुर्वेदी एवं डॉ आशुतोष श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रक्षा ने किया,

इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता तथा जैव विविधता, स्थिरता और विज्ञान पर आधारित क्विज , प्रदर्शनी एवं पोस्टर प्रस्तुति भी आयोजित की गई। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में कुल 133 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में तृतीय स्थान श्रेया अग्रवाल , द्वितीय स्थान - सूरज कुमार चौधरी, प्रथम स्थान नशीद अहमद ने प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त प्रदर्शनी एवं पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पर्यावरण, जैव-विविधता एवं स्थिरता से संबंधित विषयों पर आकर्षक एवं वैज्ञानिक पोस्टर प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपिका यादव, द्वितीय स्थान रंजना यादव, तृतीय स्थान मनमोहन कुमार गुप्ता ने प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. कपिल गुप्ता एवं डॉ. किरण गुप्ता सम्पादित एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की शोधपरक पुस्तक 'पर्यावरण में ज़ेनोबायोटिक्सः प्रभाव, पहचान एवं उनका निवारण' का विमोचन कुलपति कविता शाह द्वारा किया।

## चौथे शनिवार को भी खुलेंगे सभी बैंक के शासन का निर्देश जारी

**बरेली/**होली का पर्व के मध्य नजर शासन द्वारा चौथा शनिवार 28 फरवरी 2026 को भी सभी कार्यालय के खोलने का निर्देश एस वी एस रंगा राव प्रमुख सचिव लखनऊ द्वारा निर्देश जारी किया गया है क्योंकि तीन बार 4 मार्च को होली का पर्व है इस को देखते हुए शासन ने निर्णय लिया है क्योंकि बैंक कार्यालय दूसरे एवं चौथे शनिवार को अवकाश रहने के कारण बैंक बंद रहते थे। परंतु इस बार होली के पर्व को देखते हुए प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है होली जैसे पर्व पर लोगों को भारी संकट का सामना करना ना पड़े इसके लिए बैंकों सहित सभी कार्यालय सुचारू रूप से 28 फरवरी चौथा शनिवार को भी खुले रहेंगे जिससे किसानों एवं व्यापारियों को अपना लेनदेन करने के लिए बैंक कार्यालय सबसे प्रथम वरीयता में आते हैं इसलिए किसानों को असुविधा न हो सके इसलिए शासन ने चौथा शनिवार को भी सभी बैंकों को खुले रखने का फरमान जारी किया है जिसके तहत उप सचिव बृजेश कुमार द्वारा यह निर्देश सार्वजनिक तौर पर जारी किया गया है।

## बसंतकालीन गन्ना बुवाई अभियान के तहत द्वारिकेश चीनी मिल फरीदपुर ने की गोष्ठी





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**द्वारकेश चीनी मिलऔर गन्ना विकास परिषद् नवाबगंज द्वारा आज दिनांक 27-02-2026 को विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत कटैया बलदेव सिंह में बसंत कालीन गन्ना बुवाई हेतु वृहत गन्ना कृषक सामूहिक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक महा प्रबंधक गन्ना, उप प्रबंधक गन्ना,ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नवाबगंज द्वारा गन्ना कृषकों को गन्ना बुवाई संबंधी तकनीकी जानकारी दी गई जिसमें स्वीकृत गन्ना किस्मों जानकारी/पहचान,ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई , संतुलित उर्वरक का प्रयोग एवं रोग/कीट प्रबंधन तथा बेहतर पेड़ी प्रबंधन द्वारा गन्ना उत्पादन बढ़ाने हेतु कृषकों को बताया गया।

गन्ने की फसल के साथ सह खेती करने पर भी किसानों को बताया गया गन्ना किसानों को अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों को विस्थापित करते हुए उन्नतशील गन्ना किस्मों की बुवाई करने का सुझाव दिया गया तथा गहरी जुताई का गन्ना बुवाई में खास महत्व एवं बुवाई से पहले बीज गन्ना का उपचार अनिवार्य रूप से करके फसल को रोग कीट मुक्त रख कर गन्ने की फसल से अधिक उत्पादन लेने तथा गन्ना किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। द्वारकेश चीनी मिल के नवाबगंज परिषद क्षेत्र के क्षेत्रीय गन्ना अधिकारी, गन्ना पर्यवेक्षक एवं बड़ी संख्या में गन्ना किसान सामूहिक सभा में उपस्थित रहे।

## बाल वाटिका हेतु एडुकेटर्स का किया गया आह्वाहन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**ब्लॉक संसाधन केंद्र क्योलड़िया पर विकास खंड भदपुरा द्वारा हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। प्राथमिक विद्यालय ठिरिया बन्नो जान के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई तत्पश्चाप एआरपी डॉक्टर मधुरेश दीक्षित जी द्वारा इस कार्यक्रम के उद्देश्य और निपुण भारत के परिप्रेक्ष्य में पूर्व प्राथमिक शिक्षा पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। डॉ लक्ष्मीकांत शुक्ला द्वारा माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम पर प्रस्तुतीकरण किया गया।

स्कूल रेडीनेस और वन्डर बॉक्स सहित लर्निंग कॉर्नर के बारे में एआरपी डॉक्टर विवेक सक्सेना द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। प्राथमिक विद्यालय सिठौरा और नवादा इमामबाद के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री विजय कुमार द्वारा द्ष्ष्द्ध एजुकेटर का आह्वान किया गया कि बाल वाटिका का संचालन बेहतरीन और प्रभावपूर्ण तरीके से किया जाए जिससे 5 से 6 वर्ष के बच्चे लाभान्वित हो सके। कार्यक्रम में बाल वाटिका के निपुण छात्रों सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी, नोडल शिक्षको को



सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राथमिक विद्यालय बौरिया की सहायक अध्यापिका श्रीमती राखी गंगवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री ओम बाबू गंगवार द्वारा विशेष रूप से सहयोग दिया गया।

## बिथरी चैनपुर में हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव का में छात्र -छात्राओं ने प्रस्तुत किए मनोहारी कार्यक्रम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केन्द्र बिथरी चैनपुर में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

**मुख्य अतिथि कुमार ने बताया**

उत्सव का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाना, बाल-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देना तथा अभिभावकों एवं समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों, बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता एफ एल एन के महत्व तथा विद्यालय,समुदाय समन्वय पर विशेष प्रकाश डाला कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों, प्रदर्शनी एवं बच्चों की प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों को प्रदर्शित किया ,बल वाटिका छात्र की शिक्षा में नींव की तरह कार्य करती है जो आने वाले समय में छात्र के भविष्य निर्माण में सहायक बनती है। इस मौके पर एआरपी सौरभ शुक्ला,पवन मिश्रा, राम मोहन तिवारी, कृष्ण अवतार सक्सेना, राजीव लोचन, डॉ शिखा अग्रवाल, सौरभ सहाय, कुसुमलता सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

## चौथा शनिवार को भी खुलेंगे सभी बैंक के शासन का निर्देश

**बरेली/**होली का पर्व के मध्य नजर शासन द्वारा चौथा शनिवार 28 फरवरी 2026 को भी सभी कार्यालय के खोलने का निर्देश एस वी एस रंगा राव प्रमुख सचिव लखनऊ द्वारा निर्देश जारी किया गया है क्योंकि तीन बार 4 मार्च को होली का पर्व है इस को देखते हुए शासन ने निर्णय लिया है क्योंकि बैंक कार्यालय दूसरे एवं चौथे शनिवार को आपका असर रहने के कारण बंद रहते हैं परंतु इस बार होली का पर्व को देखते हुए प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है होली जैसे पर्व पर लोगों को भारी संकट का सामना करना ना पड़े इसके लिए बैंकों सहित सभी कार्यालय सुचारू रूप से 28 फरवरी चौथा शनिवार को भी खुले रहेंगे जिससे किसानों एवं व्यापारियों को अपना लेनदेन करने के लिए बैंक कार्यालय सबसे प्रथम वरीयता में आते हैं इसलिए किसानों को असुविधा न हो सके इसलिए शासन ने चौथा शनिवार को भी सभी बैंकों को खुले रखने का फरमान जारी किया है जिसके तहत उप सचिव बृजेश कुमार द्वारा यह निर्देश सार्वजनिक तौर पर जारी किया गया है ब्लॉक संसाधन केंद्र क्योलड़िया पर विकास खंड भदपुरा द्वारा हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव मनाया गया।

## तुलसीपुर में स्वच्छता की अलखः ग्राम विकास अधिकारी मीनाक्षी राव के नेतृत्व में 'खुले में शौच मुक्त' अभियान तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तुलसीपुर (बलरामपुर)।** विकासखंड तुलसीपुर की ग्राम पंचायत पूरेछीटन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच के खिलाफ विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान की अगुवाई ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी राव ने की। सुबह करीब 5:00 बजे गांव में पहुंचकर उन्होंने ग्रामवासियों को खुले में शौच से फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया और स्वच्छता अपनाने का आह्वान किया।

ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी राव ने कहा कि खुले में शौच से डायरिया, टाइफाइड, हैजा समेत कई संक्रामक बीमारियां फैलती हैं, जिनका सबसे अधिक असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ता है। उन्होंने ग्रामीणों को शौचालय के नियमित उपयोग, साफ-सफाई और हाथ धोने की आदतों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। इस दौरान ग्राम प्रधान राजू यादव, पंचायत सहायक मंजू तथा केयरटेकर, राम अछैबर राना, लल्लू राना, शमशेर यादव रानी , पुष्पा, उर्मिला सहित काफी संख्या में पुरुष, महिलाएं, बच्चे, किशोरिया उपस्थित रहे अधिकारियों ने खुले में शौच करने वाले लोगों को फूलों की माला पहनाकर प्रतीकात्मक रूप से जागरूक किया, ताकि उन्हें शर्मिंदा करने के बजाय सकारात्मक संदेश के माध्यम से व्यवहार परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा सके।

अभियान के दौरान घर-घर संपर्क कर शौचालयों की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया और जिन परिवारों में शौचालय होने के बावजूद उपयोग नहीं किया जा रहा था, उन्हें



समझाइश दी गई। श्रीमती मीनाक्षी राव ने बताया कि पंचायत स्तर पर नियमित निगरानी की जाएगी और जरूरतमंद परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। ग्रामवासियों ने भी अभियान की सराहना करते हुए स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। प्रशासन का कहना है कि गांव को पूर्णतः खुले में शौच मुक्त बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाएंगे।

## बाबू बच्चा सिंह स्मारक इण्टर कालेज में वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**गोंडा।** जनपद के देवरिया कलाँ (भटपुरवा) ग्रामीण अंचल में शिक्षा और संस्कार की अलख जगा रहे बाबू बच्चा सिंह स्मारक इण्टर कालेज में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आदरणीय विजय प्रताप सिंह उर्फ तिरपन सिंह जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया और आयोजन की विधिवत शुरुआत की अनुमति प्रदान की। दीप प्रज्वलन के साथ ही पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि तिरपन सिंह ने कहा कि 'ग्रामीण क्षेत्र में ऐसी अद्भुत प्रतिभा की हमने कभी परिकल्पना नहीं की थी। इस विद्यालय के छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागियों की श्रेणी में आते हैं। यदि इन्हें उचित मार्गदर्शन और अवसर मिले तो ये प्रदेश ही नहीं, देश का नाम भी रोशन कर सकते हैं।' उनके प्रेरणादायक शब्दों ने विद्यार्थियों में नया उत्साह भर दिया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ0 हजारी लाल तिवारी, अभय प्रताप सिंह (प्रधान रंजीतनगर), रिंकू ओझा (प्रधान ललकपुरवा), प्रभाकर शरण शुक्ल (प्रधान प्रतिनिधि फत्तेहगढ़), बृजेश शुक्ला, अवनीश शुक्ला, लिटिल तिवारी एवं रूद्रधर द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें शिक्षा का मूलमंत्र दिया और जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी।वार्षिकोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रस्तुति की शुरुआत की, जिसके बाद स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, कविता पाठ, नाट्य मंचन, फैशन शो एवं अन्य दर्जनों रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की भाव-भंगिमा, मंच संचालन कौशल और आत्मविश्वास ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती।कार्यक्रम के उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें पूर्व सत्र के टॉपर विद्यार्थियों एवं वार्षिकोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को अतिथियों के करकमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया, जिससे बच्चों के चेहरे गर्व और खुशी से खिल उठे।कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की शिक्षिका रूबी सिंह एवं अनुराग तिवारी ने किया। आगंतुकों के स्वागत में शिक्षिका राखी विश्वकर्मा एवं प्रतिभा सिंह ने तिलक लगाकर एवं बैज पहनाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तैयारी और मंचन में गरिमा सिंह, तमन्ना, साक्षी सिंह एवं पिंकी गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अतिथियों के बैठने एवं अन्य व्यवस्थाओं में शशी गोस्वामी, बीना मौर्या, रानी शुक्ला एवं साबिर अली का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम में आसपास के विद्यालयों से आए प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यगण, क्षेत्र के सम्मानित प्रधानगण तथा बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए।विद्यालय के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कवीन्द्र प्रताप सिंह, प्रबंधक रवींद्र कुमार सिंह, भूपेन्द्र कुमार सिंह, देवेन्द्र कुमार सिंह, राघवेन्द्र कुमार सिंह, यशोदानन्द शुक्ल, अशोक सिंह, एस0पी0 सिंह, पंकज सिंह, दिनेश भारती सहित समस्त विद्यालय परिवार की सक्रिय भागीदारी से यह आयोजन पूर्णतः सफल और यादगार बन गया। ग्रामीण परिवेश में आयोजित यह भव्य वार्षिकोत्सव कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रदर्शन था, बल्कि यह संदेश भी देता है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो संसाधनों की कमी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती।

## श्रमिकों के आश्रितों को मिला मुआवजा

**41 लाख रुपये से अधिक का भुगतान, श्रम आयुक्त ने किया वितरित**



**सुलतानपुर –** कर्मचारी प्रतिकर आयुक्त एवं सहायक श्रम आयुक्त ने शुक्रवार को मृतकों के आश्रितों को 41 लाख 04 हजार 274 रुपये की क्षतिपूर्ति का भुगतान किया। यह धनराशि उन श्रमिकों के परिवारों को दी गई जिनकी कार्य के दौरान या कार्यजनित कारणों से मृत्यु हो गई थी। बीते वर्षों में कुछ श्रमिकों की कार्य के दौरान या कार्यजनित कारणों से मृत्यु हो गई थी। इन मामलों से संबंधित वाद कर्मचारी प्रतिकर आयुक्त एवं सहायक श्रम आयुक्त सुलतानपुर के न्यायालय में चल रहे थे। अंततः, ये वाद मृतक के आश्रितों के पक्ष में निर्णित हुए। न्यायालय द्वारा निर्णित धनराशि जमा होने के बाद, इसका भुगतान सहायक श्रम आयुक्त मधुबन राम द्वारा किया गया। वादिनी श्रीमती रोशनी पत्नी स्वर्गीय सुरेश कुमार, निवासी ग्राम तिहतल का पुरवा, मजरे भीमी, थाना अमेठी, जनपद अमेठी को 14 लाख 70 हजार रुपये का भुगतान किया गया। इसी प्रकार, श्रीमती सची पत्नी स्वर्गीय सुनील कुमार द्विवेदी, निवासी पूरेबंशीधर दूबे, मौजा ऊँचगांव, पोस्ट अलीगंज बाजार, थाना बँधुआकला, जनपद सुल्तानपुर को 12 लाख 53 हजार 05 सौ 18 रुपये दिए गए। श्रीमती सायदाबानो पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद सलमान, निवासी उघरपुर, बँधुआकला, जनपद सुल्तानपुर को 13 लाख 80 हजार 07 सौ 56 रुपये का भुगतान किया गया। मृतकों के आश्रितों ने सहायक श्रम आयुक्त सुलतानपुर न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस त्वरित और न्यायपूर्ण निर्णय के लिए प्रशंसा की।

## लघु सिंचाई विभाग की जिला स्तरीय तकनीकी समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**भदोही** मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल की अध्यक्षता में लघु सिंचाई विभाग की जिला स्तरीय तकनीकी समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई जिसमें वर्षा जल संरक्षण/ रिचार्ज प्रणाली की स्थापना एवं चेकडैम/एनीकट चेकडैम/तालाब निर्माण के समग्र आयाम पर बल दिया गया। लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता आदित्य नारायण पांडेय व सहायक अभियंता लखते हसन ने विभागीय जानकारी देते बताया कि प्रदेश में सूखे की बार-बार पडने वाली विभीषिका से निपटने के लिए वर्ष 1964 में लघु सिंचाई की स्थापना किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य कृषि उत्पादन में वृद्धि हेतु कृषको के निजी सिंचाई संसाधनो का निर्माण कराकर उन्हे आत्मनिर्भर बनाना है जिससे प्रदेश के हर खेत में सुनिश्चित सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकें, तथा प्रदेश के कृषक अधिकाधिक खाद्यान्न उत्पादन कर प्रदेश व देश के आर्थिक विकास में योगदान कर सके। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु लघु सिंचाई विभाग कृषकों को निजी लघु सिंचाई संसाधनों के विकास हेतु अनुदान मुहैया कराता है, साथ में तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है। कृषकों को दिये जाने वाला अनुदान एक उत्प्रेरक का कार्य करता है तथा लघु सिंचाई साधनों के निर्माण के लिए स्वयं को निवेश करने हेतु कृषकों को प्रेरित भी करता है। प्रदेश में गिरते भूजल संकट के दृष्टिगत विभाग वर्षा जल संचयन, सतही जल के अधिकतम एवं जल संरक्षण की विधाओं को उत्साहित कर जल सम्बर्द्धन हेतु एनीकट चेकडैम (6 मीटर से 10 मीटर तक) निर्माण एवं चेकडैम, तालाब व रूफटाफ रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का निर्माण भी करता है। विगत वर्षों में भी वर्षा की मात्रा में गिरावट के कारण अनियंत्रित एवं अंधाधुंध भूजल दोहन से प्रदेश को क्रिटिकल की स्थिति में पहुँचा दिया है। अधिक दोहन के कारण प्रदेश में प्रति वर्ष भूजल स्तर में गिरावट दर्ज किया गया है। वर्ष 2023 में भूजल आंकलन रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के 810 विकास खण्डों में से 62 विकास खण्ड अतिदोहित 43 विकास विकास खण्ड क्रिटिकल, 172 विकास खण्ड सेमी क्रिटिकल एवं शेष सुरक्षित श्रेणी है, भदोही में सभी विकास खण्ड सेमी क्रिटिकल श्रेणी में है। अतः जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से प्राप्त शासकीय /अर्द्धशासकीय भवनों पर रूफटाफ रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना तथा मुख्य अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के कार्यालय पत्रांक के निर्देश द्वारा तालाब/ चेकडैम/एनीकट चेकडैम (6 मीटर से 10 मीटर तक क्रेस्ट वाल तक) निर्माण हेतु कार्ययोजना/ प्रस्ताव जिला तकनीकी समन्वय समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया है। जिसके निर्माण से जनपद में वर्षा जल संचयन एवं भूजल रिचार्ज होने से जनपद के समस्त विकास खण्ड सेमीकिटिकल से सुरक्षित श्रेणी में लाने हेतु सहायक सिद्ध हो सकेगा।

मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने जनपद वासियों से जल संरक्षण की अपील करते हुए कहा कि खुशहाल भविष्य के लिये भूजल बचायें! जल संरक्षण सभी करें- अभी। जल के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। जल प्रकृति का एक अनिवार्य घटक हैं स्वच्छ जल मानव, पशु-पक्षी, जीव-जन्तु एवं वनस्पतियों की जीवन रक्षा के लिए अति आवश्यक है इस अनमोल सम्पदा के संरक्षण के उपायों को हम सभी करें *अभी क्या करे-फसलों की सिंचाई क्यारी बना कर करें। सिंचाई की नालियों को पक्का करें या कैन्वास/पी0वी0सी0 पाइप का प्रयोग करें। बागवानी की सिंचाई हेतु ड्रिप विधि तथा फसलों की सिंचाई हेतु स्प्रिन्कलर विधि को अपनाएं। हैण्ड पम्प/कूपों के पास में एक 2'×2'×6' साइज का गड्?ढ्ढ बनाकर उसे रेत से भर दें। बेकार पानी गड्ढे में जाकर अवशोषित हो जाएगा जिससे जल संवर्धन होगा, साथ ही गन्दगी/मच्छरों से भी छुटकारा मिलेगा। हर घर में स्टोरेज टैंक बनायें। उसमें छत से बेकार बह जाने वाले स्वच्छ वर्षा जल को इकट्ठा करें तथा इसका उपयोग दैनिक कार्यों में करें। यदि घर में पानी इकट्ठा करते हैं तो हर रोज बचे पानी को बेकार फेंकने के बजाय अन्य दैनिक उपयोग में प्रयोग करें। नल की धार हमेशा पतली रखें। टपकते नलों को तुरंत ठीक



करायें। मुँह धोने, दांत साफ करने, शेव करने, नहाने, कपड़ा धोने व बर्तन मांजने के समय नल को केवल आवयकतानुसार ही खोलें तथा बाल्टी में पानी लेकर ही प्रयोग करें। घर के फर्श व वाहनों को धोने के बजाये गीले कपड़े से पोंछ कर साफ करें। स्नान-गृह एवं किचन से निकलने वाले पानी का उपयोग शौचालय की सफाई, फ्लशिंग व अन्य कार्यो में करें। फ्रिज को डिफ्रास्ट करने पर निकले पानी का घरेलू उपयोग करें। पानी पीते समय गिलास में उतना ही पानी डालें जितने पानी की आवश्यकता हो। फ्लश के सिस्टर्न में एक लीटर पानी से भरी बन्द बोतल रखें। प्रत्येक बार फ्लश करने पर एक लीटर पानी की बचत होगी।

**क्या न करें-** पेड़ पौधों एवम् फसलों की सिंचाई आदि में आवश्यकता से अधिक पानी का प्रयोग कदापि न करें। हैण्डपम्प / कूपों के पास बेकार पानी जमा न होने दे। ध्यान रहे गन्दा पानी पाइप के सहारे बोरिंग में प्रवेश करके स्वच्छ भूजल भण्डार को प्रदूषित करता है। सब्जी, फल, दाल, चावल की धुलाई नल की धार में न करें। बर्तन में डालकर साफ करें तथा इस पानी को बेकार न फेंके। इसे एकत्र करके पेड़ पौधों की सिंचाई करें। कपड़े धोने में अधिक डिटर्जेन्ट का प्रयोग न करें। कपड़ो को हाथ से धोते समय बहते पानी का प्रयोग न करें। नहाने के लिए अधिक पानी का उपयोग न करेंसार्वजनिक स्थलों में लगे नल एवं सार्वजनिक शौचालयों में पानी बहता हुआ नहीं छोड़ें। आइये! हम सब मिलकर अपने वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों के सुखद, समृद्ध एवं खुशहाल जीवन के लिए जल के उचित प्रबन्धन एवं संरक्षण का संकल्प लेकर एक सार्थक पहल करें। बैठक में डीएफओ विवेक यादव ,डीडी कृषि डॉ अश्विनी कुमार सिंह, पीडी डीआरडीए आदित्य कुमार, एक्श ईएन जल निगम राज बली, डीआईओ डॉ पंकज कुमार सहित सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## नगर पालिका अध्यक्ष गोपीगंज द्वारा लाभार्थियों को सौपा गया गैस सिलेंडर व चूल्हा



**भदोही** दिनांक 27 फरवरी 2026 शुक्रवार को भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रधानमंत्री उज्जवला योजनांतर्गत नगर के 9 पात्र लाभार्थियों को को नगर पालिका परिषद गोपीगंज के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता द्वारा किया गया इस अवसर पर एलपीजी इंडियन गैस जखाव के प्रकाश सिंह वार्ड सभासद राजेश गुप्ता सभासद जयशंकर इजहार खान पूर्व सभासद महेश विश्वकर्मा सहित लाभार्थी एवं उनके परिवार लोग उपस्थित रहे गैस चूल्हा प्रकार लाभार्थियों के चेहरे पर मुस्कान खिल उठीं।

## जनता दर्शन में डीएम शैलेष कुमार सख्त, लापरवाह अधिकारियों को दी चेतावनी



**भदोही।** कलेक्ट्रेट सरपतहा सभाकक्ष में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और वीडियो कॉलिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को तत्काल व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की शिकायतों के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कुछ प्रकरणों में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और चेतावनी दी कि शिथिलता पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। राजस्व, पुलिस, विकास, समाज कल्याण, पेंशन व भूमि विवाद से जुड़े मामलों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी विजय नारायण सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## साइबर हेल्प डेस्क सुरियावां ने पीड़िता के खाते में वापस कराए 3 हजार रुपये



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गलत ट्रांजेक्शन से निकले 3000 रुपये पीड़िता के खाते में वापस कराए। ग्राम बीसा का पुरा निवासी आवेदिका ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से कार्रवाई कर धनराशि रिफंड कराई गई। धनराशि वापस मिलने पर पीड़िता ने भदोही पुलिस का आभार जताया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि साइबर फ्रॉड की स्थिति में तुरंत 1930 पर शिकायत करें, अंजान लिंक पर क्लिक न करें और किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर कोई ऐप डाउनलोड न करें।

## यौन उत्पीड़न का आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात पुलिस 112 आपात सेवाएं

**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली पुलिस ने नाबालिग के साथ यौन उत्पीडन के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी की पहचान कछवा थाना क्षेत्र के भागीरथ पुर गांव निवासी रोहित कुमार चौबे पुत्र स्व अजय कुमार चौबे के रूप में हुई है। कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि 24 फरवरी 2026 को नाबालिग नातिन के नाना ने चुनार कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराया था कि युवक ने उसकी नाबालिग नातिन को बहला-फुसला कर यौन उत्पीडन किया गया है। नाना के शिकायत के आधार पर थाने में सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए महिला सम्बंधित अपराध में त्वरित कार्रवाई करने हेतु क्षेत्राधिकारी मंजरी राव के नेतृत्व में उक्त घटना सम्बंधित अभियुक्त को तत्काल गिरफ्तारी करने के लिए प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह को निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश पर उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार यादव मय हमराहियों द्वारा मुखबिर के सूचना के आधार पर उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेज दिया गया।

# ब्लॉक औराई में गूंजी शासकीय शहनाई, 38 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकास खंड औराई परिसर में 38 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें नवदम्पतियों ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ सात फेरे लेकर गृहस्थ जीवन की नई शुरुआत की और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भदोही के सांसद डॉ विनोद कुमार बिंद, प्रतिनिधि संजय बिंद, ब्लॉक प्रमुख बृज मोहन मिश्र, जिला पंचायत सदस्यगण, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल, प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया, खंड विकास अधिकारी दिलीप कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। ब्लॉक औराई के 31, नगर पंचायत खमरिया के 4 तथा घोसिया के 3 जोड़ों सहित कुल 38 विवाह सम्पन्न हुए, जिनमें अनुसूचित जाति के 31 व अन्य पिछड़ा वर्ग के 7 जोड़े शामिल रहे।

सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद ने कहा कि यह योजना शादी में होने वाले अनावश्यक खर्च पर रोक लगाती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार भी सम्मानपूर्वक विवाह संपन्न कर सकते हैं। उन्होंने सामूहिक विवाह को सामाजिक समरसता और समानता का प्रतीक बताया। ब्लॉक प्रमुख बृज मोहन मिश्र ने कहा कि सरकार द्वारा प्रति जोड़े एक लाख रुपये की व्यवस्था से परिवारों पर आर्थिक भार नहीं पड़ता। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना एकता और अखंडता को सुदृढ़ करती है, जहां सभी वर्ग एक मंडप में समान भाव से दाम्पत्य सूत्र में बंधते हैं। प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि प्रति जोड़े एक लाख रुपये की सहायता में से 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में अंतरित किए जाते हैं, 25 हजार रुपये की उपहार सामग्री (साड़ी, चुनरी, सूट, ट्रॉली बैग, बिछिया, पायल आदि) प्रदान की जाती है तथा 15 हजार रुपये आयोजन व्यवस्था पर व्यय किए जाते हैं। समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने सभी 38 नवदम्पति जोड़ों को सुखद वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं।

## साप्ताहिक परेड व दंगा नियंत्रण ड्रिल की भदोही पुलिस ने दिखाई तैयारी



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस लाइन ज्ञानपुर परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली तथा अर्दली रूम में विभिन्न रजिस्टरों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड में क्षेत्राधिकारीगण, थाना/चौकी प्रभारी, यातायात शाखा, डॉग स्क्वॉड व प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षी शामिल रहे। पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से चुस्त रखने हेतु दौड़ व टोलीवार ड्रिल कराई गई। आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में 'दंगा नियंत्रण स्कीम' का पूर्वाभ्यास भी किया गया। इस दौरान रबर बुलेट गन, आंसू गैस, एंटी राइट गन, टीयर स्मोक सेल सहित अन्य उपकरणों के संचालन व सावधानियों की जानकारी दी गई। अलग-अलग टीम बनाकर बलवाइयों से निपटने की रणनीति का अभ्यास कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जनपद में शांति, सौहार्द व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भदोही पुलिस पूरी तरह तैयार है और आमजन में सुरक्षा व भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करना प्राथमिकता है।

# कड़ी निगरानी में बोर्ड परीक्षा सम्पन्न, डीएम-एसपी ने किया औचक निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में बोर्ड परीक्षा 2026 कड़ी सुरक्षा और सतर्क निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित विषय में 20,165 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे, जिनमें 19,133 उपस्थित एवं 1,032 अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट व्यावसायिक वर्ग में 306 में से 293 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि संस्कृत बोर्ड पूर्व मध्यमा अंग्रेजी/चित्रकला में 222 में से 150 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट भौतिक विज्ञान विषय की परीक्षा में 18,193 पंजीकृत छात्रों में से 17,317 उपस्थित रहे, जबकि 876 अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सघन चेकिंग, सीसीटीवी निगरानी एवं मजिस्ट्रेट तैनाती के बीच परीक्षा सम्पन्न कराई गई। दोनों पालियों में किसी भी परीक्षार्थी को अनुचित साधनों का प्रयोग करते नहीं पाया गया, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता व निष्पक्षता सुनिश्चित हुई।

परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने इंद्रावती इंटर कॉलेज गिरधरपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, प्रश्नपत्र वितरण कक्ष, सीसीटीवी कक्ष एवं सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, अनुशासन और नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराया जाए। प्रशासन की सख्ती और सतत मॉनिटरिंग के चलते पूरे जनपद में परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न होने पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया तथा संबंधित विभागों को इसी तरह सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए।

# जिला कारागार ज्ञानपुर का डीएम-एसपी ने किया संयुक्त निरीक्षण, व्यवस्थाओं की परखी गुणवत्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त रूप से जेल अधीक्षक अभिषेक सिंह के साथ शुक्रवार जिला कारागार ज्ञानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कारागार के अंदर निर्माणाधीन बैरक का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की गई। अधिकारियों ने चिनाई कार्य को और अधिक सुदृढ़ ढंग से करने तथा ईट व अन्य निर्माण सामग्री की गुणवत्ता बेहतर रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने पुरुष, महिला व किशोर बैरकों का भ्रमण कर बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने जेल प्रशासन को शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। रसोईघर में बन रहे सायंकालीन भोजन—मसूर की दाल व शलजम,आलू की सब्जी, की गुणवत्ता व पौष्टिकता की भी जांच की गई। साथ ही खाद्यान्न स्टोर, सरसों तेल, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई व शौचालयों की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया।

जेल परिसर में संचालित डिस्पेंसरी का अवलोकन करते हुए मौजूद दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली गई। महिला बैरक में पहुंचकर महिला बंदियों से संवाद किया गया और उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त मुलाकाती पंजिका का अवलोकन कर बंदियों से मिलने आए परिजनों से भी डीएम व एसपी ने संवाद कर कुशलक्षेम पूछा। विशेष रूप से बुनकर बंदियों द्वारा तैयार किए गए कालीनों की विविधता व उत्कृष्ट गुणवत्ता को देखकर अधिकारियों ने उनके कौशल की सराहना की। निरीक्षण के दौरान संपूर्ण व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई, साथ ही आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए।

## खेलो इंडिया तीरंदाजी महिला प्रतियोगिता में अशोक गुप्ता ऑफिशियल नियुक्त

**भदोही।** जनपद भदोही के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंसापुर, विकासखंड ज्ञानपुर में कार्यरत अशोक कुमार गुप्ता को लखनऊ स्थित बाबू केडी सिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाली खेलो इंडिया राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता में ऑफिशियल के रूप में नियुक्त किया गया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 27 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक आयोजित होगी, जिसमें सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग की महिला तीरंदाज प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करकमलों द्वारा किए जाने की जानकारी दी गई है। इसकी सूचना उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के संयुक्त सचिव योगेंद्र सिंह राणा ने साझा की। अशोक कुमार गुप्ता को मिले इस महत्वपूर्ण दायित्व पर जिला तीरंदाजी संघ के संरक्षक प्रदीप कुमार, अध्यक्ष विशंभर दयाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उर्मिला देवी, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार, कोषाध्यक्ष सुमन गुप्ता, टेक्निकल एडवाइजर विवेक कुमार श्रीवास्तव एवं आलोक कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी है। उनके चयन से जनपद में हर्ष का माहौल है।

# पर्यावरण संरक्षण व गंगा स्वच्छता पर जोर, सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, गंगा समिति एवं पर्यावरण से संबंधित विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, गंगा स्वच्छता, जैविक खेती और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा। उन्होंने रोपित पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल पर विशेष जोर देते हुए सभी संबंधित विभागों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। गीले कचरे के उपचार हेतु स्थापित वेट कंपोस्टिंग पिट की कार्यात्मक स्थिति की समीक्षा की गई। प्लास्टिक अपशिष्ट के रीसाइक्लिंग व प्रबंधन—जैसे सड़क निर्माण एवं ऊर्जा उत्पादन—की प्रगति पर भी चर्चा हुई। नगर पालिका और नगर पंचायतों में ठोस अपशिष्ट ट्रांसफर स्टेशन, डंपिंग साइट की क्षमता तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। कंस्ट्रक्शन एवं डिमोलिशन वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण तथा वेस्ट टू कम्पोस्ट व वेस्ट टू एनर्जी योजनाओं को गति देने के निर्देश दिए गए।

जिला गंगा समिति की समीक्षा में गंगा किनारे स्थित शवदाह गृहों का संचालन विद्युत माध्यम से करने पर बल दिया गया, ताकि नदियों को प्रदूषण से बचाया जा सके। गंगा ग्रामों में किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने तथा रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभाव के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले में संचालित डाईंग प्लांट से निकलने वाले तरल अपशिष्ट की गुणवत्ता जांचने और मानक के अनुरूप न पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। सीडीओ ने सिंगल यूज प्लास्टिक के बढ़ते खतरे को देखते हुए आमजन से कपड़े या बायोडिग्रेडेबल थैलों के उपयोग की अपील की। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी विवेक यादव, एसीएमओ डॉ. ओपी शुक्ला, डीआईओ डॉ. पंकज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भर्ती की मांग पर 80 फीट टावर पर चढ़ा अभ्यर्थी, दो घंटे तक चला हाई-वोल्टेज ड्रामा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**ज्ञानपुर।** भदोही कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब सफाई कर्मी भर्ती की मांग को लेकर एक अभ्यर्थी लगभग 80 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ गया। अचानक हुई इस घटना से प्रशासनिक अमले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार पंधारी कनौजिया (45) निवासी पुरे दयाल, कंसापुर करियांव, दोपहर करीब 1:15 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित टावर पर चढ़ गए। उनका आरोप था कि वर्ष 2008 से सफाई कर्मी अभ्यर्थी लगातार नियुक्ति की मांग कर रहे हैं, लेकिन 17 वर्षों बाद भी भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। उनका कहना था कि बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद नियुक्ति न होने से अभ्यर्थियों में निराशा है, जिसके चलते उन्होंने विरोध स्वरूप यह कदम उठाया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। सुरक्षा के मद्देनजर परिसर को खाली कराया गया और नीचे जाल व अन्य एहतियाती इंतजाम किए गए। क्षेत्राधिकारी प्रभात राय ने स्पीकर के माध्यम से लगातार उन्हें समझाते हुए नीचे उतरने की अपील की। एडीएम कुँवर वीरेंद्र मौर्य सहित अन्य अधिकारियों ने भी बातचीत कर उन्हें आश्वस्त करने का प्रयास किया कि उनकी मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाया जाएगा। करीब दो घंटे तक चले मान-मनौव्वल और समझाइश के बाद दोपहर लगभग 2:45 बजे पंधारी कनौजिया सुरक्षित टावर से नीचे उतर आए। उनके नीचे आते ही प्रशासन ने राहत की सांस ली। पूरे घटनाक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। बाद में अधिकारियों ने संबंधित मामले में वार्ता कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।



# श्रीमद्भागवत कथा के पाँचवें दिन भागवत महिमा का हुआ भावपूर्ण वर्णन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सुरियावां।** अभोली क्षेत्र के कुशौली गांव स्थित शर्मा बस्ती में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पाँचवें दिन बुधवार को भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति के बीच कथावाचक विवेक पांडे जी ने भागवत कथा की महिमा का विस्तार से वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि मनुष्य के जीवन को सद्मार्ग पर ले जाने वाली दिव्य ज्ञान गंगा है। उन्होंने बताया कि कलियुग में जब मनुष्य अनेक प्रकार के तनाव, मोह और विकारों से घिरा रहता है, तब भागवत श्रवण ही मन को शांति और आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सरल माध्यम बनता है। उन्होंने कथा में बताया कि भागवत के श्रवण से मनुष्य के भीतर भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का उदय होता है तथा जीवन के दुख-कष्ट दूर होकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का संक्षिप्त उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते हैं और सच्ची श्रद्धा से किया गया स्मरण कभी निष्फल नहीं जाता।

कथावाचक विवेक पांडे जी ने यह भी कहा कि भागवत कथा का मुख्य संदेश मानव जीवन में प्रेम, सेवा, करुणा और सदाचार को अपनाना है। उन्होंने श्रद्धालुओं से प्रतिदिन भगवान के नाम स्मरण, सत्संग और सेवा कार्यों में सहभागी बनने का आह्वान किया। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा का श्रवण करते रहे तथा अंत में आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग, महिला-पुरुष एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कथा का लाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाली कथा में प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है तथा समापन दिवस पर भंडारा और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य यजमान राजेश शर्मा,प्रमोद कुमार भट्ट,अनिल भट्ट,रोशन भट्ट,अभिषेक कुमार पाण्डेय,शिवम कुमार आदि मौजूद रहे।

## रंगभरी एकादशी पर्व पर ड्रमंडगंज बाजार में निकाली गई प्रभातफेरी



**ड्रमंडगंज।** ड्रमंडगंज बाजार में शुक्रवार सुबह रंगभरी एकादशी पर्व पर एकादशी प्रभातफेरी समिति के अध्यक्ष अंजनी सोनी की अगुवाई में बाजार वासियों ने गाजे बाजे के साथ प्रभातफेरी निकाली। परंपरा के अनुसार रामलीला मैदान स्थित प्राचीन शिव मंदिर से अबीर गुलाल उड़ाते हुए प्रभातफेरी का शुभारंभ किया गया। शिव मंदिर से शुरू हुई प्रभातफेरी ड्रमंडगंज बाजार स्थित राधाकृष्ण मंदिर, शिव मंदिर, हनुमान मंदिर होते हुए दुर्गा मंदिर पर पहुंची। वहां से एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए प्रभातफेरी का फिर से रामलीला मैदान पर पहुंचकर समापन किया गया। भगवान शिव माता पार्वती व राधा कृष्ण का स्वरूप धारण किए बालकों पर लोगों ने पुष्प वर्षा की जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। प्रभातफेरी में शामिल लोग फाग गीत गाते हुए हर हर महादेव व राधा कृष्ण का उद्घोष करते हुए चल रहे थे। प्रभातफेरी में ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता, प्रभातफेरी समिति अध्यक्ष अंजनी सोनी, लवकुश केशरी, तारकेश्वर केशरी,ज्ञान दास गुप्ता,बैजू केशरी,विजय पाल,हजारी केशरी, सुभाष सोनी,सुरेंद्र शर्मा, दिवाकर केशरी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) पर विशेष व्याख्यान आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चुनार, मीरजापुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में शुक्रवार को वाणिज्य विभाग द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार (द्धक्क) परिचय विषय पर विशेष व्याख्यान (ऑनलाइन) आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो माधवी शुक्ला के आशीर्वचन के साथ कार्यक्रम आरम्भ हुआ। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन महाविद्यालय के सभी विषय के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष लाभकारी है।

इस अवसर पर विशेष वक्ता के रूप में डॉ अखिलेश कुमार सहायक आचार्य वाणिज्य राजकीय महाविद्यालय यूसुफपुर मुहम्मदाबाद गाजीपुर रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान मे बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) के परिचय के पेटेंट,कॉपीराइट, ट्रेडमार्क ज्योग्राफिकल इंडिकेटर्स, इंडस्ट्रियल डिजाइन इत्यादि विषयों पर अपना व्याख्यान दिया।आज के विशेष व्याख्यान की संयोजिका डॉ मंजुला शुक्ला एवं सह-संयोजक डॉ अमित कुमार यादव रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ मंजुला शुक्ला और धन्यवाद ज्ञापन डॉ अमित कुमार यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर डॉ चंदन साहू डॉ रजनीश,डॉ अवधेश सिंह यादव,डॉ मनोज कुमार प्रजापति,डॉ दीप नारायण,डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी,डॉ संकठा प्रसाद सोनकर,डॉ अवधेश सिंह यादव, डॉ चंदन कुमार द्विवेदी,डॉ नलिनी सिंह,रमेश चन्द्र,डॉ रीता मिश्रा,डॉ अदिति सिंह,डॉ शिखा तिवारी,डॉ गुरुप्रसाद सिंह,डॉ शिव कुमार सहित समस्त प्राध्यापक /प्राध्यापिकाएँ एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी धर्मचंद्र यादव,जय प्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

## ग्राम चौपाल में सुनी गई ग्रामीणों की फरियाद



**सीखड़।** सरकार के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को सीखड़ विकास खंड के दो ग्राम पंचायतों में कुशहा और सोनवर्षा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कुशहा ग्राम पंचायत में जिला सेवायोजन अधिकारी मीरजापुर के नेतृत्व में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड, फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री जैसी महात्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्राम सचिव मुकेश मिश्रा ने बताया कि चौपाल के दरम्यान ग्रामीणों की दों समस्याएं आइ, जिसका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान विद्यावती सिंह, प्रधान प्रतिनिधि बंटी सिंह, पंचायत सहायक रेखा सिंह सहित अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों ने हल्ला बोला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** दिनांक 26. 02.2026 को टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर शिक्षक संगठनों ने टीईटी पात्रता परीक्षा के अनिवार्यता के खिलाफ बेसिक शिक्षा कार्यालय में एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों का कहना है कि उनकी नियुक्ति उस समय की प्रचलित नियमावली के अनुसार हुई थी, इसलिए बाद में बनाए गए नियमों को पूर्व प्रभाव से लागू करना न्यायसंगत नहीं है।

विनोद शुक्ला (संरक्षक) ने अपने ओजस्वी विचारों एवं आशीर्वचन से सभा को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि- 'सेवा के वर्षों का सम्मान होना चाहिए, अनुभव को अपमानित नहीं किया जाना चाहिए। जो नियम बाद में बने, वे हम पर पूर्व प्रभाव से लागू नहीं होने चाहिए। ' ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ सुरियावां डॉ ओमप्रकाश मिश्रा जी ने कहा- जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों ने अपनी भर्ती के समय सभी अहर्ताएं पूरी कर ली थी हालांकि उच्चतम न्यायालय की एक आदेश के बाद सभी शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्य कर दिया गया जिसमें सेवारत शिक्षकों में गहरी निराशा छा गई है. उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि संघ प्रत्येक शिक्षकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा और प्रभावित शिक्षकों को इस संकट से निकालने का कार्य करेगा।

प्राथमिक शिक्षक संघ के संयोजक धीरेंद्र यादव सहसंयोजक अरुण पांडे उत्तर प्रदेश पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अखिलेश यादव और महिला शिक्षक संघ की प्रीति मौर्या ने बताया कि-वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से पूर्णतः मुक्त किया जाए। हमारे सेवा अनुभव को योग्यता के रूप में मान्यता दी जाए। किसी भी प्रकार की सेवा असुरक्षा या दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। यदि प्रशिक्षण आवश्यक हो, तो उसे सहयोगात्मक और गैर-दंडात्मक स्वरूप मे लागू किया जाय। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन श्री योगेंद्र पांडे जी ने किया उन्होंने बताया कि- भारत का संविधान हमें समानता और न्याय का अधिकार देता है।

एक ही विभाग में कार्यरत शिक्षकों के बीच सेवा शर्तों में भेदभाव करना उचित नहीं है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और शिक्षकों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो वे लोकतांत्रिक तरीके से अपना आंदोलन जारी रखेंगे।

इस मौके पर विनोद शुक्ला (संरक्षक), अरुण पांडे, रविंद्र पांडे, रमापति पांडे, डॉ ओम प्रकाश मिश्रा, जितेंद्र कुमार, प्रमोद मिश्र, अरविंद उपाध्याय, योगेंद्र पांडे, जसवंत राव, राजित राम, कृष्णानंद, अनिल कुमार मिश्रा, पंकज उपाध्याय, संजय मिश्रा, रूप सागर शुक्ला, संतोष कुमार, रविकांत दुबे, राजीव मिश्र, नशीम रिजावी, प्रवीण मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक घायल



**नैनी।** सोराव क्षेत्र के चौराहे पर तेज रफ्तार दोपहिया वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार,नैनी निवासी विशेष पुलिस अभय राज सिंह के पुत्र अजय सिंह अपने साथियों के साथ चौराहे के किनारे खड़े होकर बातचीत कर रहा था। तभी एक अज्ञात व्यक्ति बाइक तेज गति में आया और जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय सिंह सड़क किनारे जा गिरा, जिससे दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया। घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। तेज रफ्तार और लापरवाही बन रही दुर्घटनाओं का कारण इस घटना को लेकर विशेष पुलिस अधिकारी अभय राज सिंह ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आजकल कई युवक बिना हेलमेट, बिना ट्रैफिक नियमों का पालन किए और पुलिस कार्रवाई की परवाह किए बिना दोपहिया वाहन चला रहे हैं। कई बार एक वाहन पर दो की जगह तीन-तीन सवारियां बैठाकर खुलेआम सड़कों और चौराहों पर घूमते नजर आते हैं।

### कांस्टेबल दीपक कुमार गुप्ता हुए सम्मानित



**नैनी, प्रयागराज।** सुमित्रा देवी ग्रामीण सेवा संस्थान के तत्वावधान में सराहनीय सामाजिक कार्यों के लिए कांस्टेबल दीपक कुमार गुप्ता को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह संस्थान के कार्यालय, नंदन तालाब में आयोजित किया गया। कांस्टेबल दीपक कुमार गुप्ता, जो पूर्व में चौकी अरेल, नैनी, प्रयागराज में सिपाही के पद पर कार्यरत रहे हैं और वर्तमान में जेल चौकी में तैनात हैं, को उनके उत्कृष्ट सेवाभाव के लिए सम्मानित किया गया।संस्थान की ओर से पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव ने कहा कि दीपक गुप्ता ने अपने पद पर रहते हुए कोरोना काल तथा महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन के दौरान गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा कर सराहनीय कार्य किया है। उनके इसी समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए संस्थान द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता अजय श्रीवास्तव, गुलाब कुशवाहा, बाबूजी यादव, नीरज शर्मा एवं उमेश सेन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने दीपक गुप्ता के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### समाजसेवी टीम पहुँची नैनी इंडस्ट्रीग ट्रेनिंग सेंटर कौशल विकास कार्यक्रम की दी जानकारी



**नैनी, प्रयागराज।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी शवागेश पांडेय एवं साधना पांडे अपनी टीम के साथ Naini Industrial Training Centre पहुँचे, जहाँ उन्होंने छात्र-छात्राओं को कौशल विकास (स्किल डेवलपमेंट) कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर वागेश पांडेय ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में तकनीकी शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण युवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को विभिन्न ट्रेडों में उपलब्ध प्रशिक्षण, रोजगार के अवसरों और आत्मनिर्भर बनने के मार्ग के बारे में जागरूक किया।साधना पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि कौशल विकास कार्यक्रम युवाओं को न केवल रोजगार योग्य बनाते हैं, बल्कि उन्हें स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने छात्राओं को विशेष रूप से तकनीकी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम के दौरान टीम के सदस्यों ने छात्रों के प्रश्नों का उत्तर दिया और उन्हें सरकारी एवं गैर-सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की। संस्थान के प्राचार्य एवं स्टाफ ने समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के मार्गदर्शन कार्यक्रम छात्रों के भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## एजुकेट गर्ल्स की संस्थापक सफीना हुसैन को 'टाइम वुमन ऑफ द ईयर 2026' में किया गया शामिल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**
**दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट**

**ब्यूरो प्रयागराज।** 'एजुकेट गर्ल्स' की संस्थापक सफीना हुसैन को टाइम वुमेन ऑफ द ईयर 2026 की सूची में शामिल किया गया है। यह सम्मान वैश्विक स्तर पर बदलाव लाने वाली और समानता के लिए काम कर रही महिलाओं को दिया जाता है। सफीना हुसैन 16 वैश्विक सम्मानित महिलाओं में से एक हैं। इस सूची में अभिनेत्री टियाना टेलर, जिन्होंने 'वन बैटल आफ्टर अनदर' में शानदार प्रदर्शन से हॉलीवुड में सराहना पाई; सिडनी मैक्लॉघलिन, ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और रिकॉर्ड तोड़ने वाली खिलाड़ी, जो ट्रैक और फील्ड में उत्कृष्टता की नई परिभाषा दे रही हैं।

प्रसिद्ध अभिनेत्री और निर्माता लूसी ल्यू; और टीवी, फिल्म और थिएटर में काम करने वाली जानी-मानी अभिनेत्री और गायिका शर्ली ली राल्फ जैसी हस्तियाँ शामिल हैं। 'टाइम वुमन ऑफ द ईयर' के सम्मान के रूप में यह पहचान सफीना हुसैन के मिशन को वैश्विक स्तर पर पहचान देती है, जो शिक्षा में लिंग अंतर को कम करने के लिए काम कर रही हैं।

सफीना हुसैन ने वर्ष 2007 में एजुकेट गर्ल्स संस्था की स्थापना की, ताकि भारत के ग्रामीण, दूरदराज और आदिवासी क्षेत्रों में पढ़ाई से दूर रहने वाली लड़कियों की समस्या का समाधान किया जा सके। राजस्थान के कुछ गाँवों से शुरू हुआ यह प्रयास अब भारत में लड़कियों की शिक्षा को समर्थन देने वाले सबसे बड़े समुदाय-आधारित प्रयासों में से एक बन चुका है, जो 30,000 से अधिक गाँवों और 12 राज्यों तक पहुँच स्थापित कर चुका है। सफीना हुसैन ने टाइम के इंटरव्यू में कहा, 'पहले दिन से लेकर आज तक, हमारा ध्यान सिर्फ पढ़ाई से दूर रहने वाली लड़कियों पर रहा है, क्योंकि यह मेरा खुद का अनुभव है। मुझे पता है कि पीछे रह जाने पर कैसा लगता है।'

यह सम्मान सफीना हुसैन और एजुकेट गर्ल्स के लिए एक अद्भुत साल के बाद आया है। वर्ष 2025 में, इस संस्था ने रमन मैगसेसे पुरस्कार (जिसे अक्सर एशिया का नोबेल पुरस्कार कहा जाता है) जीतने वाली पहली भारतीय संस्था बनने का गौरव हासिल किया। इसके अलावा, संस्था ने अपने टीईडी ऑडिशियस प्रोजेक्ट के लक्ष्य को पूरा किया और 20 लाख से अधिक पढ़ाई से दूर रहने वाली लड़कियों को फिर से शिक्षा में लौटने में मदद की।

सफीना 'एवरी लास्ट गर्लः अ जर्नी टू एजुकेट इंडियाज़ फॉरगॉटन डॉटर्स' नामक किताब की लेखिका भी हैं, जो जनवरी में प्रकाशित हुई थी। इस पुस्तक में उन्होंने अपने व्यक्तिगत सफर को भारत के सबसे वंचित समुदायों की लड़कियों की कहानियों के साथ जोड़ा है। इसमें जमीन स्तर पर उन रुकावटों का वर्णन है, जो लाखों लड़कियों को स्कूल से दूर रखती हैं और उन समाधानों का भी जिक्र है, जो उन्हें फिर से पढ़ाई में लौटने में मदद करते हैं। इस सम्मान के बारे में बात करते हुए सफीना हुसैन ने कहा, 'मुझे यह सम्मान मिलने पर बहुत सम्मान और कृतज्ञता महसूस हो रही है।

यह सम्मान भारत में लड़कियों की शिक्षा के लिए चल रहे आंदोलन पर ध्यान आकर्षित करता है और हमारी लड़कियों के साहस, धैर्य और अपना भविष्य बनाने के मजबूत संकल्प को उजागर करता है। यह सम्मान हमारे संकल्प को और मजबूत करता है कि हम वर्ष 2035 तक दस मिलियन (एक करोड़) और लड़कियों तक पहुँच स्थापित करेंगे और हर लड़की को आवाज, चुनाव का अधिकार और आत्मनिर्भरता दिलाएँगे।'




गायत्री नायर लोबो, सीईओ, एजुकेट गर्ल्स ने कहा, यह सम्मान सरकार और स्थानीय समुदायों के साथ लगातार सहयोग के महत्व को दिखाता है। उन्होंने कहा, 'हमें बहुत गर्व है कि भारत के ग्रामीण इलाकों की 20 लाख से अधिक लड़कियों को फिर से शिक्षा में वापस लाने के विज़न के लिए टाइम के वैश्विक मंच पर सफीना हुसैन को सम्मानित किया गया है।

यह महत्वपूर्ण सम्मान उन लड़कियों तक पहुँच स्थापित करने के लिए चल रही निरंतर साझेदारी के महत्व को रेखांकित करता है, जो अभी-भी शिक्षा से दूर हैं और उन्हें पढ़ाई में बनाए रखने और सफल बनाने के प्रयासों को मजबूत करता है। यह सम्मान हमारे 55,000 से अधिक स्वयंसेवकों, हजारों लैंगिक समानता समर्थकों, भागीदारों और सहयोगियों के समर्पण को भी दर्शाता है, जिनकी मेहनत से यह काम संभव हो पाया है।' सफीना हुसैन और एजुकेट गर्ल्स को मिली यह पहचान लड़कियों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने के उनके मिशन का एक नया पड़ाव है। इस साल की टाइम वुमन ऑफ द ईयर सूची में टाइम उन हस्तियों को सम्मानित कर रहा है, जिनके बारे में उसका मानना है कि वे '2026 में महिलाओं और लड़कियों के सामने आने वाली सबसे गंभीर समस्याओं पर काम कर रहे हैं।' टाइम 10 मार्च को लॉस एंजेलेस में होने वाले 'वुमन ऑफ द ईयर लीडरशिप फोरम' और 'वुमन ऑफ द ईयर गाला' में 2026 की वुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार का जश्न मनाएगा।

### जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत,निष्पक्ष जांच की मांग




**नैनी।** नैनी क्षेत्र के इंदलपुर ग्राम में जल संस्थान कर्मी इंद्रजीत भारतीया (30) की खुदकुशी के मामले में उसकी मां इन्द्रकली ने सवाल उठाया है। जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बेटे की मौत की जांच अपराध शाखा पुलिस से कराने की मांग की है। मृतक आश्रित उसकी मां इन्द्रकली पत्नी स्वर्गीय हरिश्चंद्र ने जनसुनवाई पोर्टल में दर्ज कराई गई शिकायत में बेटे की हत्या किए जाने का शक जताया है। ज्ञात हो कि 24 जनवरी 2026 की रात में इंद्रजीत भारतीया (30) पुत्र स्वर्गीय हरिश्चंद्र भारतीया का शव उसके कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला था। इंद्रजीत भारतीया जल संस्थान के इंदलपुर पानी की टंकी में तैनात रहा। उसकी मां इन्द्रकली ने बेटे की हत्या का शक जाहिर की है। और मामले में निष्पक्ष जांच व एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

## परमार्थ त्रिवेणी पुष्प, में भगवान श्री जगन्नाथ जी की प्राण- प्रतिष्ठा पूर्णाहुति संपन्न



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज।** शुक्रवार को तीर्थराज प्रयागराज के पावन संगम तट स्थित परमार्थ त्रिवेणी पुष्प परिसर में भगवान श्री जगन्नाथ जी की प्राण-प्रतिष्ठा पूर्णाहुति समारोह सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती के सान्निध्य में संत समाज, शिक्षाविद्, न्यायविद्, उच्चाधिकारी, उद्योगपति एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समारोह में जगन्नाथ धाम पुरी से पधारे प्रमुख आचार्य श्री मधुसूदन जी सहित प्रयागराज के लगभग सभी मठों, अखाड़ों, मंदिरों एवं आश्रमों के पूज्य संतों ने अपनी पावन उपस्थिति से आयोजन को आध्यात्मिक ऊँचाइयों तक पहुँचाया। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन, यज्ञ और पूर्णाहुति के साथ सम्पूर्ण वातावरण भक्ति और दिव्यता से ओतप्रोत हो उठा।

ऋषिकन्याओं द्वारा संगम आरती एवं कन्या गुरुकुल का आह्वान अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा, 'प्राण-प्रतिष्ठा केवल मंदिर में नहीं, बल्कि अपने हृदय में ईश्वर की चेतना जगाने का संकल्प है।

## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जमकर मचाया धमाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज** कैनन प्ले स्कूल का वार्षिक उत्सव शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे- मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से खूब धमाल मचाया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता स्वेन, करनल स्वेन ने बच्चों की दादी और नानी के साथ मिल दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात बच्चों के द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत किया गया। इसके बाद बच्चों ने कई कार्यक्रम जैसे सरस्वती वंदना, जुंबा डांस, महाभारत पर आधारित शक्ति नारी की पहचान वाली प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। नन्हे मुन्ने बच्चों के मनमोहक नृत्य से ऐसा प्रतीत हुआ कि जैसे आसमान से नन्ही परियां उतरकर आई हो। महाकुंभ की पवित्रता को दर्शाता हुआ प्रयागराज गीत पर डांस, देशभक्ति नृत्य तथा नन्हे बच्चों ने कव्वाली की धुन से पापा का बिजनेस बढ़ाया, सुनहरे पुराने गीतों तथा अंग्रेजी गीतों की धुन पर थिरखते नन्हे कदमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसी बीच शादी की रौनक के रंग में रंगी बारात से भरी ट्रक जब मंच पर आई तो 'मैं निकला गड्डी लेकर' की धुन पर बच्चों की चंचल अदाओं ने दर्शकों को मंत्र मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मिस कैनन तथा मास्टर कैनन को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी आगंतुकों



के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

## थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-533/17 धारा-420/467/468/471 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त श्याम जी विश्वकर्मा पुत्र स्व0 राम अवतार विश्वकर्मा निवासी ग्राम मैलहा थाना बहरिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 27.02.2026 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत कस्बा फूलपुर स्थित ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी फर्म बनाकर लोगों को अपने धन पर अधिक ब्याज कमाने का दिलाशा देकर पैसा इनवेस्ट कराकर फर्जी बाण्ड पेपर दिया जाता था तथा कुछ समय के उपरान्त धोखाधड़ी




करते हुए लोगों के पैसे वापस नहीं किया जाता था, जिसके सम्बन्ध में थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0-533/2025 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 01 नामजद अभियुक्त को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** श्याम जी विश्वकर्मा पुत्र स्व0 राम अवतार विश्वकर्मा निवासी ग्राम मैलहा थाना बहरिया कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 47 वर्ष।

### थाना सरायइनायत पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**ब्यूरो प्रयागराज।** सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना सरायइनायत पर पंजीकृत मु0अ0सं0-41/26 धारा-137(2)/ 87/ 351(2) /69 भा0न्या0सं0 व 3(2)5 एस0सी0/एस0टी0 एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सरफराज अहमद अंसारी पुत्र मो0 रमजान निवासी ग्राम चैनपुर तेन्दुई थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-27/02/2026 को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नसीरापुर स्थित रिंग रोड अण्डरपास के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** सरफराज अहमद अंसारी पुत्र मो0 रमजान निवासी ग्राम चैनपुर तेन्दुई थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 21।

## प्रयागराज की एन्टी करप्शन टीम ने सोरांव तहसील मे तैनात लेखपाल राजशेखर तथा जूही मिश्रा को किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** शिकायतकर्ता अभयराज यादव पुत्र शंकरलाल यादव नि0 ग्राम लाई आनापुर थाना नवाबगंज, प्रयागराज द्वारा इकाई में दिये गये प्रार्थना पत्र जिसमें अराजपत्रित लोकसेवक राजशेखर लेखपाल तहसील सोरांव,प्रयागराज द्वारा शिकायतकर्ता की नानी श्रीमती प्रभु देवी जी द्वारा दाखिल अन्तर्गत धारा 67 (ए) 1 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 में आख्या लगाने व मकान निर्माण न रोकने के एवज में रू0 1,00,000/- मांगे जाने का आरोप लगाया गया है। जिसके क्रम में शिकायतकर्ता श्री अभयराज यादव उपरोक्त के द्वारा दिनांक 24.02.2026 को भ्र0नि0सं0 इकाई कार्यालय प्रयागराज में दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 26.02.2026 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन, थाना/इकाई प्रयागराज की 14 सदस्यीय टीम द्वारा निरी0 श्री अलाउद्दीन अंसारी के नेतृत्व में घटनास्थल शिवा शूज हब, शिवपुर मलाका लखनऊ रोड प्रयागराज के पास से रू0 1,00,000/- रुपये रिश्वत लेते हुए लोकसेवक साक्षीगण व ट्रैप टीम के समक्ष आरोपीगण 1. राजशेखर सिंह पुत्र रामदास सिंह नि0 उमरगहना थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर हालपता 40K/100K न्यायनगर कन्धईपुर प्रयागराज सम्प्रति राजस्व लेखपाल क्षेत्र मलाक हरहर तहसील सोरांव प्रयागराज को रंगे हाथो तथा 2. जूही मिश्रा पुत्री स्वामीनाथ मिश्र नि0 लक्ष्मणपुर थाना




टांडा जनपद अम्बेडकरनगर हालपता न्यायनगर थाना धूमनगंज, प्रयागराज सम्प्रति राजस्व लेखपाल क्षेत्र टिकरी तहसील सोरांव प्रयागराज को सहयोग किये जाने के आरोप में समय करीब 13.20 बजे गिरफ्तार किया गया तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए थाना शिवकुटी कमिश्नरेट प्रयागराज पर अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है।

## एनयूजे ने आज़ाद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**● देशहित तथा निष्पक्ष पत्रकारिता ही सच्ची श्रद्धांजलिः कुंदनश्रीवास्तव**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया की प्रयागराज जिला इकाई ने देश के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, माँ भारती के वीर सपूत चंद्रशेखर आज़ाद को श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिला इकाई के अनेक पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रयागराज स्थित चंद्रशेखर आज़ाद पार्क (पूर्व नामः अल्फ्रेड पार्क) में उनके शहीद स्थल पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया।सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कुंदन श्रीवास्तव ने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब पत्रकारिता में देशहित सर्वोपरि रखा जाए और निष्पक्षता को बनाए रखा जाए।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में समर्पित और निष्पक्ष पत्रकारिता ही आज़ाद जैसे महान क्रांतिकारी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस पावन अवसर पर एनयूजे प्रयागराज ने भारत सरकार से मांग की कि स्वतंत्रता संग्राम में उनके अदम्य साहस, वीरता, त्याग और बलिदान को ध्यान में रखते हुए शहीद चंद्रशेखर आज़ाद को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। श्रद्धांजलि सभा में अखिलेश शुक्ला, चित्रांशी यादव, मधुर दरबारी, सुशांत त्रिपाठी, वी.के. यादव, देवेंद्र शुक्ला, शीतला तिवारी, रतन शुक्ला, अश्वनी श्रीवास्तव, सैय्यद सुहैल हनीफ, आनंद निषाद, संजय निषाद, मो. शाहिद, अखिलेश अस्थाना, जितेंद्र कुमार, पंकज पाल, कमल राज साहू सहित अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दिल्ली शराब घोटाला केस में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया बरी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में बड़ा अपडेट है। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को अदालत ने बरी कर दिया है। दोनों ही आम आदमी पार्टी नेताओं को सरकार रहने के दौरान जेल भी जाना पड़ा था। जिस समय ये मामला सामने आया था तो दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि ऐसा कोई शराब घोटाला नहीं हुआ। उनकी सरकार की आबकारी नीति के खिलाफ मामला राजनीतिक प्रतिशोध और साजिश का नतीजा है। अब राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत




इस मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया।

कोर्ट का फैसला आने के बाद,क्क के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ सालों से बीजेपी जिस तरह से शराब घोटाले के बारे में कह रही थी और हमारे ऊपर आरोप लगा रही थी तो आज कोर्ट ने सभी आरोप खारिज कर दिए। सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। हमें न्यायपालिका पर भरोसा है। सत्य की जीत हुई।

## कथित Sexual Exploitation मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर रोक, अग्रिम जमानत पर फैसला सुरक्षित, 1 घंटे चली सुनवाई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दो नाबालिग बटुकों के कथित Sexual Exploitation मामले में दर्ज पाक्सो केस में नामजद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी है. शुक्रवार को सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को अंतरिम राहत मंजूर की और फैसला सुरक्षित करते हुए कहा कि अंतिम फैसला आने तक Sexual Exploitation मामले में गिरफ्तारी पर रोक रहेगी. जस्टिस जितेन्द्र कुमार सिनहा की कोर्ट में सुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे. कोर्ट के बैठने का समय पूरा होने के बाद भी केस की सुनवाई जारी रही. बता दें कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके सहयोगी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी को नामजद और 2-3 को अज्ञात बताते हुए झूंसी थाने में Sexual Exploitation की गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है. इन सभी के खिलाफ बीएनएस की धारा 351 (3) के अलावा पाक्सो एक्ट की धारा 3, 4(2), 6, 16, 17 और 51 के तहत रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है. Sexual Exploitation प्रकरण का घटनाक्रम 2025 में आयोजित महाकुंभ मेला और साल 2026 में आयोजित माघ मेले के दौरान शंकराचार्य का आश्रम बताया गया है। घटना की रिपोर्ट आशुतोष ब्रह्मचारी की ओर से दर्ज करायी गयी है. उन्होंने तहरीर में खुद को दोनों नाबालिग बच्चों का संरक्षक बताया है. तहरीर में कहा गया है कि अविमुक्तेश्वरानंद जो खुद को शंकराचार्य बताता है ने गुरुकुल में शिक्षा एवं सेवा के नाम पर दो नाबालिग बच्चों को आश्रम में रखा और उसके साथ दुष्कर्म (Sexual Exploitation) किया।

बच्चों को आश्रम में रखा और उसके साथ दुष्कर्म (Sexual Exploitation) किया आरोप यह भी लगाया गया है कि दोनों बच्चों को नग्न अवस्था (Sexual Exploitation) में सोने के लिए विवश भी किया जाता था. उन्हें इस घटना का जिक्र



किसी से करने पर गंभीर नतीजे भुगतने के लिए धमकाया भी जाता था. तहरीर के अनुसार अविमुक्तेश्वरानंद के आश्रम से किसी तरह से मुक्त होने के बाद दोनों आशुतोष ब्रह्मचारी के कैंप में पहुंचे और पूरी बात बताई।

इसके बाद आशुतोष ब्रह्मचारी ने इसकी शिकायत झूंसी पुलिस के साथ प्रयागराज पुलिस से की लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी. इसके बाद उन्होंने कोर्ट की शरण ली और Sexual Exploitation के गंभीर मामले में पुलिस रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश देने की गुहार लगायी। पाक्सो एक्ट की स्पेशल कोर्ट प्रयागराज में बच्चों का बयान भी दर्ज कराया गया. इसके बाद कोर्ट ने पुलिस से सूचना मांगी. इसके बाद एफआईआर दर्ज करके विवेचना का आदेश दिया गया तो प्रयागराज के झूंसी थाने में 21 फरवरी को ?मुकदमा अपराध संख्या 58/2026 दर्ज किया गया।

मुकदमा दर्ज होने के बाद झूंसी पुलिस सक्रिय हो गयी और उसने Sexual Exploitation के पीड़ितों का मेडिकल टेस्ट कराया. बताया गया कि एक बच्चे का मेडिकल परीक्षण हो चुका है. इसके अलावा पुलिस ने अविमु?क्तेश्वरानंद की वाराणसी जनपद में मौजूदगी का पता चलने पर उनके यहां पहुंचने का प्रयास भी शुरू कर दिया। इसके बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की तरफ से उनके अधिवक्ताओं ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी. इस याचिका पर सुनवाई के लिए शुक्रवार 27 फरवरी का दिन मुकर्रर किया गया था।

शुक्रवार शाम करीब एक घंटे से भी अधिक समय तक चली सुनवाई के बाद खचाखच भरी कोर्ट में जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की एकल पीठ के समक्ष दोनों पक्षों के वकीलों ने अपना तर्क रखा. स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद की तरफ से पक्ष रखते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि आशुतोष ब्रह्मचारी के खिलाफ दो दर्ज दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। इसमें गंभीर आरोप लगाये गये हैं. उनके खिलाफ हिस्ट्रीशीट खुली हुई है और पुलिस पहले उन पर 25000 रुपये का इनाम भी घोषित कर चुकी है. उन्होंने रंजिश के चलते यह मुकदमा दर्ज कराया है. जिन बटुकों के साथ दुष्कर्म (SexualExploitation) किये जाने का आरोप लगाया गया है वह स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के आश्रम में कभी दाखिल ही नहीं हुए थे।

दूसरी पक्ष की ओर से इन तर्कों को खारिज करने का प्रयास किया गया. इसके बाद कोर्ट ने माना कि स्वामी अविमुक्तेश्वररानंद को इस केस का फैसला सुनाये जाने तक पुलिस गिरफ्तार नहीं करेगी. शुक्रवार को सुनवाई के बाद कोर्ट 8 मार्च तक के लिए बंद हो गयी. इससे संभावना जताई जा रही है कोर्ट अपना सुरक्षित किया गया फैसला मार्च के तीसरे सप्ताह में सुना सकती है। यह फैसला स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद तथा उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है. सुनवाई से पहले ही कोर्ट नंबर 72 खचाखच भर गई थी. बचाव पक्ष ने एक पीड़ित को नाबालिग बताया. पीड़ितों की तरफ से अग्रिम जमानत अर्जी का विरोध किया गय।

# संक्षिप्त खबरें

## पूर्व मुख्यमंत्री के पोते वीर सोरेन के आकस्मिक निधन से नारायणपुर में छाया शोक, जेएमएम नेताओं ने व्यक्त की गहरी संवेदना

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पोते वीर सोरेन के अचानक निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं में भी गहरा दुःख व्याप्त है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि ऐसी त्रासदी किसी भी परिवार को भीतर तक तोड़ देती है और इसकी भरपाई संभव नहीं होती। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस कठिन समय में परिजनों के साथ खड़े हैं। वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि उनका राजनीतिक सफर शिबू सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के मार्गदर्शन में आगे बढ़ा है, ऐसे में यह घटना उन्हें व्यक्तिगत स्तर पर भी गहरे रूप से मर्माहत कर रही है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति देने की कामना की।

## हमारा आंगन हमारे बच्चे, उत्सव कार्यक्रम हुआ आयोजित

कोंच(जालौन)- निपुण भारत अभियान के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कोंच नगर स्थित बीआरसी केंद्र पर ब्लॉक स्तरीय 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, बाल विकास परियोजना अधिकारी चंद्रप्रभा खरे एवं खंड शिक्षा अधिकारी सुनील राजपूत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रारंभिक शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही समाज और शैक्षणिक संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हैं जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव होती है। निपुण भारत मिशन का उद्देश्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान विकसित करना है, ताकि वह अग्रिम कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों और प्राथमिक विद्यालयों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रम के दौरान कोंच ब्लॉक की सातों न्याय पंचायतों में से आंगनवाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालयों के चयनित निपुण 35 बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। इस दौरान शिक्षक रंजन गोस्वामी, धर्मेंद्र बबेले, शैलेन्द्र मिश्रा, ऋषभ खरे सहित कई शिक्षकशिक्षिकाएं एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहीं। संचालन दीप्ति गुर्जर ने किया।

## मदनपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं की समीक्षा

**देवरिया।** अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनन्द पाण्डेय ने थाना मदनपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय अभिलेख, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार तथा सीसीटीएनएस कार्यालय की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने लंबित विवेचनाओं, अपराध पंजिका और जब्त माल के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। हवालात में सुरक्षा, स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं की जांच की गई। शस्त्रों के रख-रखाव तथा ऑनलाइन डेटा प्रविष्टि की स्थिति सुधारने पर भी बल दिया गया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष नन्दा प्रसाद उपस्थित रहे।

## यातायात अभियान में 116 वाहनों का ई-चालान, 11 सीज

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में यातायात पुलिस ने शहर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। ई-रिक्शा एवं ऑटो वाहनों की जांच कर वैध कागजातों की पुष्टि की गई। बिना फिटनेस, बिना ड्राइविंग लाइसेंस एवं अवैध रूप से सवारी भरने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 116 वाहनों का ई-चालान तथा 11 वाहनों को सीज किया गया। अभियान का उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कर दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है।

## महिला उपनिरीक्षक व महिला आरक्षी निलंबित

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने आशा ज्योति केन्द्र में ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में महिला उपनिरीक्षक रेखा देवी एवं महिला आरक्षी सरिता बिन्दु को निलंबित कर दिया है। आरोप है कि ड्यूटी के दौरान पीड़िता वन स्टॉप सेंटर से निकल गई। इसे राजकीय कर्तव्य में घोर लापरवाही मानते हुए दोनों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू की गई है। साथ ही ड्यूटी पर तैनात महिला पीआरडी कर्मियों एवं वन स्टॉप सेंटर मैनेजर के विरुद्ध कार्रवाई हेतु जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में उठाए स्वास्थ्य सुविधा एवं भूमि से जुड़े गंभीर मुद्दे

### ●कटकमदाग-दारू में अस्पताल स्थापना और गैरमजरूआ भूमि मामलों के समाधान की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने हज़ारीबाग़ एवं राज्यहित से जुड़े दो अत्यंत महत्वपूर्ण जनहित के विषयों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए सदन ही सबसे प्रभावी मंच है और जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाना उनका कर्तव्य है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कटकमदाग एवं दारू प्रखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं की दयनीय स्थिति का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि इन प्रखंडों में समुचित प्रखंड स्तरीय अस्पताल अथवा सुदृढ़ स्वास्थ्य केंद्र के अभाव में स्थानीय जनता को उपचार के लिए सदर अस्पताल या शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज पर निर्भर रहना पड़ता है। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को समय, संसाधन और परिवहन की गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आपात स्थिति में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। विधायक ने सरकार से मांग की कि इन प्रखंडों में आवश्यक संसाधनों से युक्त अस्पताल की स्थापना की जाए तथा स्वास्थ्य संरचना को चरणबद्ध और समयबद्ध तरीके से सुदृढ़ किया जाए।

**गैरमजरूआ आम एवं गैरमजरूआ खास भूमि मामलों में जटिलताओं पर सवाल**

दूसरे महत्वपूर्ण विषय के रूप में विधायक प्रदीप प्रसाद ने गैरमजरूआ आम एवं गैरमजरूआ खास भूमि से संबंधित जटिलताओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि निबंधन, दाखिल-खारिज, एलपीसी निर्गत करने तथा ऑनलाइन अभिलेखों में विसंगतियों के कारण आम रैयतों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई मामलों में खरीद-बिक्री की प्रक्रिया बाधित है, म्यूटेशन लंबित पड़ा है और राजस्व संग्रहण भी प्रभावित हो रहा है। विधायक ने कहा कि प्रशासनिक अस्पष्टता और तकनीकी त्रुटियों का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से लंबित मामलों का त्वरित, पारदर्शी और सरल समाधान सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि आम जनता को अनावश्यक प्रशासनिक जटिलताओं से राहत मिल सके। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जनता की समस्याओं को सदन में पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ उठाना उनका दायित्व है। स्वास्थ्य और भूमि से जुड़े विषय सीधे आम नागरिकों के जीवन और अधिकारों से जुड़े हैं, इसलिए इन पर त्वरित कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार इन मुद्दों पर सकारात्मक और समयबद्ध पहल करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि हज़ारीबाग़ के समग्र विकास, पारदर्शी प्रशासन और जनहित की रक्षा के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

# क्रिएटिव अकैडमी में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग संपन्न, बच्चों के स्वर्णिम भविष्य पर हुई सार्थक चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** मेन रोड गैरेज लाइन गायत्री मंदिर के समीप स्थित क्रिएटिव अकैडमी में शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 को पेरेंट्स-टीचर मीटिंग (पीटीएम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक, बौद्धिक एवं नैतिक विकास को और सुदृढ़ बनाना था। इस अवसर पर अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई। विद्यालय के डायरेक्टर मनु कुमार गुप्ता ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अभिभावकों और शिक्षकों की समान भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे विद्यालय के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें और बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने में सहयोग करें। उन्होंने जानकारी दी कि नए शैक्षणिक सत्र में आधुनिक शिक्षण पद्धति, डिजिटल संसाधन एवं गतिविधि आधारित शिक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि छात्र-छात्राएं प्रतिस्पर्धी युग में आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम के दौरान उन अभिभावकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जो अपने बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देते हैं और विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय सहभागिता निभाते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने इसे अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करने की एक सकारात्मक पहल बताया। इस अवसर पर राजू प्रसाद, पूजा सोनी, प्रीति सोनी, अजय कुमार सिंह, सीमा देवी, नीतू कुमारी, संगीता कुमारी, नाजिया प्रवीण, लाली अग्रवाल, सनोज उरांव, शिव शंकर, शीला देवी, संजू कुमारी, मनीषा केरकेट्टा, फूलमती देवी सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे। वहीं शिक्षिका अमृत कौर, खुशी कुमारी, निखिल वर्मा, राखी दास, सनिका वर्मा, ऋतु कुमारी, वर्षा कुमारी, मुस्कान कुमारी, दीपक कुमार और मोनी देवी समेत विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

पीटीएम का समापन सकारात्मक वातावरण में हुआ, जहां सभी ने मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प लिया।

## नारायणपुर में आंगनबाड़ी सेविकाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**नारायणपुर, ।जामताड़ा, झारखंडः-** शुक्रवार को प्रखंड सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महिला पर्यवेक्षिका नीयुति दास ने की। उन्होंने सेविकाओं को निर्देश दिया कि निर्धारित प्रावधानों के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर का संचालन बेहतर ढंग से किया जाए और फेस कैप्चरिंग के बाद ही पोषाहार वितरण की प्रक्रिया पूरी की जाए। साथ ही केंद्र खोलने की सूचना भी पोषण ट्रैकर के माध्यम से अनिवार्य रूप से देनी है। पर्यवेक्षिका ने बताया कि पोषण अभियान के तहत किए जा रहे कार्य संतोषजनक हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य छह वर्ष से कम आयु के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं के पोषण स्तर में समयबद्ध सुधार लाना है। इसके तहत गृह भ्रमण महत्वपूर्ण है, जिससे परिवार की स्थिति का आकलन होता है और स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी सटीक रूप से प्राप्त होती है। बैठक में रेणु कुमारी, हीरा देवी, दुलेश्वरी देवी, पंचमी देवी, गीता भंडारी, सरीफन निशा, मर्शिला मरांडी और बहामुनी हांसदा सहित अन्य सेविकाएं उपस्थित थीं।

# आर्थिक संकट से जूझ रहे घायल युवक के घर पहुंचे बरही एसडीओ

### ●मुख्यमंत्री राहत चिकित्सा कोष से सहायता दिलाने का दिया भरोसा, जमीन बेचकर कराया गया था इलाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के धनवार पंचायत अंतर्गत कोरियाडीह गांव निवासी 30 वर्षीय विकास कुमार के परिवार से शुक्रवार को बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू मुलाकात करने पहुंचे। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए विकास कुमार की आर्थिक स्थिति दयनीय होने की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन के निर्देश पर यह पहल की गई। बताया जाता है कि 7 जनवरी 2024 को हुई सड़क दुर्घटना में विकास कुमार के पैर में गंभीर चोटें आई थीं। परिवार ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार उनका इलाज कराया, लेकिन स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका। विकास परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं। इलाज के भारी खर्च के कारण परिजनों को जमीन तक बेचनी पड़ी। इसके बावजूद वह अभी भी चलने-फिरने में असमर्थ हैं। मामले की जानकारी स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद एवं युवा सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार ने ट्वीट कर तथा जिला प्रशासन को अवगत कराया था। इसके बाद जिला प्रशासन ने बरही प्रशासन की टीम को जांच का निर्देश दिया। शुक्रवार को एसडीओ जोहन टुडू स्वयं विकास कुमार के घर पहुंचे और परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी से वार्ता कर एक मेडिकल टीम का गठन किया गया है। टीम की अनुशंसा के आधार पर मुख्यमंत्री राहत चिकित्सा कोष से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर उपस्थित प्रभारी कल्याण पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार दास ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। इस दौरान पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, पंचायत सचिव सरोज कुमार, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार दास, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रकाश साव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि विकास कुमार को पूर्व में भी स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा चुका है। प्रशासन के आश्वासन के बाद परिजनों में मदद की नई उम्मीद जगी है।

# मार्खम कॉलेज में लर्निंग स्किल्स, पर्सनैलिटी एनालिसिस एवं करियर प्लानिंग पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, हजारीबाग में शुक्रवार को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से लर्निंग स्किल्स, पर्सनैलिटी एनालिसिस एवं करियर प्लानिंग विषयक एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। यह कार्यशाला करियर बे, एच. एन. देव कॉम्प्लेक्स, हजारीबाग द्वारा मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज परिसर स्थित विवेकानंद सभागार में किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक प्रतिस्पर्धी युग में प्रभावी अध्ययन तकनीकों, व्यक्तित्व विश्लेषण की प्रक्रिया तथा सुविचारित करियर नियोजन के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत विषयों को गंभीरता से सुना।

करियर बे के विशेषज्ञों ने अपने प्रस्तुतीकरण में बताया कि वर्तमान समय में केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि सीखने की सही रणनीति, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण और आत्मविश्लेषण की क्षमता भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्मार्ट लर्निंग तकनीक, नोट्स बनाने की प्रभावी पद्धति, एकाग्रता बढ़ाने के उपाय तथा परीक्षा की तैयारी की वैज्ञानिक विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

व्यक्तित्व विश्लेषण सत्र में छात्रों को अपनी रुचियों, क्षमताओं और कमजोरियों को पहचानने की प्रक्रिया समझाई गई। विशेषज्ञों ने बताया कि प्रत्येक छात्र का व्यक्तित्व अलग होता है और उसी के अनुरूप करियर का चयन करना चाहिए। उन्होंने विभिन्न मनोवैज्ञानिक परीक्षणों और आत्ममूल्यांकन तकनीकों का उल्लेख करते हुए बताया कि सही मार्गदर्शन से विद्यार्थी अपने लिए उपयुक्त करियर विकल्प चुन सकते हैं। करियर प्लानिंग पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने वर्तमान रोजगार बाजार की स्थिति, उभरते हुए क्षेत्रों, कौशल विकास के महत्व तथा इंटरव्यू की तैयारी के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य स्पष्ट रखने, दीर्घकालिक योजना बनाने तथा निरंतर कौशल उन्नयन पर जोर देने की सलाह दी।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. एम. कैसर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व विकास और करियर के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को आत्मविश्वास प्रदान करती हैं और उन्हें अपने भविष्य की दिशा तय करने में मदद करती हैं। डॉ. कैसर ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में वही छात्र आगे बढ़ते हैं जो निरंतर सीखने की प्रवृत्ति बनाए रखते हैं और समय के साथ स्वयं को अपडेट करते रहते हैं। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने अंदर छिपी संभावनाओं को पहचानें और अनुशासन, परिश्रम तथा सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हों। उन्होंने करियर बे की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के सहयोगात्मक कार्यक्रम कॉलेज और विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने करियर संबंधी प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया। अंततः धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

# भारत की पावन धरा पर रचे वेद, उपनिषद और प्रमाणिक शास्त्रों की जानकारी प्रत्येक सनातनी के लिए अनिवार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** भारत की पवित्र भूमि पर रचित वेद, उपनिषद और प्रमाणिक शास्त्र मानव सभ्यता के आदि स्रोत हैं। ज्ञान, विज्ञान और कल्याण के अक्षय भंडार माने जाने वाले चारों वेद प्राचीन ऋषियों द्वारा विश्वहित में रचे गए। 'वेद' का अर्थ ज्ञान है, और यह ज्ञान कालातीत सत्य पर आधारित है। सृष्टि की उत्पत्ति पर मतभेद भले हों, पर उद्देश्य सत्य की खोज ही है। सनातन परंपरा के अनुसार आदि शक्ति से विष्णु, ब्रह्मा और शिव का उद्भव हुआ तथा उनके कार्य सृजन, पालन और संहार निर्धारित किए गए। लक्ष्मी, सरस्वती, पार्वती और स्वर्ग-मृत्युलोक-पाताल का प्राकट्य इसी क्रम में माना जाता है। ब्रह्मा द्वारा दक्ष प्रजापति की उत्पत्ति, नक्षत्र कन्याओं, दीति-अदीति और देव-दैत्य संघर्ष का उल्लेख भी इसी परंपरा में आता है। ब्रह्मा ने वशिष्ठ, भृगु, कश्यप आदि प्रजापति ऋषियों को ज्ञान-विज्ञान के प्रसार का दायित्व सौंपा। नारद के प्रसंग और गंगा अवतरण से जुड़े कथानक सनातन संस्कृति की विराटता को दर्शाते हैं। मान्यता है कि वेद विष्णु की भुजाओं से प्रकट होकर मनु-शतरूपा और सप्तऋषियों को सौंपे गए। सतयुग से प्रारंभिक कलियुग तक सम्राटों ने धर्म और न्याय की रक्षा की—विक्रमादित्य व चंद्रगुप्त मौर्य के काल में विदेशी आक्रमण कठिन थे और सिकंदर का पराभव इसका प्रमाण है। सातवीं शताब्दी के बाद शक्तिशाली केंद्र न रहने पर कासिम, गौरी, गजनवी, खिलजी आदि आक्रांताओं ने भारत को कमजोर किया। आंतरिक मतभेदों ने देश को 7वीं से 20वीं सदी तक पराधीन बनाए रखा। स्वतंत्र भारत में कुछ इतिहासकारों ने दासता काल के अत्याचारों को इतिहास से अलग कर सनातनियों के साथ अन्याय किया। मुगल-अंग्रेज काल को ही केंद्र में रखने की भूल ने ऐतिहासिक संतुलन को क्षति पहुँचाई।

स्वतंत्रता के बाद संविधान निर्माण हुआ, पर संस्कृति, शिक्षा और वैज्ञानिक मान्यताओं पर निरंतर आघात होते रहे। जातिवाद, क्षेत्रवाद और सामाजिक भ्रम ने राष्ट्रीय चेतना को कमजोर किया। महर्षि वेदव्यास और गणेश द्वारा वेदों के लिपिबद्ध होने से लेकर विक्रमादित्य, चंद्रगुप्त, अशोक और हर्ष जैसे शासकों की सांस्कृतिक स्थिरता अनुकरणीय रही है। आज वैज्ञानिक व सांस्कृतिक मान्यताओं पर भ्रम का कारण संस्कृति-विरोधी राजनीति और राष्ट्रविरोधी नरमी है। हाल के घटनाक्रमों ने राष्ट्र को पुनः सचेत किया है, परंतु कुछ लोगों द्वारा सनातन संस्कृति को सांप्रदायिक बताने का मिथ्या प्रचार अभी भी जारी है। हिन्दुत्व जीवन-पद्धति है, जबकि कट्टरवाद विस्तारवाद की विचारधारा है। भारत स्वतंत्र हुआ, पर मानसिक दासता से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाया, जिसके कारण राष्ट्रीय एकता बार-बार आहत हुई। राष्ट्रनिष्ठा और सनातन सांस्कृतिक मूल्यों को सर्वोपरि रखना ही भारत को समरस, समान और विकसित राष्ट्र के रूप में आगे ले जा सकता है।

# जनता ने दिया स्पष्ट जनादेशः विकास और अनुशासन की राजनीति पर लगी मुहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** लातेहार नगर पंचायत चुनाव परिणाम पर भाजपा नेता आदर्श रवि राज ने कहा कि लातेहार की जनता ने आज यह स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें विकास, पारदर्शिता और मजबूत नेतृत्व चाहिए। यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि संगठन की सामूहिक शक्ति और जनता के अटूट विश्वास की जीत है। भाजपा समर्थित महेश सिंह को मिला यह जनादेश लातेहार के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। आदर्श रवि राज ने कहा कि इस विजय के पीछे प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू का सशक्त नेतृत्व, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का मार्गदर्शन, मधु कोड़ा का सहयोग, सांसद कालीचरण सिंह का सतत जनसंपर्क, विधायक प्रकाश राम की सक्रियता, जिला अध्यक्ष बंसी यादव का संगठनात्मक कौशल तथा निवर्तमान जिला अध्यक्ष पंकज सिंह का जमीनी नेतृत्व और समन्वय महत्वपूर्ण रहा। इन सभी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में ही कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर यह ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कुछ लोगों ने भ्रम और भ्रामक प्रचार के माध्यम से माहौल प्रभावित करने का प्रयास किया, लेकिन जनता ने तथ्यों और कार्यों के आधार पर निर्णय लिया। अब मतदाता समझदार है, वह केवल वादों से नहीं बल्कि नीयत और परिणाम से प्रभावित होता है।

उन्होंने उन सामाजिक संगठनों और समाज के सम्मानित लोगों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने लिखित रूप से महेश सिंह को समर्थन देकर विकास की राजनीति को मजबूती प्रदान की।

# रेहटा 4 माह से प्यासे ग्रामीण, ककरी परियोजना के 11 आर.ओ. प्लांट पड़े ठप आंदोलन की चेतावनी

### ●प्यासे ग्रामीण, सफेद हाथी बने 11 आर.ओ. प्लांट; ककरी परियोजना प्रबंधन को आंदोलन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शक्तिनगर (सोनभद्र)।** औद्योगिक विकास की चकाचौंध के बीच सोनभद्र के ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं का अकाल पड़ा है। ताज़ा मामला एनसीएल ककरी परियोजना के पुनर्वास ग्राम रेहटा और बासी का है, जहाँ पिछले चार महीनों से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। टेंडर प्रक्रिया में देरी के कारण क्षेत्र के सभी 11 आर.ओ. (ऋह) प्लांट बंद पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। विदित हो कि लगभग 10 वर्ष पूर्व, एनजीटी के कड़े रुख और सीएसआर (छ्रस्क्र) नीति के तहत ककरी परियोजना ने प्रभावित क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का संकल्प लिया था। इसके अंतर्गत ग्राम रेहटा 08 आर.ओ. प्लांट लगाए गए। ग्राम बासी 03 आर.ओ. प्लांट लगाए गए। इन प्लांटों का मुख्य उद्देश्य खदानों से निकलने वाले प्रदूषित जल और फ्लोराइड युक्त पानी के दुष्प्रभावों से ग्रामीणों को बचाना था। लेकिन वर्तमान में प्रबंधन की उदासीनता ने इन आदेशों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। पिछले 4 महीनों से ये सभी प्लांट केवल एक मशीन बनकर रह गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संचालन हेतु टेंडर प्रक्रिया को जानबूझकर लटकाया जा रहा है। आपको बताते चले दुष्प्रभाव ग्रामीण हैंडपंपों का दूषित और लाल पानी पीने को मजबूर हैं। क्षेत्र में चर्म रोग, पेट की बीमारियाँ और फ्लोरोसिस का खतरा बढ़ गया है।मजबूरन ग्रामीणों को दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी ढोना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से ककरी परियोजना प्रबंधक को एक मांग पत्र सौंपा है। पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि टेंडर प्रक्रिया तत्काल पूरी कर आर.ओ. प्लांट चालू नहीं किए गए, तो ग्रामीण सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों का दोटूक कहना है हम अशुद्ध जल पीकर तिल-तिल मरने को तैयार नहीं हैं। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो उग्र आंदोलन होगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी एनसीएल ककरी प्रबंधन की होगी। सोनभद्र जैसे ऊर्जांचल क्षेत्र में, जहाँ बड़ी कंपनियाँ अरबों का मुनाफा कमा रही हैं, वहाँ के निवासियों को पीने के साफ पानी के लिए तरसना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि प्रशासनिक विफलता का प्रतीक भी है। ककरी प्रबंधन को इस जनहित की समस्या पर कुंभकर्णी नींद छोड़कर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए।

# बरही विधायक मनोज यादव सदन में उठाया बरही ट्रॉमा सेंटर को पूर्ण सुविधा से लैस करने का मुद्दा

### ●सड़क दुर्घटना में गोल्डन ऑवर के भीतर समुचित इलाज जरूरी, तभी बचेगी घायलों की जान : विधायक मनोज यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बजट सत्र के दौरान सदन में बरही अनुमंडल अस्पताल परिसर स्थित ट्रॉमा सेंटर की स्थिति को लेकर सरकार से सवाल किया। उन्होंने पूछा कि क्या यह सही है कि हजारीबाग जिला अंतर्गत बरही अनुमंडल अस्पताल परिसर में ट्रॉमा सेंटर भवन का उद्घाटन सितंबर 2019 में हुआ था, लेकिन अब तक उसे पूर्ण चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित नहीं किया गया है। इस पर विभागीय मंत्री ने जवाब देते हुए बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल, बरही में नियमित चिकित्सा पदाधिकारी, उपाधीक्षक सहित कुल चार चिकित्सक कार्यरत हैं। इनमें डॉ. प्रकाश ज्ञानी, डॉ. इन्द्रजीत कुमार, नीलम कंडुलिया (स्त्री रोग विशेषज्ञ) और डॉ. मयंक प्रताप (हड्डी रोग विशेषज्ञ) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त डॉ. विक्रम प्रतिनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।।मंत्री ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत डॉ. पूजा कुमारी (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. मणिकांत गुप्ता (शिशु रोग विशेषज्ञ) और डॉ. रौशन कुमार (सर्जन) अपनी सेवा दे रहे हैं। साथ ही जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) से दो चिकित्सा पदाधिकारी एवं पाराचिकित्सा कर्मियों के माध्यम से भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके बाद विधायक मनोज कुमार यादव ने सदन में यह सवाल उठाया कि क्या यह सही है कि बरही अनुमंडल क्षेत्र से गुजरने वाले एनएच-31 एवं एनएच-33 पर कई दुर्घटना जोन एवं ब्लैक स्पॉट हैं, जिसके कारण सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं और दुर्घटनाओं की प्रबल संभावना बनी रहती है। इस पर मंत्री ने स्वीकारात्मक उत्तर दिया। विधायक ने आगे पूछा कि क्या संसाधनों के अभाव में ट्रॉमा सेंटर में सड़क दुर्घटना के घायलों को केवल प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। इस पर मंत्री ने बताया कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मरीजों को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल-सह-शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग रेफर किया जाता है। अंत में विधायक ने सवाल किया कि यदि उपर्युक्त तथ्यों को सरकार स्वीकार करती है, तो क्या बरही ट्रॉमा सेंटर में समुचित चिकित्सा व्यवस्था बहाल कराने का सरकार का कोई विचार है? यदि हां, तो यह कब तक संभव होगा, और यदि नहीं, तो क्यों? इस पर मंत्री ने उत्तर देते हुए कहा कि उपर्युक्त प्रश्नों में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है। इस सम्बंध में बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बरही अनुमंडल अस्पताल परिसर में बना ट्रॉमा सेंटर क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप अब तक पूरी तरह सुसज्जित नहीं हो पाया है, जो अत्यंत चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि एनएच-31 और एनएच-33 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए बरही में एक पूर्ण रूप से कार्यशील ट्रॉमा सेंटर की सख्त आवश्यकता है। विधायक ने कहा कि वर्तमान स्थिति में गंभीर रूप से घायल मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग सदर अस्पताल या शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया जाता है, जिससे इलाज में देरी होती है और कई बार मरीजों की जान पर बन आती है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के गोल्डन ऑवर में समुचित इलाज मिलना अत्यंत जरूरी होता है, इसलिए बरही ट्रॉमा सेंटर को आधुनिक उपकरणों, विशेषज्ञ डॉक्टरों और पर्याप्त स्वास्थ्यकर्मियों से लैस किया जाना चाहिए। विधायक मनोज यादव ने सरकार से मांग की कि ट्रॉमा सेंटर में आवश्यक संसाधन, आईसीयू सुविधा, सर्जन एवं एनेस्थेटिस्ट की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर ही गंभीर घायलों का समुचित इलाज हो सके। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को आगे भी सदन और सरकार के समक्ष मजबूती से उठाते रहेंगे, ताकि बरही की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी और बेटी-बेटे को भगाकर ले जाने की शिकायत की

**कोंच(जालौन)-** एक मजदूर व्यक्ति ने अपनी पत्नी और साथ में बेटी व बेटे को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की शिकायत करते हुए सीओ से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। मोहल्ला जवाहर नगर कोंच निवासी पीड़ित मजदूर व्यक्ति ने सीओ परमेश्वर प्रसाद को दिए अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि बीती 23 फरवरी को उसकी 33 वर्षीय पत्नि सहित 14 वर्षीय बेटी व 5 वर्षीय बेटे को गांव बसोबई थाना मोंठ जिला झांसी निवासी एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। उसकी पत्नि घर में रखे 2 लाख रुपए व सोने के जेवरात भी साथ ले गई है। इसकी शिकायत उसने कोतवाली पुलिस से की थी लेकिन पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। शिकायतकर्ता मजदूर ने बताया कि अपराधी किस्म का उक्त युवक पहले से ही शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। इससे पहले भी वह कई महिलाओं एवं लड़कियों को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। किसी प्रकार की कोई अनहोनी की आशंका जताते हुए पीड़ित मजदूर ने सीओ से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मामले को लेकर सीओ का कहना है कि कोतवाली पुलिस को जांच कर महिला व दोनों बच्चों को सकुशल बरामद किए जाने के निर्देश दिए गए हैं और पुलिस पूरी तत्परता के साथ इनकी खोज करने में लगी हुई है।

### रामस्वरूप रावत कॉलेज में साइबर क्राइम के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**कोंच(जालौन)-** जरा सी चूक, लापरवाही और अज्ञानता की वजह से साइबर क्राइम से जुड़ी घटनाएं आए दिन देखने सुनने को मिल रहीं हैं। ऐसी छोटी बड़ी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को जागरूक करने में लगा हुआ है। शुक्रवार को नगर में एट रोड पर स्थित पं. रामस्वरूप रावत मेमो. इंटर कॉलेज में छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। दरोगा राजवीर सिंह एवं हेड कांस्टेबल राजन ने उपस्थित छात्र छात्राओं के बीच कहा कि मोबाइल पर आने वाली किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही ओटीपी साझा करें। बैंक अधिकारी बताकर कॉल करने वाले वाले व्यक्ति को खाता संख्या आदि की जानकारी कॉल पर न दें, बल्कि बैंक शाखा जाकर ही संपर्क स्थापित करें। इसके बाद भी यदि ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटना घटित होती है तो घबराएं नहीं, समय रहते हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेंद्र झा, सचिन झा, अशोक शर्मा, प्रमेंद्र उपाध्याय, रामजी पटेल, अमित तिवारी, पुनीत निरंजन, साहब सिंह, प्रमोद कुशवाहा, मोहन पाल, दिनेश पटैरिया, मनीषा, गीता, काजल आदि मौजूद रहे।

### रेप व पॉक्सो के दोषी को 10 साल कठोर कारावास

**कोर्ट ने लगाया 11,500 रुपये का अर्थदंड, नौ वर्ष बाद आया फैसला**

**सुल्तानपुर** – पुलिस की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी को शुक्रवार को 10 साल के कठोर कारावास और 11,500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। इश्तिखार अहमद उर्फ गुड्डू नामक दोषी को आज 27 फरवरी को न्यायालय स्छ्व/स्नङ्कष्ट-2, सुल्तानपुर द्वारा यह सजा दी गई। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कनविक्शन' अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में, अपराधियों के विरुद्ध चल रहे मुकदमों में मॉनिटरिंग सेल ने प्रभावी पैरवी की। इसी अभियान के तहत, पखरौली थाना कोतवाली देहात, सुल्तानपुर निवासी इश्तिखार अहमद उर्फ गुड्डू पुत्र गुलाब नबी पर पंजीकृत रेप, व 3/4 पॉक्सो एक्ट) में यह फैसला आया। यह मामला वादी मुकदमा की तहरीरी सूचना के आधार पर 04 अप्रैल 2017 को दोपहर 2:30 बजे थाना कोतवाली देहात में पंजीकृत किया गया था। शिकायत में आरोप था कि अभियुक्त इश्तिखार अहमद उर्फ गुड्डू ने वादी की नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। तत्कालीन थानाध्यक्ष नंद कुमार तिवारी ने मामले की विवेचना की। विवेचना के दौरान साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र संख्या ए-01 26 जून 2017 को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था।

# सोनभद्र राम भरोसे डोमा का भविष्य! विद्यालय में लटका ताला, शिक्षक नदारद और मिड-डे मील में भी गोलमाल

**●एक शिक्षक के भरोसे तीन कक्षाएं, वह भी नदारद**

**मिड-डे मील में भारी अनियमितता कागजों पर बंट रहा दूध!**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन (सोनभद्र)।** प्रदेश सरकार जहाँ एक ओर बेहतर शिक्षा और सब पढ़ें-सब बढ़ें का नारा बुलंद कर रही है, वहीं सोनभद्र के कोन ब्लॉक अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय डोमा (रगरम) की ज़मीनी हकीकत इसके उलट है। यहाँ शिक्षकों की मनमानी और प्रशासनिक अनदेखी के कारण आदिवासी बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। विद्यालय में ताला लटका होना और शिक्षकों का गायब रहना यहाँ की नियति बन चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस विद्यालय में महज़ एक ही शिक्षक की तैनाती है, जिन पर तीन कक्षाओं के संचालन की जिम्मेदारी है। बच्चों और ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षक कभी-कभी आते हैं और औपचारिकता पूरी कर चले जाते हैं। ज्यादातर समय विद्यालय में ताला लटका रहता है, जिससे पढ़ाई पूरी तरह बाधित है। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के पोषण के साथ भी यहाँ खिलवाड़ हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकारी मेनू के अनुसार बच्चों को भोजन नहीं मिलता। बच्चों को निर्धारित सोमवार के दिन दूध नहीं दिया जाता। अन्य दिनों में भी मीनू के अनुसार पोषण युक्त भोजन का अभाव रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र होने का फायदा उठाकर शिक्षक अपनी ड्यूटी से जी चुराते हैं। आरोप है कि शिक्षक विद्यालय समय में शिक्षण कार्य करने के बजाय सरकारी दफ्तरों और चौक-चौराहों पर घूमते और धौंस दिखाते नज़र आते हैं। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जब शिक्षक विद्यालय ही नहीं आएंगे, तो गरीब और पिछड़े क्षेत्र के बच्चे कैसे आगे बढ़ेंगे? इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) से निष्पक्ष जांच और दोषी शिक्षक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जाएगी। वर्तमान में वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर अन्य विद्यालय के अध्यापक को विद्यालय संचालन के लिए भेजा गया है।खण्ड शिक्षा अधिकारी (BEO), कोन दुर्गम क्षेत्रों के विद्यालयों में शिक्षकों की यह मनमानी शिक्षा विभाग की मॉनिटरिंग प्रणाली पर बड़ा सवाल है। क्या प्रशासन केवल वैकल्पिक व्यवस्था तक सीमित रहेगा या बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले जिम्मेदार पर गाज गिरेगी?

## आठ मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति ने बनाई रणनीति**

**ललितपुर।** जिले में 8 मार्च 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भव्य रूप से मनाने के लिए बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति ने कमर कस ली है। शुक्रवार को समिति कार्यालय पर अध्यक्ष श्रीमती गुलाबबाई सैन की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बैठक में समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सैन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में उन्हें सम्मान दिलाना है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर राजनीति, विज्ञान, कला और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। समिति की सचिव गीता सेन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी शुरुआत सबसे पहले सन 1909 में हुई थी। यह विशेष दिन महिलाओं को समान हक और सम्मान दिलाने के साथ-साथ उनमें जागरूकता पैदा करने के लिए समर्पित है। इस बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रम में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विचार-विमर्श किया गया।

## सोनभद्र रेणुकूट में भीषण सड़क हादसा, एक ही गांव के तीन लोग गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रेणुकूट (सोनभद्र)-** जनपद के रेणुकूट थाना क्षेत्र अंतर्गत कृष्णा मंदिर के समीप एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटित हुई है। इस हादसे में एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेणुकूट के कृष्णा मंदिर के पास यह भीषण एक्सीडेंट उस समय हुआ जब वाहन अनियंत्रित हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर मौजूद राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। घायलों की पहचान निहाई पाथर गांव के निवासियों के रूप में हुई है। दुर्घटना के सटीक कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि भिड़ंत काफी भयानक थी। हादसे का शिकार हुए तीनों व्यक्ति एक ही गांव (निहाई पाथर) के रहने वाले बताए जा रहे हैं। सुखमनिया (महिला), नवरतन, अजय (पुरुष), दुर्घटना की सूचना मिलते ही टीम निशा बबलू सिंह के सदस्य तत्परता दिखाते हुए



तत्काल मौके पर पहुँच गए। मानवता का परिचय देते हुए टीम के सदस्यों ने बिना समय गंवाए तीनों लहूलुहान घायलों को हिंडालको हॉस्पिटल में भर्ती कराया। अस्पताल में तीनों का प्राथमिक उपचार जारी है। टीम के संरक्षक बबलू सिंह ने घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही ईश्वर से उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है और मामले की विस्तृत छानबीन शुरू कर दी है। प्रशासन अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि दुर्घटना किसी अन्य वाहन की टक्कर से हुई या तकनीकी खराबी के कारण। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी घायल शीघ्र स्वस्थ होकर अपने घर लौटें।

# जिलाधिकारी ने की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक, बैंकर्स अधिकारियों को लंबित आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

**●बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लंबित आवेदनों की की गई गहन समीक्षा**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (DLCC) एवं बैंकर्स अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई तथा उनके त्वरित एवं नियमानुसार निस्तारण हेतु अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने बैंकर्स से कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, स्टैंड-अप इंडिया, डीडीयूजीवाई, किसान फसल बीमा, एवं अन्य स्वरोजगार योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों की समयबद्ध जांच एवं निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त होना चाहिए, जिससे कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक लोगों को रोजगार और आर्थिक सहायता मिल सके।बैठक में जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनसुनवाई पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन, और अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों व आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब की स्थिति कतई स्वीकार्य नहीं होगी।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे बैंकर्स के साथ समन्वय बनाते हुए लाभार्थियों को समय से सहायता उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि योजनाओं की प्रभावशीलता तभी सिद्ध होगी जब उनका लाभ वास्तव में पात्र लोगों तक पहुंचे।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में संचालित सभी योजनाओं की मासिक समीक्षा की जाएगी और कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।बैठक में लीड बैंक मैनेजर जिला अग्रणी बैंक अधिकारी श्री विनोद कुमार तिवारी, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, उपनिदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर, जिला उद्योग अधिकारी बाबूराम, जिला उद्यान अधिकारी सुश्री रश्मि शर्मा, डीडीएम नाबार्ड सहित विभिन्न बैंक शाखाओं के अधिकारीगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सावधान! ट्रेनों में सक्रिय है बैग लिफ्टर गिरोह

**●रेलकर्मी समेत दो यात्रियों के कीमती सामान पर हाथ साफ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर रेलवे स्टेशन और इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जीआरपी ललितपुर ने दो दिनों के भीतर चोरी की दो बड़ी घटनाओं की एफआईआर दर्ज की है। शातिर चोरों ने न केवल एक आम यात्री की महंगी एप्पल वॉच पार कर दी, बल्कि रेलवे के ही एक स्टेशन मास्टर की वर्दी और जरूरी सामान से भरा बैग भी चोरी कर लिया।

**पहली घटना-स्टेशन मास्टर की वर्दी और सामान चोरी**

पहली घटना 7 फरवरी, 2026 की है। मध्य प्रदेश के छतरपुर निवासी बाबूराम पटेल पुत्र मथुरा प्रसाद पटेल, जो स्वयं रेलवे में कार्यरत हैं, महामना एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22164) के कोच डी-7 में यात्रा कर रहे थे। ललितपुर स्टेशन से ट्रेन चलने के मात्र 2 मिनट के भीतर वारदात को अंजाम दिया गया। सीट नंबर 104 के ऊपर रैक में रखा उनका ब्राउन रंग का बैग चोरी हो गया। बैग में 2 किलो घी, स्टेशन मास्टर की यूनिफॉर्म, रेलवे टॉर्च और घर व बाइक की चाबियां रखी थीं। जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मामला दर्ज किया है।

**दूसरी घटना- वंदे भारत एक्सप्रेस में एप्पल वॉच गायब**

दूसरी वारदात देश की प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस (22469) में हुई। मुंबई के वडाला निवासी मो. हसरत सैय्यद 31 जनवरी को टीकमगढ़ से निजामुद्दीन की यात्रा कर रहे थे। ललितपुर और झांसी स्टेशन के बीच, जब यात्री वाशरूम गया था। यात्री अपनी एप्पल वॉच वाशरूम में भूल गया था, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने पार कर दिया। इस मामले में जीआरपी ने धारा 305(सी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

**पुलिस जांच जारी**

इन दोनों ही मामलों की जांच उपनिरीक्षक राजेश सिंह को सौंपी गई है। पुलिस स्टेशन के रिकॉर्ड के अनुसार, दोनों ही मामलों में आरोपी फिलहाल अज्ञात हैं। जीआरपी यात्रियों से अपील कर रही है कि यात्रा के दौरान अपने कीमती सामान और बैग का विशेष ध्यान रखें, विशेषकर स्टेशन आने और जाने के समय।

# रमजान माहः पहले जुमा पर मांगी अमन चैन और खुशहाली की दुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** मुकद्दस माह रमजान के पहले जुमे के दिन शुक्रवार को नगर की दर्जन भर से अधिक मस्जिदों/इबादतगाहों में जुमे की नमाज अदा की गई। इस मौके पर नमाज़ियों ने अपने गुनाहों की तौबा करने के साथ मुल्क में अमन-चैन कायम रहने व खुशहाली की दुआ मांगी। इससे पूर्व मस्जिदों के इमामों ने अपनी तकरीर खिताब करते हुए कहा, इस माहे मुबारक का एक-एक लम्हा बहुत कीमती है। लिहाजा हम इसकी क़द्र करें। नमाज, रोजे और तमाम इबादतों में अपना बक्त गुजारें। बुराइयों और गुनाहों से बच कर इस माहे मुबारक का एहतराम करें। पहले जुमे पर सुरक्षात्मक दृष्टि से मस्जिदों के आसपास पुलिस बल मुस्तैद रहा। एसडीएम ज्योति सिंह, सीओ परमेश्वर प्रसाद के निर्देशन में कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह व सभी उप निरीक्षक भ्रमणशील रहे। नगर पालिका द्वारा मस्जिदों के बाहर साफ सफाई कर चूना का छिड़काव कराया गया।



वहीं, दूसरी ओर तंजीम गुलामाने मुस्तफा सोसायटी के सदर हाफिज अताउल्ला खां गौरी ने रमजानुल मुबारक की फजीलत पर रोशनी डालते हुए कहा कि रमजान सब्र का महीना है और सब्र का बदला जन्नत है। एक नेकी करने का सबाब 70 गुना कर दिया जाता है। हुजूर अकरम सल्लल्लाहो अलैहे बसल्लम ने फरमाया है कि अल्लाह पाक का इरशाद है, रोजा खास मेरे लिए है और इसका बदला मैं खुद दूंगा। रोजा दोजख की आग से बचने की ढाल है। अल्लाह पाक से दुआ है कि हम सब को इस माहे मुबारक में नमाज, रोजा, तराबीह सहित तमाम इबादतें, नेक काम करने और इस माहे मुबारक की कद्र करने की तौफीक अता फरमाए।

## बिजली बिल राहत योजना

**पंजीकृत उपभोक्ताओं को शेष धनराशि जमा करने का अंतिम दिन आज**

**ललितपुर।** जिले के ऐसे विद्युत उपभोक्ताओं, जिनके द्वारा माह दिसम्बर, 2025 एवं जनवरी, 2026 में बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत 2 हजार रुपये जमा कर अपना पंजीकरण कराया गया है परन्तु अब तक अपने विद्युत बकाये की धनराशि में दी गयी छूट को प्राप्त करते हुए शेष धनराशि जमा नहीं की गई है, को अधीक्षण अभियन्ता वीरभद्र सत्यार्थी ने सूचित किया है कि वह अपने विद्युत बकाये की अवशेष धनराशि को 28 फरवरी 2026 तक प्रत्येक दशा में विद्युत विभाग के काउण्टर, सीएससी, विद्युत सखी, मीटर रीडरों के माध्यम से जमा करा दें। यदि आपके द्वारा उपरोक्त बकाया धनराशि 28 फरवरी 2026 तक जमा नहीं करायी जाती है, तो आपके विद्युत बिल के सापेक्ष प्रदान की गयी 100 प्रतिशत ब्याज एवं मूलधन में प्रदान की गयी 15प्रतिशत छूट पुनः आपके विद्युत बीजकों में जुड़ जायेगी। जिसकी वसूली भू-राजस्व के माध्यम से की जायेगी। यह भी अवगत कराना है कि 28 फरवरी 2026 को उक्त योजना समाप्त हो रही है। अतएव जिन पात्र उपभोक्ताओं द्वारा अपना पंजीकरण अब तक नहीं कराया है, से अनुरोध है कि आज ही अपना पंजीकरण कराते हुए 100 प्रतिशत बयाज एवं 15 प्रतिशत मूलधन में छूट का लाभ प्राप्त करें।

# ओबरा में सुदृढ़ सड़कों पर फिर बिछी डामर की परत, जनता ने पूछा- यह विकास है या धन का बंदरबांट?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा (सोनभद्र)-** लोकतंत्र की मजबूती जागरूक जनता की आवाज में निहित होती है। यदि समाज में भ्रष्टाचार पनप रहा है और नागरिक मौन हैं, तो उस चुप्पी को भ्रष्टाचार के प्रति 'मौन सहमति' समझा जाता है। सोनभद्र के औद्योगिक नगर ओबरा में इन दिनों बुनियादी ढांचे के नाम पर हो रहे धन के दुरुपयोग को लेकर प्रबुद्ध वर्ग और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। ओबरा की जनता का प्रशासन से सीधा और तीखा सवाल है–जब सड़क पहले से ही अच्छी और चलने लायक थी, तो उसे दोबारा बनाने की जरूरत क्यों पड़ी? स्थानीय लोगों का आरोप है कि जहाँ कई गलियां और संपर्क मार्ग जर्जर होकर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं, वहीं पहले से बनी-बनाई चकाचक सड़कों पर दोबारा बजट खपाना सार्वजनिक धन की खुली बर्बादी है। जहाँ ज़रूरत है वहाँ सड़क नहीं बन रही, और जहाँ सड़क अच्छी है वहाँ सरकारी खजाना लुटाया जा रहा है। यह




संसाधनों का पूरी तरह से गलत वितरण है। चर्चा का एक प्रमुख बिंदु यह भी रहा कि किसी भी दल की सरकार हो, उसकी छवि ज़मीनी स्तर पर काम करने वाले अधिकारियों की कार्यशैली से तय होती है। अधिकारियों द्वारा अपनी फाइलों को भरने और बजट को ठिकाने लगाने की होड़ में सरकार को जनता के बीच बदनामी झेलनी पड़ती है। राजनीतिक दलों और जन प्रतिनिधियों को अक्सर उन गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ता है जो प्रशासनिक लापरवाही के कारण होती हैं। लेख के माध्यम से समाज के हर व्यक्ति से अपील की गई है कि वे भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी सामर्थ्य अनुसार मोर्चा खोलें। यदि आप घर बैठे भी भ्रष्टाचार के खिलाफ हो रहे विरोध को लाइक, कमेंट या शेयर करते हैं, तो आप एक बड़ी जन-जागरूकता का हिस्सा बनते हैं। आपकी एक छोटी सी प्रतिक्रिया भी भ्रष्ट तंत्र की जड़ों को हिलाने और पारदर्शी व्यवस्था बनाने में सहायक हो सकती है। ओबरा के जागरूक नागरिकों ने अब केवल विरोध तक सीमित न रहने का मन बनाया है। उनकी प्रमुख मांगें निम्नलिखित हैं?अनावश्यक सड़क निर्माण की जांच हो कि किसके आदेश पर यह बजट स्वीकृत हुआ। व्यर्थ किए गए सरकारी धन की वसूली संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के वेतन या फंड से की जाए। इस धन का सदुपयोग उन जर्जर सड़कों को बनाने में हो जहाँ से राहगीरों का गुजरना दूभर है। यह केवल एक सड़क का मुद्दा नहीं, बल्कि एक व्यवस्थागत सड़न की ओर इशारा है। यदि आज ओबरा की जनता जागरूक नहीं हुई, तो भ्रष्टाचार की यह जड़ें और गहरी हो जाएंगी। अब समय आ गया है कि जवाबदेही तय की जाए और सरकारी धन को जनता की गाढ़ी कमाई मानकर उसका सम्मान किया जाए।

# मानव ऑर्गेनाइजेशन एवं अभाविप की विंग एसएफडी के बीच एमओयू

**●साथ मिलकर बचाएंगे गौरैया और पर्यावरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत कार्यकारिणी बैठक के अवसर पर एसएफडी कानपुर प्रांत द्वारा मानव ऑर्गेनाइजेशन के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। प्रांत सह प्रमुख एस.एफ.डी डा.राजीव निरंजन एवं प्रांत संयोजक एस.एफ.डी रुद्र रावत ने मानव ऑर्गेनाइजेशन के साथ औपचारिक रूप से एमओयू किया। प्रांत अध्यक्ष डा.ब्रजेश मिश्रा, प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय, प्रांत मंत्री दिनेश यादव, प्रांत सह संगठन मंत्री तरुण बाजपेयी, विभाग प्रमुख डा.दीपक पाठक, विभाग संगठन मंत्री हरिओम जायसवाल सहित कानपुर प्रांत के 21 जिलों से पधारे सैकड़ों शिक्षक कार्यकर्ता एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि यह समझौता पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक सहभागिता तथा युवा-प्रेरित विकास कार्यक्रमों को संगठित रूप से आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जल संरक्षण, वृक्षारोपण, जैव विविधता संवर्धन, स्वच्छता अभियान तथा प्रकृति संरक्षण से जुड़े विविध कार्यक्रम संयुक्त रूप से संचालित किए जाएंगे। मानव ऑर्गेनाइजेशन अध्यक्ष पर्यावरणविद् पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का मूल आधार है। एस.एफ.डी और मानव ऑर्गेनाइजेशन का यह सहयोग युवाओं को प्रकृति संरक्षण के लिए संगठित और जागरूक करेगा। जब विद्यार्थी शक्ति पर्यावरण संरक्षण से जुड़ेगी, तब जल, जंगल, जमीन और जीव-जंतुओं की रक्षा के साथ-साथ मानव कल्याण का लक्ष्य भी सशक्त रूप से प्राप्त होगा। यह पहल भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और संतुलित पर्यावरण निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है। प्रांत संयोजक एस.एफ.डी.रुद्र रावत ने कहा कि मानव ऑर्गेनाइजेशन के साथ किया गया यह समझौता केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक सामाजिक संकल्प है। एस .एफ.डी.का उद्देश्य छात्रशक्ति को विकास और पर्यावरण संरक्षण जैसे राष्ट्रीय विषयों से जोडना है। जल संरक्षण, वृक्षारोपण, जैव विविधता संवर्धन और जनजागरूकता जैसे अभियानों को अब हम और अधिक संगठित तथा व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार राष्ट्र-निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

# तमिलनाडु एक्सप्रेस में छात्रा से छेडख़ानी

**●वेंडर सत्यापन और ट्रेन सुरक्षा पर उठे बड़े सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** चलती ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर कटघरे में है। गाड़ी संख्या 12622 तमिलनाडु एक्सप्रेस में दिल्ली से चेन्नई जा रही 23 वर्षीय छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना सामने आने के बाद रेलवे में वेंडर सत्यापन और ऑनबोर्ड निगरानी की प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**क्या हुआ था ट्रेन के भीतर**

चेन्नई निवासी छात्रा के अनुसार वह 24 दिसंबर को नई दिल्ली से चेन्नई के लिए रवाना हुई थी। पीड़िता ने जीआरपी को दी तहरीर में बताया कि 25 दिसंबर की सुबह करीब 03.30 से 05.30 बजे के बीच, जब ट्रेन झांसी स्टेशन पार कर आगे बढ़ रही थी, उसी दौरान यह घटना हुई। छात्रा का आरोप है कि वह अपनी सीट पर सो रही थी, तभी चाय बेचने वाले की आईआरसीटीसी की नीली वर्दी पहने एक व्यक्ति ने गलत नियत से उसे छुआ। कुछ ही देर बाद एक अन्य वेंडर ने भी उसके साथ अश्लील हरकत की। विरोध करने पर दोनों आरोपी मौके से भाग निकले।

**देर से दर्ज हुई एफआईआर, बढ़े सवाल**

घटना 25 दिसंबर 2025 की बताई जा रही है, जबकि जीआरपी ललितपुर में मुकदमा 26 फरवरी 2026 को दर्ज हुआ। इस लगभग दो महीने की देरी ने शिकायत प्रक्रिया और पुलिस प्रतिक्रिया की खुलासा खामियों को उजागर किया है। जीआरपी ने बीएनएस 2023 की धारा 75 के तहत एफआईआर संख्या 0019 दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक राजेश सिंह को सौंपी है। पीड़िता ने आरोपियों की पहचान करने की बात कही है।

**सिस्टम पर उठे अहम सवाल**

इस घटना ने रेलवे की यात्री सुरक्षा व्यवस्था के कई पहलुओं को चर्चा में ला दिया है, जिनमें ट्रेन में सेवा देने वाले कर्मियों का पुलिस वेरिफिकेशन और पहचान प्रक्रिया कितनी प्रभावी है? लंबी अवधि तक आरोपियों का सक्रिय रहना ऑनबोर्ड सुरक्षा निगरानी पर प्रश्न उठाता है। घटना और एफआईआर के बीच लंबा अंतर पीड़ित सहायता तंत्र की गति पर सवाल खड़ा करता है।

**रेलवे प्रशासन के लिए चेतावनी संकेत**

विशेषज्ञों का मानना है कि यह मामला केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि यात्री सुरक्षा ढांचे की कमजोरी का संकेत है। यदि अधिकृत वर्दी में मौजूद कर्मियों पर ही संदेह हो, तो यात्रियों का भरोसा कमजोर होना स्वाभाविक है। अब नजर इस बात पर है कि जांच एजेंसियां आरोपियों तक कितनी जल्दी पहुंचती हैं और रेलवे प्रशासन वेंडर स्क्रीनिंग तथा ट्रेन सुरक्षा प्रोटोकॉल में क्या ठोस सुधार करता है।

**अपील**

यदि किसी यात्री के साथ ट्रेन में ऐसी कोई घटना हो, तो तत्काल हेल्पलाइन 139 या रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन 182 पर शिकायत दर्ज कराना सबसे प्रभावी पहला कदम माना जाता है।

## पुलिस की कार्रवाई में तीन वारंटी गिरफ्तार

**ललितपुर।** जिले में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस के अनुसार, थाना जखौरा क्षेत्र की टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीनों अभियुक्तों को पकड़कर नियमानुसार कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्तों में बृजेश पुत्र नत्थू अहिरवार एवं नत्थू पुत्र छलौने निवासी ग्राम कुमरौल व सुरेन्द्र पुत्र मुन्ना राजा निवासी टीला शामिल हैं। तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध केस संख्या 396/2022, धारा 363, 366, 120बी, 506 भादवि के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में बिरधा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल कुमार, उपनिरीक्षक जयकरन सचान, आरक्षी मनीष कुमार शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### होली एवं रमजान के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने की पैदल गश्त



**कानपुर।** आगामी होली पर्व एवं रमजान माह के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस उपायुक्त पश्चिम द्वारा थाना रावतपुर क्षेत्र में धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर पैदल गश्त की गई। सुरक्षा व्यवस्था का गहनता से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आज दिनांक 27.02.2026 को पुलिस उपायुक्त पश्चिम, श्री एस. एम. कासिम आबिदी द्वारा थाना रावतपुर क्षेत्रांतर्गत रामलला मंदिर, नूरी मस्जिद एवं विलाल मस्जिद का निरीक्षण किया गया। पुलिस उपायुक्त पश्चिम द्वारा संबंधित स्थलों पर तैनात पुलिस बल की ड्यूटी की जांच की गई तथा क्षेत्र में पैदल गश्त कर आमजन से संवाद स्थापित किया गया। ड्यूटी पर नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता, संवेदनशीलता एवं मुस्तैदी के साथ कर्तव्य निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही, क्षेत्र में लगाए गए पुलिस बल एवं पिकेट ड्यूटी को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त, कल्याणपुर भी उपस्थित रहे।

### फरार वांछित अभियुक्त पर 50 हजार का इनाम घोषित

**प्रतापगढ़।** थाना कुण्डा से वांछित एक फरार अपराधी पर पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज, परिक्षेत्र द्वारा 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।थाना कुण्डा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 28/2026 धारा 140(1), 352, 351(3), 238, 3(5) बीएनएस से संबंधित एक 25,000 रुपए वांछित फरार की पुरस्कार राशि घोषित की गई है। अभियुक्त सत्यम मिश्रा पुत्र दिनेश चन्द्र मिश्रा निवासी ग्राम नई बाजार थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ का निवासी है।उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा तथा नियमानुसार घोषित पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी।

### उद्यम प्रोत्साहन कार्यक्रम में आलोक सिंह ने की शिरकत



**कानपुर।** भारत-अमेरिकी वाणिज्य मंडल (IACC) के तत्वाधान में लैण्डमार्क होटल जनपद कानपुर नगर में आयोजित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन कार्यक्रम में आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए तथा सम्बोधन के माध्यम से उपस्थित उद्योगपतियों एवं गणमान्य अतिथियों को आश्वस्त किया कि सुरक्षित, पारदर्शी एवं निवेश-अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस विभाग की प्राथमिकता है। औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली एवं प्रभावी कानून-व्यवस्था के माध्यम से उद्यमियों को निर्भय एवं सकारात्मक वातावरण प्रदान किया जा रहा है। कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ता ही सशक्त उद्योग और समृद्ध समाज की आधारशिला है। कार्यक्रम में श्री सतीश महाना, माननीय उ0प्र0 विधानसभा अध्यक्ष व अन्य सम्मानित गणमान्य उपस्थित रहे।

### होली का त्योहार नजदीक रंग गुलाल व पिचकारी की दुकानें सजी

**घाटमपुर।** रंगों का त्योहार होली नजदीक होने के साथ ही बाजार सज गए हैं,, कस्बे के प्रमुख बाजारों जैसे पुराना डाकघर रोड, अस्पताल रोड ,स्टेशन रोड,मेन चौराहा एवं कस्बे की गलियों में भी रंग गुलाल व पिचकारी के अलावा, पापड़, चिप्स,की दुकानें लग गई है,, दुकानों में सुबह से शाम तक खरीददारी के लिए उमड़ पड़ी हैं जनता,इस बार, हथौड़ी, तलवार, आर्मी गन,मथानी, बार्डर टैंक,समेत कई तरह की पिचकारियां बिक रही हैं,कई जगहों पर लगने वाली बाजारों में जगह-जगह रंग, गुलाल, पिचकारी, चिप्स, पापड़, आदि दुकानों में अच्छी खासी रौनकता दिखाई दे रही है,, दुकान दार कल्लू मिश्रा ने बताया कि इस बार होली के त्योहार पर मैदा साबूदाना और आलू के बने चिप्स, और पापड़ की डिमांड अधिक है, रंगों वाले पापड़, चिप्स, लोग कम खरीद रहे हैं, गुप्ता जी दुकान दार ने बताया कि ज्यादातर माल बाहर से आ रहा है, पिछले साल की अपेक्षा इस बार दो से तीन रूपए का फायदा प्रत्येक सामान पर हो रहा है, बताया कि इस बार गोल्डन, और सिल्वर रंगों की मांग अधिक हो रही है, जबकि हरे रंग की कम डिमांड हो रही है।

# लूट के अभियुक्तों की पुलिस मुठभेड़ में हुई गिरफ्तारी एवं 10 लाख 73 हजार रुपये की बरामदगी

**●घटना का अनावरण करने वाली टीम को पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा 01 लाख रुपये की धनराशि से पुरुस्कृत करने की घोषणा की गयी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** लूट के एक मुकदमे में कमिश्नरेट पुलिस ने मुठभेड़ में चार अभियुक्त समेत कुल छै अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में प्रारंभिक स्तर पर वादी द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं कराई जा रही थी तथा इसे आपसी झगड़े का मामला बताया जा रहा था। तथापि पुलिस टीम को परिस्थितियों के आधार पर संदेह हुआ। प्राथमिक जानकारी एवं तथ्यों के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ कि लगभग 8,00,000 की लूट की घटना हुई है, जबकि वादी रिपोर्ट दर्ज कराने से कतई इंकार कर रहा था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा संबंधित बैंक से संपर्क कर उस दिन के लेन-देन का विस्तृत विश्लेषण (ट्रांजैक्शन पैटर्न स्टडी) किया गया। जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि संबंधित खाते से उस दिन लगभग 3,20,00,000 की भारी मात्रा में नकद निकासी की गई थी। आगे की पड़ताल में यह तथ्य सामने आया कि उक्त राशि का अधिकांश भाग पहले ही विभिन्न व्यक्तियों में बांट दिया गया था तथा केवल 25,00,000 की नकदी कैरियर द्वारा ले जाई जा रही थी, इस दौरान लूट की घटना कारित की गई।

तकनीकी साक्ष्यों एवं लोकेशन विश्लेषण से कुछ अभियुक्तों की गतिविधियां दिल्ली के जामा मस्जिद क्षेत्र, कश्मीर एवं नेपाल तक पाई गई , जिससे इनके व्यापक मूवमेंट का संकेत मिला। पुलिस टीम की सतत कार्रवाई के परिणामस्वरूप कुल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें से 04 अभियुक्त मुठभेड़ के उपरांत पकड़े गए तथा 02 अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया। इनमें 02 अभियुक्त रेकी करने वाले थे, जो पिछले वर्ष अक्टूबर से इस घटना की योजना बना रहे थे तथा कई



बार रिहर्सल भी कर चुके थे। पूर्व में एक असफल प्रयास के बाद इस बार इन्होंने 25,00,000 की लूट की घटना को अंजाम दिया। पूछताछ में यह तथ्य भी प्रकाश में आया कि मुख्य व्यक्ति महफूज है, जिसके लिए ये अभियुक्त कार्य करते थे। प्रारंभिक जांच में उसके 14 बैंक खातों की जानकारी प्राप्त हुई। एक ही बैंक, आईडीबीआई बैंक, से लगभग सवा दो साल की अवधि में 850,00,00,000 (आठ सौ पचास करोड़ रुपये) का कैश रोल होना पाया गया। आगे की जांच में 12 विभिन्न बैंकों के 68 खातों से लगभग 1,600,00,00,000 (सोलह सौ करोड़ रुपये) की नकद निकासी का तथ्य सामने आया है। इन खातों में फतेहपुर, उन्नाव एवं कानपुर क्षेत्र से भारी मात्रा में धनराशि जमा की गई, जिसके बाद क्रमिक रूप से नकद निकासी की जाती रही।

मामले की गंभीरता को देखते हुए यह भी जांच की जा रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में नकद निकासी का उपयोग किसी अवैध अथवा राष्ट्रविरोधी गतिविधि में तो नहीं किया जा रहा था। अभियुक्तों से अब तक ?10 लाख 73 हजार रुपये की नकदी बरामद की जा चुकी है। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि जिन दो व्यक्तियों के साथ घटना हुई थी, वे इस लूट की साजिश में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं थे, बल्कि कैरियर के रूप में कार्य कर रहे थे। रहमान एवं सुभान नामक अभियुक्त रेकी एवं सूचना संकलन का कार्य कर रहे थे। उक्त प्रकरण में बैंक स्तर पर संभावित लापरवाही, कर चोरी एवं संदिग्ध वित्तीय गतिविधियों के दृष्टिगत आयकर विभाग, जीएसटी विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तथा भारतीय रिजर्व बैंक को भी सूचित किया जाएगा, ताकि वे अपने-अपने स्तर से विस्तृत जांच सुनिश्चित कर सकें। प्रकरण की विवेचना प्रचलित है तथा अन्य संबंधित तथ्यों की गहन जांच की जा रही है।

# राम-केवट संवाद प्रसंग की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** भनवापुर क्षेत्र के कमसार गांव के राम-जानकी मन्दिर पर चल रहे नौ दिवसीय संगीतमयी श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन बृहस्पतिवार रात को श्री धाम अयोध्या से पधारी कथावाचिका देवी ज्योति किशोरी ने प्रभु श्रीराम के वनवास से लेकर केवट संवाद तक का अत्यंत भावपूर्ण एवं मार्मिक वर्णन किया। कथा का श्रवण कर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा पंडाल गूंज उठा। कथावाचिका ने बताया कि जब अयोध्या में महारानी कैकेयी के वरदान के कारण प्रभु श्रीराम को चौदह वर्ष का वनवास मिला, तब उन्होंने बिना किसी विरोध के पिता की आज्ञा को शिरोधार्य किया। राजमहल के सुख-सुविधाओं का त्याग कर श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ वन की ओर प्रस्थान कर गए। इस प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीराम का वनगमन त्याग, मर्यादा और आज्ञापालन की सर्वोच्च मिसाल है। कथा के दौरान जब प्रभु श्रीराम के निषादराज से मिलन और गंगा तट पर केवट प्रसंग का वर्णन हुआ, तो श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई।



कथावाचिका ने बताया कि केवट ने प्रभु के चरण पखारने का आग्रह करते हुए कहा कि जिस प्रकार पत्थर भी आपके चरणस्पर्श से नारी बन गया, वैसे ही मेरी नाव भी कहीं दिव्य रूप न धारण कर ले। इस प्रसंग में छिपी भक्ति और समर्पण की भावना ने सभी को भावुक कर दिया। उन्होंने कहा कि केवट संवाद हमें सिखाता है कि ईश्वर को पाने के लिए निष्कपट प्रेम और श्रद्धा ही पर्याप्त है। प्रभु श्रीराम ने केवट को गले लगाकर यह संदेश दिया कि भगवान के द्वार पर जाति-पाति और ऊंच-नीच का कोई भेद नहीं होता। कथा के अंत में आरती और भजन-कीर्तन के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान आचार्य दुर्गेश शुक्ल,मनीष गुप्ता,विनय तिवारी, सचिन तिवारी, शिवा विश्वकर्मा, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, राजेंद्र यादव आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे ।

# लोक अदालत से शीघ्र, सुलभ व सक्षम न्याय संभव-शाम्भवी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन ऑफ प्लान के तहत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय मढ़रामऊ में किया गया, जिसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी द्वितीय के द्वारा उपस्थित जन समूह को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संचालित कार्यक्रमों को कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। तहसील पट्टी के अंतर्गत तीन लीगल एड क्लीनिक आसपुर देवसरा, पट्टी, बाबा बेलखरनाथ धाम में स्थापित है, जहां पर किसी भी वाद या शिकायत के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए जा सकते हैं। मध्यस्थता से जुड़े मामले के निस्तारण के लिए मध्यस्थता केंद्र स्थापित है, विवाद से पूर्व प्रिलिगेशन की व्यवस्था है, जिसमें व्यक्ति समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण कर सकते हैं, ठीक उसी तरीके से वाद दर्ज होने के बाद राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने वाद का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार






पर कर सकते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी सुशील त्रिपाठी ने बताया कि परिषदीय विद्यालय आधुनिक विद्यालय के रूप में विकसित हो रहे हैं। सुयोग्य अध्यापक, आधुनिक भवन, स्वच्छ वातावरण में बच्चों को उत्तम शिक्षा प्रदान की जा रही है, जहां एक से आठ तक के बच्चों को निःशुल्क अनिवार्य रूप से शिक्षा प्रदान की जा रही है, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर समय निरंतर प्रयास किया जाता है। पैनल अधिवक्ता इंद्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। सुनील कुमार प्रभाकर ने बताया कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जन्म के पूर्व से लेकर मृत्यु के बाद तक की योजनाएं सरकार चला रही है जो सीधे लाभार्थियों को जोड़ती है। राम प्रकाश पांडे पीएलबी ने महिलाओं रोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो सकती हैं। हृदय राम मौर्य एडीओ आर डी द्वारा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुनीन्द्र प्रताप भारती प्रभारी लीगल एड क्लिनिक आसपुर देवसरा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रविंद्र कुमार यादव प्रधानाध्यापक, अशोक यादव ग्राम प्रधान, अखिलेश यादव पीएलवी कुसुम, रवि शीला, पैनल अधिवक्ता बसंतलाल ,मनोज कुमार सोनकर, जेई लघु सिंचाई आनंद भूषण, विशाल त्रिपाठी,सोनू ,सुनील, गोविंद ग्राम विकास अधिकारी, मोतिमनी उपस्थित रहे।

# सामूहिक विवाह समारोह में 207 जोड़ों ने थामा एक - दूजे का हाथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** राप्ती नदी तट स्थित मंगल भवन, नगर पंचायत डुमरियागंज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 207 जोड़ों का विवाह विभिन्न धर्मों की परंपराओं के अनुसार सम्पन्न कराया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून, पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन एवं पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने गणेश प्रतिमा का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, सामूहिक विवाह में 140 हिंदू, 58 बौद्ध एवं 09 मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। हिंदू रीति-रिवाज से पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह कराया गया, मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का निकाह मौलाना द्वारा पढ़ाया गया तथा बौद्ध धर्मावलंबियों का विवाह उनके धार्मिक विधानों के अनुसार सम्पन्न कराया गया।



कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विभिन्न पंक्तियों में प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए थे।

मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के तहत प्रदेश सरकार गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रति जोड़े एक लाख रुपये की सहायता दी जाती है, पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जहां सभी धर्मों के विवाह एक ही मंच पर सम्पन्न हुए। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने बताया कि प्रत्येक वधू के खाते में 60,000 की धनराशि डीबीटी से हस्तांतरित की गई। इसके अतिरिक्त नवदम्पतियों को साड़ी, कपड़े, चांदी की पायल, बिछिया, डिनर सेट, कूकर, ट्रॉली बैग, दीवार घड़ी, कड़ाही, वैनिटी किट, सीलिंग फैन, कूल केज, प्रेस, बिस्तर, कंबल, गद्दा, तकिया, चूड़ी, कंगन, मिठाई एवं सूखे मेवे सहित विभिन्न घरेलू उपयोग की सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार वर्मा, तहसीलदार रविकुमार यादव, नायब तहसीलदार विष्णु प्रसाद सिंह, प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव, खंड विकास अधिकारी कुमार कार्तिकेत मिश्र, अधिशासी अधिकारी सचिन पटेल सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित भारी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# पीएचडी की उपाधि मिली



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत उसका बाज़ार के सुभाष नगर वार्ड के निवासी प्रेम नारायण पांडेय को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय से शिक्षाशास्त्र विषय में विद्यावाचस्पति (पीएचडी) की उपाधि मिली है। स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद पांडेय के पुत्र प्रेम नारायण की इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अपनी इस सफलता पर डॉ. प्रेम नारायण पांडेय ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद, परिजनों के निरंतर स्नेह और अपने मित्रों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि गुरुजनों के उचित मार्गदर्शन के बिना शोध का यह दुर्गम पथ पूर्ण कर पाना संभव नहीं था।

# गरीबों एवं जरूरतमंदों को अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं: विधायक विनय वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के अतरी बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी ) के निकट शुक्रवार को आयोजित चिकित्सा शिविर का मुख्य अतिथि विधायक विनय वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनय वर्मा ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अन्नप्राशन एवं गोदभराई कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया, जिसमें क्षेत्र की माताओं और बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने शिविर में पहुँचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं स्वास्थ्य



मंत्री ब्रजेश पाठक के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। प्रदेश सरकार की पहल से अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ और निःशुल्क उपचार उपलब्ध हो रहा है, जिससे गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रजत कुमार चौरसिया, चिकित्सा अधीक्षक शोहरतगढ़ सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीबीएसई 10 वीं में कंप्यूटर व इंटर में पेंटिंग की परीक्षा संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सेकेंड्री कक्षा 10 और सीनियर सेकेंड्री कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में बोर्ड द्वारा शुक्रवार को कक्षा 10 के लिए कंप्यूटर तथा कक्षा 12 के लिए पेंटिंग के पेपर का आयोजन प्रतापगढ़ के सात परीक्षा केंद्रों न्यू एंजिल्स सी से स्कूल, आत्रेय एकेडमी, संस्कार ग्लोबल स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, डॉल्फिन पब्लिक स्कूल, आइंस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज तथा जेएमजी पब्लिक स्कूल कालाकांकर में हुआ।प्रतापगढ़ के 47 सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के कक्षा 10 वीं के 4252 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे, जिसमें से 4219 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 33 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कक्षा 12 वीं पेंटिंग की परीक्षा में 879 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे, जिसमें से 09 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर तथा न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल बिपिन कुमार सोनी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सीबीएसई के ऑब्जर्वर के देख रेख में सकुशल संपन्न हुई। सीबीएसई द्वारा जारी टाइमटेबल के अनुसार ये परीक्षाएं सुबह 10.30 बजे से शुरू हुई।

न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. शाहिदा ने बताया कि सीबीएसई ने अपनी गाइडलाइन में पहले ही सचेत कर दिया था कि परीक्षार्थी परीक्षा हाल में अपने सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज़ जैसे अपना प्रवेश पत्र स्कूल आईडी कार्ड इत्यादि ले कर जाना सुनिश्चित करें।परीक्षा हाल में कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि न ले जाएं। कक्षा 12वीं की अगली परीक्षा आज शनिवार को रसायन विज्ञान की होगी।

### भीतरगांव ब्लाक मुख्यालय गेट पर कई महीनों से पानी लीकेज



**घाटमपुर।** कानपुर नगर जनपद का खंड विकास कार्यालय के मुख्य गेट पर जल निगम की पाइपलाइन पिछले कई महीनों से क्षतिग्रस्त हैं,, लीकेज के कारण रोजाना सैकड़ों लीटर पानी बह कर गंदी नालियों में जा रहा है,, स्थानीय लोगों का कहना है कि ब्लाक परिसर के ठीक मुहाने पर हों रही पानी की बरबादी की जानकारी अधिकारियों को होने के बावजूद अब तक मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है,,इस तरफ जहां सरकार जल संरक्षण पर जोर दे रही है वहीं ब्लाक मुख्यालय के गेट पर महीनों से हो रहा यह जलभराव विभाग की लापरवाही बयां कर रही है,, इसके साथ ही भीतरगांव में सफ़ाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है,, जिससे भीतरगांव का विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक मंदिर कूड़े और गंदगी की अंबार जूझ रहा है, वहीं कस्बा की गलियों एवं मुख्य बाजार में गंदा पानी फैला हुआ है प्रशासन की अनदेखी से स्थानीय लोगों और पर्यटकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# पूरे बेदुआ में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. दीपक शुक्ला के नेतृत्व में पूरे बेदुआ,कटरा रोड में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी जी उपस्थित रहे। शिविर में डॉ. दीपक शुक्ला (डेंटल), डॉ.अनिल श्रीवास्तव (नेचुरल पैथी), डॉ.संजय पाल (होम्योपैथी) एवं डॉ.अनिल कुमार श्रीवास्तव (योगा थैरेपिस्ट) ,डॉ.अनिल कुमार त्रिपाठी ने मरीजों का जांचोपरांत इलाज किया। शिविर में लगभग दो दर्जन से ज्यादा मरीजों ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। प्रमुख रूप से महक,पवन कुमार श्रीवास्तव, प्रभावती देवी, आशीष कुमार, स्वामीनाथ मौर्य, अनिल त्रिपाठी, हरिकेश पांडे, मोहम्मद अकरम, कृष्ण कुमार, शिवांश विश्वकर्मा, गिरजा शंकर पटेल, जयप्रकाश शर्मा, सुनीता फुलवारी, अंजनी कुमार, दिनेश कुमार प्रजापति, सुभाष, सूरज यादव,रामकली, पुष्पराज वर्मा आदि मरीज उपस्थित रहे।इस शिविर में शुगर, किडनी, घुटनो का दर्द, माइग्रेन, लीवर, कब्ज, थायराइड, बी.पी. जैसी बीमारियों का इलाज किया गया। इसके अलावा महिलाओं से सम्बन्धित बीमारियों का भी इलाज हुआ।अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने कहा कि यह शिविर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए एक वरदान है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रही है।चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. दीपक शुक्ला ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति को अच्छी चिकित्सा मिले। हम आगे भी ऐसे शिविरों का आयोजन करते रहेंगे।डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि एक्यूप्रेशर और एक्यूपंचर उपचार केंद्र की सेवाओं से मरीजों को बेहतर इलाज मिल रहा है।हमारे यहां केंद्र में रेकी, सुपर एडवांस्ड चाइनीज आयुर्वेदिक एक्यूप्रेशर और एक्यूपंचर के माध्यम से लोगों का इलाज किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, प्रेम शंकर द्विवेदी, राहुल सरोज,नूर आलम,देवमणि पाण्डेय उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत से परिवार में कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** जिले के गोल्हौरा थाना क्षेत्र के फजिहतपुर निवासी एक युवक की मुम्बई में मार्ग दुर्घटना में हुई मौत की सूचना मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। युवक पूना में ट्रक चालक था। बताते हैं कि वह शुक्रवार की सुबह ट्रेलर ट्रक एम एच 46 बी यू 7239 लेकर पूना से मुंबई माल लोडिंग के लिए जा रहा था। तड़के लगभग 5 बजे वह खंडाला घाट मुम्बई के समीप पहुंचा ही था कि ट्रक अनियंत्रित होकर पलटते हुए खाई में जा गिरि ।



घटना में उक्त गांव निवासी ट्रक चालक विरेन्द्र कुमार यादव (34) पुत्र रामकुमार यादव की मौत हो गई। ट्रांसपोर्ट कम्पनी से फोन पर उसके जैसे ही सूचना मिली। पूरे परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा। वीरेंद्र की शादी वर्ष 2007 में महराजगंज जनपद के बृजमनगंज थाना क्षेत्र के पंचगांवा में तारा यादव के साथ हुई थी। दोनों से जुड़वा बेटे 11 वर्षीय आर्यन व आयुष तथा बेटी काव्य (6) है। बेटे अभी कक्षा 3 के छात्र हैं। विरेन्द्र की मौत से जहां बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, वहीं पत्नी की मांग सुनी हो गई है। कमाऊ पुत्र खो देने से पिता रामकुमार व माता किसलावती की मानों दुनिया ही उजड़ गई। छोटा भाई सुभाष यादव भी अब अकेला पड़ गया है। बताते चले कि मृतक का मझला भाई विकास वर्ष 2015 में ही एक मार्ग दुर्घटना में दुनिया छोड़ चुका है। अब इस घटना का जो सुन रहा है, स्तभ हो जा रहा है। घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# राजकीय धान क्रय केन्द्रों की समयावधि बढ़ाए जाने को लेकर मोना ने कृषि मंत्री को लिखा पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही को पत्र लिखकर राजकीय धान क्रय केन्द्रों के संचालन की समयावधि बढ़ाये जाने की मांग उठाई है। शुक्रवार को कृषि मंत्री को लिखे पत्र में विधायक मोना ने कहा है कि प्रदेश में राजकीय धान क्रय की प्रक्रिया के तहत धान क्रय केंद्रों पर पिछले पहली नवंबर से 28 फरवरी तक संचालित कराए जाने का आदेश पारित हुआ था। उन्होने विभागीय मंत्री का इस गंभीर मुद्दे पर ध्यानाकर्षण कराते हुए कहा है कि इस समयावधि के पूर्व ही धान क्रय केंद्रों का



संचालन बंद कर दिया गया। उन्होने कहा कि इससे उनके निर्वाचन क्षेत्र रामपुरखास व गृह जनपद प्रतापगढ़ सहित प्रदेश के कई जिलों में अनेक किसानों का धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय नहीं हो सका है। उन्होने कहा कि केन्द्रों के अचानक बीच में ही बंद हो जाने से अनेक किसानों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने कृषि मंत्री से कहा है कि इस मुद्दे पर वह विधानसभा सत्र में सदन के जरिए भी सरकार का ध्यानाकर्षण करा चुकी हैं। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने सरकार से कहा है कि किसानों को आर्थिक नुकसान न हो इसके लिए राजकीय धान क्रय केंद्रों के संचालन की समयावधि में संशोधन करते हुए पुनः इसे यथोचित समय तक बढ़ाया जाना चाहिए। सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने इस प्रकरण की सरकार से गंभीरतापूर्वक जांच कराते हुए प्रकरण सही पाए जाने पर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध समुचित कठोर कराए जाने की भी मांग उठाई है।विधायक मोना के द्वारा कृषि मंत्री को लिखे गये पत्र की जानकारी शुक्रवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जरिए विज्ञप्ति दी है।


# संक्षिप्त खबरें

## दरोगा अजय ने किया था सुसाइड,हत्या के नही मिले सबूत, निर्णायक हुआ नाविकों का बयान



**बस्ती।** बस्ती जिले परूष दरोगा अजय गौड़ की मौत के मामले मे डीआईजी ने बड़ी बात की है। डीआईजी संजीव कुमार त्यागी के इस बयान के बाद सभी तरह की अटकलों पर विराम लग गया है। परिणाम निकलकर आया कि दरोगा ने नदी मे कूदकर सुसाइड किया था। परिजनों द्वारा सुसाइड की अटकलों को शुरू से ही खारिज किये जाने और मामला हाई प्रोफाइल होने के नाते पुलिस साफ तौर पर कुछ भी कहने से परहेज कर रही थी। लेकिन सूत्रों की मानें तो दरोगा के परिजनों द्वारा हत्या के दावों पर पुलिस का बिलकुल यकीन नही था। बार बार पुलिस की जांच सुसाइड पर आकर टिक जा रही थी। डायटम रिपोर्ट और सरयू नदी यानी घटनास्थल के नाविकों के बयान के आधार पर पुलिस अब फाइनल नतीजे पर पहुंची है कि दरोगा अजय गौड़ ने नदी मे कूदकर सुसाइड किया था। जिस तरह से ये मामला हाई प्रोफाइल हो गया था उस तरह देखा जाये तो पुलिस द्वारा केवल ये कहा जाना कि दरोगा ने सुसाइड किया है पर्याप्त नही होगा। इस मामले मे सुसाइड की वजह भी सामने आनी चाहिये। इसी मामले मे क्यों हर सुसाइड की वजह सामने आनी चाहिये। ऐसा एडीजी गोरखपुर जोन का आदेश भी है।

## दो बच्चियों संग दुष्कर्म की कोशिश मामले मे बुजुर्ग हिरासत मे



**बस्ती।** बस्ती जिले केकोतवाली थाना क्षेत्र मे जामडीह के निकट प्राइमरी स्कूल मे पढ़ने जा रही 11 व 8 साल की दो मासूम बच्चियों को गलत नीयत से उठा लिये जाने के मामले मे सनसनीखेज मामले मे कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध केस दर्ज किया है। घटना की जानकारी होने पर बच्चियों के परिजनों ने डायल 112 को काल किया। एक घण्टे बाद दोनो बच्चियां बरामद हुई। बताया गया कि आरोपी के चंगुल से छूटकर बच्चियों ने आपबीती बयां किया। बच्चियों से दुष्कर्म की कोशिश किये जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश मे आया है। घटना के बाद दोनो बच्चियों के परिजन कोतवाली पहुंचे, काफी देर तक गहमा गहमी होती रही। इस मामले मे एक 65 वर्षीय बुजुर्ग को पुलिस ने हिरासत मे लिया है। इसका नाम लक्ष्मीनारायण यादव बताया जा रहा है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी और बच्चियों व परिजनों से भी घटना के बारे मे जानकारी ली गई। आरोपी फैजाबाद से सरकारी नौकरी से सेवावित्त बताया जा रहा है। यह भी जानकारी मिल रही है कि आरोपी को बचाने के लिये कुछ लोग लगातार पुलिस के संपर्क मे हैं। कोतवाल के मो.न. पर बात की गई तो पता चला वे बाहर गये हैं। फोन अटेन्ड करने वाले ने बताया कि आरोपी का नाम और कार्यवाही की उनकों जानकारी नही है। क्षेत्राधिकारी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने कहा कि बच्चियों को सीडब्लूसी के समक्ष पेश किया जा रहा है। स्वास्थ्य परीक्षण और अब तक जांच मे सामने आये तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्यवाही जारी है। एक व्यक्ति को हिरासत मे लेकर पूछताछ जारी है।

# एसरप्पोर ने लॉन्च किए 7 नए स्प्लिट इन्वर्टर एसी, 7-इन-1 कन्चुर्टिबल तकनीक और 'आइस ब्लास्ट्' मोड के साथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली:** टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 50 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले एसर ग्रुप की कंपनी, एसरप्योर इंडिया ने राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अपनी लेटेस्ट् 'एसरप्पोर चिल नियो' स्प्लिट इन्वर्टर एसी सीरीज लॉन्च करने की घोषणा की। पिछले पांच दशकों से एसर अपनी इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, विश्वसनीयता और अत्याधुनिक नवाचार के लिए वैश्विक स्तर पर जाना जाता रहा है। इसी भरोसे और विरासत को आगे बढ़ाते हुए, एसरप्योर अब अपने विस्मृत होते 'कंज्यूमर अप्लायंसेज' पोर्टफोलियो के जरिए भारतीय घरों में शानदार परफॉर्मेंस और स्मार्ट डिजाइन का अनुभव पेश किया।

**नई सीरीज में कुल सात मॉडल शामिल हैं:**

1 टन 3 स्टार, 1 टन 5 स्टार
1.5 टन 3 स्टार (4800W),
1.5 टन 3 स्टार (5100W),
1.5 टन 5 स्टार,2.0 टन 3 स्ट्रार
2.0 टन 5 स्टार भीषण गर्मी में भी बेजोड़ कूलिंग नियो सीरीज को खास तौर पर इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह अत्यधिक तापमान में भी प्रभावी कूलिंग दे सके। यह खूबी इसे भारतीय गर्मियों की तपिश के लिए सबसे उपयुक्त बनाती है। इन एसी में 100% कॉपर कंडेंसर और इवैपोरेटर कॉइल का उपयोग किया गया है, जो न केवल बेहतर हीट ट्रांसफर सुनिश्चित करते हैं बल्कि लंबे समय तक टिकाऊ भी रहते हैं।

नियो सीरीज के नए मॉडल 2026 स्टार रेटिंग के कड़े मानकों के अनुरूप तैयार किए गए हैं। ये मॉडल पिछले स्टार-रेटेड मॉडल्स की तुलना में कहीं अधिक ऊर्जा दक्ष हैं।

लॉन्च के अवसर पर एसर इंडिया के चीफ बिजनेस ऑफिसर, सुधीर गोयल ने कहा, 'हमारी नई एसरप्पोर स्प्लिट इन्वर्टर एसी रेंज का लॉन्च भारत में एक मजबूत और व्यापक होम टेक्नोलॉजी इकोसिस्ट्म बनाने की दिशा में हमारा एक और बड़ा कदम है। एसर की पांच दशकों की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और भरोसेमंद नवाचार की विरासत के साथ, हम भारतीय उपभोक्ताओं की खास जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए उपकरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नियो सीरीज के जरिए हम दमदार कूलिंग, स्मार्ट बिजली प्रबंधन और '7-इन-1 कन्वर्टिबल' व 'आइस ब्लास्ट्' मोड जैसे यूजर फ्रेंडली फीचर्स को एक साथ ला रहे हैं। एसरप्पोर इंडिया के डायरेक्टर, वासुदेव ने बताया, 'नियो रेंज को खास तौर पर भारतीय मौसम और यहाँ की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। 58एष्ट तक की हैवी ड्यूटी कूलिंग से लेकर 'सेल्फ-क्लीन' तकनीक और एडवांस डीओसी सेंसर तक, इसके हर फीचर को भरोसेमंद प्रदर्शन और बिजली की बचत के लिए इंजीनियर किया गया है।इन सात नए मॉडल्स के साथ एसरप्पोर इन्वर्टर एसी सेगमेंट में अपनी पकड़ और मजबूत कर रहा है। कंपनी का उद्देश्य भारतीय ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुसार स्मार्ट और ऊर्जा-कुशल कूलिंग समाधान उपलब्ध कराना है।एसरप्पोर चिल नियो स्प्लिट इन्वर्टर एसी रेंज की शुरुआती कीमत 29,990 रूपए रखी गई है।, चुनिंदा मॉडल के लिए।

## देश को राजनीतिक आजादी तो मिल गई लेकिन सामाजिक और आर्थिक आजादी भी अधूरी:-राकेश राठौर

**बिसवां सीतापुर** देश को राजनीतिक आजादी तो मिल गई लेकिन सामाजिक और आर्थिक आजादी अभी अधूरी है ।उक्त विचार शुक्रवार को बिसवां के लालपुर मे आयोजित संविधान बचाओ संवाद मे सांसद राकेश राठौर ने व्यक्त किये , उन्होने कहा देश मे सामाजिक और आर्थिक आजादी जाति जनगणना के द्वारा ही संभव है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष [चिकित्सक प्रकोष्ठ] डाक्टर आर पी बर्मा ने कहा बिसवां विधान सभा क्षेत्र के हर जिला पंचायत क्षेत्र मे संविधान बचाओ संवाद का आयोजन किया जायेगा, उन्होने कहा संविधान गांव गांव लागू होगा तो गांवो को सामाजिक और आर्थिक आजादी मिलेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक और जागरूक नागरिक मंच की जिलाध्यक्ष रोशनी गुप्त ने कहा संविधान से ही महिलाओ को सामाजिक और आर्थिक आजादी मिलेगी इसलिए संविधान की रक्षा के लिए महिलाओ को आगे आना होगा। कार्यक्रम मे रागिनी बर्मा, विनीता राजवंशी, मोहनी राजवंशी, विकास राजवंशी, माया, राधा, नन्दकिशोर राजवंशी, विशंभर दयाल पासी, रमेश चंद्र बघेल आदि ने भी संविधान बचाओ संवाद सम्मेलन मे बात रखी। कार्यक्रम का संचालन समीर गुप्त ने किया। कार्यक्रम मे सैकड़ो महिलाओ और पुरूषो ने हिस्सा लिया। भारी संख्या मे पुलिस बल की मौजूदगी रही।

# पुलिस की वर्दी पहनकर व्यापारी से ठगी

● एसएचओ के नाम पर 50 हजार रुपये ठगे, जांच शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मिल्कीपुर,अयोध्या।** जिले के कुमारगंज थाना क्षेत्र में एक सरसों व्यापारी से 50 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। जहां एक व्यक्ति ने पुलिस की वर्दी पहनकर इस वारदात को अंजाम दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत कुमारगंज के बबां रोड निवासी सरसों व्यापारी अनुरुद्ध पुत्र रामचंद्र ने थाना प्रभारी संतोष कुमार को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीते बृहस्पतिवार की शाम एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में उनकी दुकान पर बाइक से आया। आरोपी ने खुद को 'बड़े साहब' (एसएचओ) का आदमी बताया और कहा कि एसएचओ 9.50 क्विंटल सरसों बेचना चाहते हैं। आरोपी ने व्यापारी से 50 हजार रुपये नकद लिए और उसे सरसों लोड करने के लिए साथ चलने को कहा। उसने आश्वासन दिया कि तौल के बाद हिसाब हो जाएगा।

व्यापारी अनुरुद्ध अपना बैटरी ई-रिक्शा लेकर आरोपी के साथ चला गया। आरोपी व्यापारी को एक कमरे के पास ले गया और चाबी लाने का बहाना बनाकर वहां से चला गया। काफी समय बीत जाने के बाद जब वह वापस नहीं आया, तो व्यापारी ने प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार से सरसों के बारे में जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक ने उन्हें बताया कि उनके साथ ठगी हुई है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने तत्काल पुलिस बल को आरोपी की तलाश में भेजा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि उसने आरोपी पर विश्वास करके पैसे दिए थे, जो उसने दो-तीन दुकानदारों से मांगकर जुटाए थे। यह घटना बृहस्पतिवार शाम करीब 4:30 बजे हुई थी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया जाएगा। आरोपी की पहचान के लिए थाने और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आजमगढ़ में बृहद रोजगार मेला का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**आजमगढ़।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़, राजकीय आई0 टी0 आई0 एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 27.02.2026 को वृहद रोजगार मेले का आयोजन डी0ए0वी पी0जी0 कालेज के प्रांगण में किया गया। वृहद रोजगार मेले में एल0 एण्ड टी0, महादेव हनुमन्त विजय प्लेसमेन्ट सर्विस, विजन इण्डिया रमाया हेल्थ केयर, पेरीग्रीन, एन0एस0डी0सी, डिक्शन टेक्नोलाजी, सुब्रोश इण्डिया, कृष्णा मारूति, शिव शक्ति बायो टेक्नालाजी, आदि 53 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया जिसमे रिक्तियों की कुल संख्या 6000 के सापेक्ष लगभग 90000 से अधिक बेरोजगार युवकों ने प्रतिभाग किया। उपरोक्त कम्पनियों द्वारा 3000-बेरोजगार आवेदको का अपने तय मापदण्ड एवं शर्तो के अनुसार चयन किया गया।

रोजगार मेला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदय श्री रविन्द्र कुमार तथा विशिष्ट अतिथि प्रो0 संजीव कुमार, कुलपति महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय द्वारा दीप प्रज्जवलन तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक (सेवा0) प्रयागराज परिक्षेत्र श्री रविशेखर आनन्द, सहायक निदेशक सेवायोजन राममूर्ति, सहायक सेवयोजन अधिकारी मऊ श्री आशुतोष प्रसाद, अपर सांख्यकी अधिकारी श्री एम0आर0प्रजापति, प्रबन्धक डी0ए0वी0 पी0जी0 कालेज एडवोकेट श्री आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, प्राचार्य डी0ए0वी महाविद्यालय प्रो0 प्रेमचन्द यादव, प्रो0 अनिल श्रीवास्तव, प्रो0सोम्यसेन, प्रो0 पंकज, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़, जिला सेवायोजन कार्यालय बलिया, मऊ एवं राजकीय आई0टी0आई0 आजमगढ़, कौशल विकास, एवं ए0वी0 पी0जी0 कालेज आजमगढ़ के समस्त स्टाफ द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

# नोएडा में ट्रांसफार्मर फटने से दो लोग झुलसे, एक गंभीर



**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-18 के मार्केट में शुक्रवार दोपहर ट्रांसफार्मर फटने से दो लोग झुलस गए। एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल व्यक्तियों को इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल ले जाया गया।

झुलसे लोगों की पहचान, विजय कुमार पुत्र श्री संतोष कुमार निवासी गली नंबर 3 सेक्टर 44 नोएडा और हर्ष पुत्र रविकांत निवासी अशोक नगर दिल्ली के रुप में हुई।

# बुढ़ार में आध्यात्मिक चेतना का महासंगम 'भावनाओं को साधो, जीवन स्वयं प्रकाश बन जाएगा'- मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
बुढार दिनेश चौधरी की रिपोर्ट




**शहडोल धनपुरी।** नगर में चल रहे भव्य पंचकल्याणक महोत्सव के बीच विद्यासागर स्कूल में आयोजित पत्रकार वार्ता उस समय आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठी, जब प्रखर जैन संत मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज ने जीवन के गूढ़ सत्य को अत्यंत सरल शब्दों में प्रस्तुत किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा–'जीवन केवल शरीर और बुद्धि से संचालित नहीं होता, हमारे अस्तित्व की सबसे गहरी और सबसे शक्तिशाली धारा भावना है। भावनाएं ही जीवन की दिशा और दशा तय करती हैं। यदि ये विकृत हो जाएं तो जीवन अंधकार में चला जाता है, और यदि निर्मल हो जाएं तो वही जीवन आलोकित हो उठता है। '

**तकनीकी युग में आंतरिक रिक्तता**

मुनि श्री ने वर्तमान समय की विडंबना पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज मनुष्य साधनों में समृद्ध है, पर संतोष में निर्धन होता जा रहा है। आधुनिक तकनीक, संसाधन और सुविधाएं होने के बावजूद व्यक्ति तनाव, अकेलेपन और मानसिक अशांति से ग्रस्त है। उन्होंने स्पष्ट कहा– 'हमने बाहरी साधनों को तो साथ ले लिया, पर अपनी भावनाओं को साधने की कला खो दी। '

**पंचकल्याणक: केवल अनुष्ठान नहीं, आत्मजागरण का अभियान**

मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने बताया कि पंचकल्याणक महोत्सव मात्र धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि का महापर्व है। इसका मूल उद्देश्य व्यक्ति के अंतर्मन को परिष्कृत करना और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। उन्होंने कहा कि भावना एक अदृश्य शक्ति है, जो हमारे विचार, निर्णय और आचरण को दिशा देती है। जब भावना पवित्र होती है, तब जीवन स्वयं एक प्रेरणा बन जाता है।

पत्रकारों से आत्मीय संवाद, पुस्तक भेंट की और अपनी आशीर्वाद दिए। पत्रकारों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए मुनि श्री ने जीवन के व्यावहारिक पक्षों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्होंने अपनी प्रेरक कृति 'जीवन जीवन की एबीसीडी' पत्रकारों को भेंट की, जिसमें जीवन के मूल सूत्रों को सरल, सारगर्भित और व्यवहारिक शैली में प्रस्तुत किया गया है।

कार्यक्रम में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि–कैलाश लालवानी, अजय नामदेव, राजू अग्रवाल, मुरलीधर त्रिपाठी, मोहन नामदेव, गंगाधर चौधरी, दिनेश चौधरी, ब्रिजेश शर्मा विजय तिवारी जीवन यादव सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। बुढ़ार की पावन धरती पर चल रहा यह पंचकल्याणक महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बन रहा है, बल्कि समाज को आत्मचिंतन, संयम और भावनात्मक शुद्धता का सशक्त संदेश भी दे रहा है।

# भाषा सामाजिक सशक्तिकरण की प्रक्रिया एवं माध्यम है- प्रो. सलूजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
प्रदीप यादव



**दिल्ली** विश्वविद्यालय के शहीद भगत सिंह सांध्य महाविद्यालय तथा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की भारतीय भाषा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय भाषा परिवार : एकत्व का प्रारूप' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर देशभर के शिक्षाविद, विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं भाषा विशेषज्ञ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता के रूप में समकृत प्रमोशन फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. चाँद किरण सलूजा उपस्थित रहे। अपने बीज वक्तव्य में उन्होंने कहा कि भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के बौद्धिक एवं सांस्कृतिक निर्माण का आधार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शब्द नहीं, बल्कि वाक्य अर्थ का निर्माण करता है। प्रो. सलूजा ने संप्रेषण की सूक्ष्मताओं तथा दैनिक जीवन में भाषा के उपेक्षित आयामों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय भाषाओं को दिए गए महत्व को और अधिक सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। संस्कृत भाषा पर उनकी गहन पकड़ ने श्रोताओं को भाषायी चेतना के व्यापक आयामों से परिचित कराया। भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष चामु कृष्ण शास्त्री ने भाषायी विविधता एवं राष्ट्रीय एकता के समन्वय को भारत की सांस्कृतिक शक्ति बताते हुए सामाजिक सौहार्द एवं भ्रातृत्व की भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार अत्री ने अपने स्वागतीय उद्बोधन में भारतीय संविधान की अष्टम अनुसूची के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भारतीय भाषाओं के संरक्षण एवं संवर्धन का संवैधानिक आधार प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि भाषाओं का उपयोग समाज को विभाजित करने के राजनीतिक साधन के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। संगोष्ठी के सह-संयोजक डॉ. प्रशांत उपाध्याय ने भाषाओं को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताते हुए राष्ट्रीय एकात्मता को सुदृढ़ करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उद्घाटन सत्र का समापन संगोष्ठी के संयोजक प्रो. वी. एस. नेगी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय भाषाओं की एकात्मता, सांस्कृतिक समृद्धि तथा भाषायी सशक्तिकरण के क्षेत्र में सार्थक संवाद को निरंतर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

# धेमाजी में मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री डॉ हीमंता बिस्वा शर्मा ने नवनिर्मित जिला आयुक्त कार्यालय का किया उद्धाटन, मिशन वसुंधरा 3.0 के तहत भूमि पट्टा वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**असम धेमाजी।** असम के मुख्यमंत्री हिमांता विश्व शर्मा ने आज धेमाजी जिले में दो कार्यकमों में भाग लिया मुख्यमंत्री ने धेमाजी जिले सदर में 35 करोड़ के लगत से निर्मित जिला आयुक्त कार्यालय का शुभ उद्धाटन कर जिले में राजश विभाग द्वारा जिले मे भूमि पट्टा वितरण अनुष्ठान में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा असम भूमि के समस्या बड़ी जटिल समस्या थे पहाड़ के भूमि को जलाशय के भूमि पर दर्ज किया हुआ था। जब हमारा सरकार आया 2021 में हम पहे मिशन वसुन्धरा 1 के जरिए 30 हजार परिवारों को भूमि का पट्टा प्रधान किया। मिशन वसुंधरा 2.0 में 10 लाख परिवारों ने आवेदन किया। आज असम के लिए एक 1लाख 5 हजार लोगों को आज भूमि पट्टा दिया जाएगा जिसमें धेमाजी जिले की 4050 परिवारों को भूमि का पट्टा दिया जाएगा। आज एक ऐतिहासिक दिन हे आज इस कार्यक्रम को असम के 98 चुनावी सत्रों के लोगों ने देख रही है। आज वसुन्धरा 3.0 के जरिए असम में 160372 आवेदन मिला था जिसमें आज 2213 क्लब,म्यूजिक स्कूल 13637 मंदिर, नामघर, स्कूल के भूमि के पट्टा दिया गया। नॉन कैजेस्टेड 903 गांव में 769 गांव को सर्वे कर पट्टा देने का व्यवस्था करने की भी बात की है। मुख्यमंत्री ने असम में बांग्लादेशी मुसलमान लोगों को छोड़कर सभी को पट्टा देने की बात की उन्होंने इए भी कहा कि हमने 1.5 लाख बीघा जमीन असम बेदखल से मुक्त किया और आनेवाले दिनों में 5 लाख बीघा जमीन बेदखल मुख करने का इरादा हैं।

आज के अनुष्ठान में राज्य सरकार के रेवेन्यू मंत्री केशव महंत, मंत्री डॉ रणुज पेगू, सांसद प्रधान बरुआ, विधायक भुवन पेगू, चक्रधर गोगोई, बोलिन चेतिया, प्रशांत फूकन , मानव डेका सहित सभा में 20 हजारों से अधिक लोगों ने भाग लिया।

## श्रीभूमि जिले के दूल्लभछड़ा में वर्चुअल माध्यम से एसबीआई की नई शाखा का उद्धाटन सांसद कृपनाथ मालाह और बैंक प्रबंधक द्वारा किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**श्रीभूमि असम:**असम के State Bank of India (SBI) की नई शाखाओं के उद्घाटन समारोह गुवाहाटी सर्कल से चेयरमैन, MD, चीफ जनरल मैनेजर सहित GM की उपस्थिति में विभिन्न जिलों में लाइव वर्चुअल माध्यम से संपन्न किया गया। इसी क्रम में श्रीभूमि जिले के दूल्लभछड़ा में SBI की नई शाखा का उद्घाटन भी वर्चुअल माध्यम से किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्रीभूमि जिले के लोकप्रिय सांसद कृपानाथ माल्लाह और दूल्लभछड़ा शाखा के प्रबंधक हितेश देवबर्मा सहित विशिष्ट व्यक्ति उपस्थित होकर वर्चुअल माध्यम से शाखा का औपचारिक उद्घाटन किया। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी स्थानीय वरिष्ठ व्यक्ति उपस्थित थे।

उद्घाटन भाषण में सांसद कृपानाथ मालाह ने कहा कि इस पहल से क्षेत्र के लोगों की बैंकिंग सेवाएं और अधिक मजबूत होंगी और सामान्य ग्राहकों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करना संभव होगा। उन्होंने उल्लेख किया कि पूर्व में विशेष रूप से वृद्ध नागरिकों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता था। नई शाखा चालू होने से क्षेत्र के कई लोगों की रोजमर्रा की बैंकिंग समस्याओं का उचित समाधान होगा, ऐसा उन्होंने आशावाद व्यक्त किया। बैंक प्राधिकरण ने ग्राहकों को आधुनिक और सुरक्षित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बैंक शाखा के कर्मचारी और स्थानीय प्रमुख व्यक्तित्व उपस्थित थे।

## शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह प्रकरण में निकलेगा मौन जुलूस: देवेंद्र

**गोरखपुर।** गोरखपुर-फैजाबाद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के सदस्य विधान परिषद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने दिवंगत शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह को न्याय दिलाने की मांग को लेकर मौन जुलूस निकाला जायेगा। जारी सूचना के अनुसार, जुलूस सायं 5 बजे कुशीनगर में इंदिरा तिराहा गोलघर से प्रारंभ होकर शास्त्री चौक होते हुए भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थल तक जाएगा। वहां माल्यार्पण के पश्चात शासन को ज्ञापन सौंपकर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। एमएलसी ने कहा है कि यह न्याय यात्रा कृष्ण मोहन सिंह की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवरिया एवं अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आयोजित की जा रही है। उन्होंने सहयोगियों, समर्थकों एवं अन्याय के खिलाफ संघर्ष में विश्वास रखने वाले नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# खेतों की रखवाली कर रहे युवक पर सियार का हमला, युवक गंभीर घायल आंख में गहरी चोट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के थाना संदना क्षेत्र के रालामऊ गांव में शुक्रवार सुबह तड़के एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां खेतों की निगरानी करने निकले एक युवक पर सियार ने अचानक हमला कर दिया। हमले में युवक के चेहरे और शरीर पर गंभीर चोटें आई, जिससे उसकी एक आंख बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है जानकारी के अनुसार रालामऊ गांव निवासी सीताराम तड़के सुबह खेतों की रखवाली के दौरान खेत की ओर गया था। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे सियार ने पीछे से अचानक उस पर हमला कर दिया। सियार ने युवक के चेहरे को निशाना बनाते हुए उसे नोच डाला, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया युवक की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद सियार खेतों की ओर भाग गया। ग्रामीणों की मदद से घायल सीताराम को तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में युवक का इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार आंख में गहरी चोट होने के कारण दृष्टि प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। घायल युवक सीताराम ने बताया कि हमला इतना अचानक था कि उसे संभलने का मौका भी नहीं मिला उसने कहा कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से सियारों की गतिविधियां बढ़ गई हैं, जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने तथा सियारों को पकड़ने की मांग की है। सूचना मिलने पर थाना संदना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है पुलिस ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। वहीं, वन विभाग को भी घटना से अवगत करा दिया गया है!!